www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

19 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 149







### चुनाव आयोग ने छह राज्यों के गृह सचिव हटाये

# झारखंड राज्य के गृह सचिव भी हटे

- झारखंड सरकार जल्द नियुक्त करेगी नया गृह सचिव
- पश्चिम बंगाल के डीजीपी को भी हटाया
- बीएमसी कमिश्नर और मिजोरम के एक आइएएस को हटाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की घोषणा के दो दिन बाद सोमवार को पश्चिम बंगाल के डीजीपी समेत सात राज्यों के गृह सचिव को हटा दिया। इन गृह सचिवों में झारखंड, गुजरात, उत्तरप्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के अधिकारी शामिल हैं।

झारखंड में गृह सचिव के पद पर 2008 बैच के आइएएस अरवा राजकमल थे। इसके अलावा आयोग ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) कमिश्नर और मिजोरम के एक आइएएस अधिकारी को भी हटाने को कहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की सोमवार दोपहर में बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। जिन अधिकारियों को हटाया गया है, वे संबंधित राज्यों में मुख्यमंत्री कार्यालय में दोहरे प्रभार थे।



### कई पदों पर हैं आइएएस अरवा राजकमल

झारखंड में आइएएस अरवा राजकमल मुख्यमंत्री के सचिव के अलावा गृह विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त प्रभार पर थे। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद सोमवार शाम राज्य के कार्मिक विभाग ने अरवा राजकमल को गृह सचिव के पद से मुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी। वह गृह सचिव के अलावा अन्य पदों पर बने रहेंगे। विभाग द्वारा नये गृह सचिव बनाने संबंधित अधिसूचना जल्द जारी किये जाने की उम्मीद है।

### बिहार में एनडीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग

# भाजपा-17, जदयू-16, चिराग-पांच मांझी-कुशवाहा को एक-एक सीट

- पशुपति पारस की पार्टी को एक भी सीट नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** दिल्ली में सोमवार को बिहार एनडीए में शामिल घटक दलों के बीच शीट शेयरिंग की घोषणा हो गयी है। बिहार में 40 लोकसभा सीटें हैं, जहां सात चरणों में चुनाव होंगे। भाजपा 17 और जदयू 16 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। वहीं, चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (आर) को पांच, जीतन राम मांझी की पार्टी हम और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम को एक-एक सीट मिली है। दिल्ली में भाजपा दफ्तर में एक संवाददाता सम्मेलन में एनडीए की सीट शेयरिंग की घोषणा की गयी। संवाददाता सम्मेलन में बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी मौजूद थे।

घटक दलों के नेताओं ने कहा कि इस बार नवादा सीट भाजपा ने खुद अपने पास रखी है, पहले यह सीट लोजपा के पास थी। वहीं, शिवहर भाजपा के पास थी, इसे इस बार जदयू को दिया गया है। गया और काराकाट सीट जदयू से लेकर मांझी की पार्टी हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को दी गयी है। सबसे ज्यादा चौंकानेवाली बात यह है कि चिराग के चाचा पशुपति पारस की पार्टी रालोजपा को एक भी सीट नहीं दी गयी है। उनकी पार्टी का कोई भी नेता संवाददाता सम्मेलन में मौजूद नहीं था।

**भाजपा इन सीटों पर लड़ेगी:** औरंगाबाद, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सारण, उजियारपुर, बेगूसराय, नवादा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर और सासाराम।

**जदयू यहां से लड़ेगी:** वाल्मीकि नगर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, गोपालगंज, सीवान, भागलपुर, बांका, मुंगेर, नालंदा, जहानाबाद और शिवहर।

**लोजपा (आर) को ये सीटें मिलीं:** हाजीपुर, वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया और जमुई।



## न्यूज रील्स

### एसबीआइ 21 मार्च तक सारी जानकारी दे : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एसबीआइ से कहा कि वह इलेक्टोरल बांड से जुड़ी हर जानकारी 21 मार्च तक दे। कोर्ट ने उन यूनीक बांड नंबर्स के खुलासे का भी आदेश दिया, जिनके जरिए बांड खरीदने वाले और फंड पाने वाली राजनीतिक पार्टी का लिंक पता चलता है। साथ ही एसबीआइ के चेयरमैन से कहा कि वह एक एफिडेविट भी दाखिल करें कि उन्होंने सारी जानकारी दे दी है। सीजेआइ चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि एसबीआइ जानकारियों का खुलासा करते वक्त सिलेक्टिव नहीं हो सकता। इसके लिए आप हमारे आदेश का इंतजार न करें।

### पूर्व मंत्री आजम खान को सात साल कैद

रामपुर। उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को एमपी/एमएलए कोर्ट ने सोमवार को रामपुर के चर्चित डूंगरपुर मामले में सात साल जेल की सजा सुनायी। तीन अन्य दोषियों को भी सात साल की सजा सुनायी गयी। सभी पर पांच लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है।

### हिमाचल के छह बागी विधायकों को राहत नहीं

शिमला। सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के 6 बागी कांग्रेस विधायकों की अयोग्यता पर रोक लगाने की मांग खारिज कर दी है। साथ ही 6 मई तक हिमाचल प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव पर भी रोक लगा दी है। जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने हिमाचल विधानसभा स्पीकर और सेक्रेटरी को नोटिस देकर 14 दिन में जवाब मांगा है।

### सत्येंद्र जैन फिर तिहाड़ पहुंचे, 10 माह बेल पर थे

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन ने सोमवार को तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया। सत्येंद्र जैन की रेगुलर जमानत याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने जैन की जमानत याचिका खारिज करते हुए तुरंत सरेंडर करने का आदेश दिया। गौरतलब है कि इडी ने सत्येंद्र जैन को दिल्ली शराब नीति घोटाले में मनी लांड्रिंग के मामले में 30 मई 2022 को गिरफ्तार किया था।

## जेपीएससी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के आरोप पर राजनीतिक बवंडर

# राज्य सरकार प्रश्न पत्र लीक का भंडाफोड़ करे: बंधु तिर्की

- आपराधिक साजिश और लाखों छात्रों के भविष्य की हत्या का प्रयास है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड में अनेक परीक्षा केंद्रो में तथाकथित रूप से झारखंड लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक की घटना या फिर ऐसी खबरें पूरी तरीके से सुनियोजित आपराधिक साजिश है। बंधु सोमवार को अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

**सरकार ठोस कदम उठाये:** तिर्की ने कहा कि कुछ सप्ताह पूर्व भी जेएसएससी का प्रश्नपत्र लीक हुआ था। उस मामले पर भी सरकार तेजी से कार्रवाई करते हुए अपराधियों की जल्द गिरफ़्तारी सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि ये घटनाएं झारखंड के लाखों छात्र-छात्राओं, युवाओं का भविष्य बर्बाद करने की साजिश है। साथ ही झारखंड की छवि भी धूमिल हो रही है। इसकी गहन जांच कर दोषी अपराधी तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही ऐसी साजिश रचनेवालों के चेहरे से नकाब हटाने की भी जरूरत है। सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए।

**ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को आयोजन से अलग रखें:** तिर्की ने कहा कि हर हाल में ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को परीक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया से अलग रखा जाना चाहिए।



उन्होंने कहा कि झारखंड में कभी भी प्रश्न पत्र लीक जैसी घटनाओं की संस्कृति नहीं रही है। ऐसी किसी भी घटना में यहां के आदिवासियों-मूलवासियों का हाथ नहीं होता। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पृष्ठभूमि में जो भी मामला जांच के उपरांत पकड़ में आता है, उसकी जड़ में कहीं-ना-कहीं, बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान जैसे दूसरे प्रदेशों के दागी, अपराधी, अवांछित तत्वों का ही हाथ होता है। वे अपने राज्यों में करास्तानियों को अंजाम देने के बाद अब झारखंड में जड जमा चुके हैं।

**भाजपा पर साधा निशाना:** कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा और उसके नेता केवल अपने स्वार्थ में अंधे होकर झारखंड में झूठा नैरेटिव गढ़ने का काम कर रहे हैं। राज्य के युवाओं के प्रति भाजपा का रवैया कभी भी सकारात्मक नहीं रहा है। वह दिखाना चाहती है कि यहां की गठबंधन सरकार बेहतर प्रशासन नहीं दे सकती है। साथ ही जनजातीय समाज की छवि खराब करने की साजिश रची जा रही है। कांग्रेस भाजपा को किसी भी हाल अपने मंसूबे में सफल नहीं होने देगी।

# मुख्य सचिव सीबीआइ जांच की अनुशंसा करें : बाबूलाल

- संलिप्त अफसरों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाना चाहिए

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेपीएससी पेपर लीक मामले पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। इसमें इस मामले की सीबीआइ जांच कराने को कहा गया है। साथ ही संलिप्त अफसरों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किये जाने की मांग की है। पत्र में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 17 मार्च को जेपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा हुई, इसके पेपर लीक की तमाम खबरें सामने आयीं। कुछ छात्रों द्वारा मुझे मेल भी भेजा गया। पेपर बुकलेट संख्या और ओएमआर उत्तरपुस्तिका संख्या असमान पायी गयी है।

पत्र में बाबूलाल ने कहा है कि विगत दिनों पहले जेएसएससी द्वारा आयोजित सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक का मामला सामने आया था। इसके बाद जेएसएससी ने 28 जनवरी को संपन्न सभी पाली की परीक्षा और 4 फरवरी को होनेवाली परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया था। इस संदर्भ में भी मैंने 1 फरवरी को मुख्य सचिव को पत्र लिख कर सीबीआइ से जांच का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि बार-बार परीक्षा रद्द करने और पेपर लीक की घटना होने से जेएसएससी-जेपीएससी की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं,




जिसका खामियाजा सभी प्रतिभागियों को भुगतना पड़ रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विगत चार वर्षों में झारखंड के गरीब और आदिवासी बच्चों के सपनों का मजाक बना कर रख दिया गया है। सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग जनता के लिए नहीं, स्वहित को साधने में लगे हुए हैं। राज्य के अफसरों का भी यही रवैया है। पिछले चार सालों में ऐसी कोई भी परीक्षा नहीं हुई, जिसमें गड़बड़ी न हुई हो। राज्य के भ्रष्टाचार के पैसों से अपनी जेबें भरने वाले अफसर और शीर्ष नेतृत्व पर बैठे नेता ये भूल गये हैं कि उनका काम जनसेवा है। इतना अव्यवस्थित राज्य सेवा आयोग पूरे देश में कहीं नहीं है। समझ नहीं आता कि अगर कोई संस्थान, जिसे पिछले चार सालों से परीक्षा कराने की जिम्मेदारी दी जा रही है और उसमें वे लगातार असफल हो रहे हैं, तो वह जनसेवा के नाम पर वेतन क्यों ले रहे हैं। ऐसे आपराधिक कृत्यों में संलिप्त सभी अफसरों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाना चाहिए। आग्रह है कि उक्त घटना को संज्ञान में लेते हुए सीबीआइ से जांच कराने अनुशंसा की करें।

# हेमंत के प्रेस सलाहकार से इडी की पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बहुचर्चित अवैध खनन और जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू से पूछताछ की। एजेंसी ने उन्हें 18 मार्च को हाजिर होने के लिए समन भेजा था। पिंटू सोमवार सुबह इडी कार्यालय पहुंचे। उनसे अधिकारियों ने दोनों मामलों घंटों पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक पिंटू इडी अधिकारियों को कई सवालों का संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दे पाये। उन्हें फिर पूछताछ के लिए बुलाये जाने की संभावना है।

गौरतलब है कि जमीन घोटाला और अवैध खनन मामले में इडी ने 3 जनवरी, 2024 की सुबह अभिषेक प्रसाद पिंटू समेत कई अन्य लोगों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। इडी ने पंटू के घर से डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त किये थे। मामले में इडी ने पिंटू को पहले 16 जनवरी को हाजिर होने को कहा था, लेकिन उन्होंने तब पत्नी की बीमारी का हवाला देते हुए बाद में पूछताछ का आग्रह किया था। इसके बाद इडी ने उन्हें समन भेजकर 18 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया था।




# लोकसभा चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने की बनी रणनीति

- डीजीपी ने की अध्यक्षता, छह राज्यों के पुलिस अधिकारी हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड और इसके पांच पड़ोसी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों और वरीय पुलिस अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने की रणनीति बनायी। यह रणनीति अंतरराज्यीय समन्वय समिति की सोमवार को हुई ऑनलाइन बैठक में तैयार की गयी। बैठक की अध्यक्षता डीजीपी अजय कुमार सिंह ने की। बैठक में झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तरप्रदेश के पुलिस महानिदेशकों और वरीय पुलिस अधिकारी ऑनलाइन जुड़े थे। बैठक की शुरुआत में एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर ने सभी वरीय पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक के महत्व पर प्रकाश डाला। बैठक में डीजीपी ने खुफिया जानकारियों को ससमय सक्रिय रूप से साझा करने, नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति करने, वामपंथी उग्रवाद परिदृश्य के आलोक में की जा रही कार्रवाई, सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न होनेवाली समस्याओं पर आपसी सहयोग, नशीले पदार्थ और अवैध शराब की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम, सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों/अपराधी तत्वों की गतिविधियों पर नकेल कसने और सभी स्तरों पर अंतरराज्यीय समन्वय बैठकों के लिए तंत्र की कार्ययोजना की रूपरेखा पर चर्चा की। आइजी अभियान-सह-राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी, झारखंड ने सीमावर्ती क्षेत्र में क्रियाशील नक्सलियों की गतिविधियों, अवैध हथियार, नशीले पदार्थ और अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए ससमय आसूचना के आदान-प्रदान पर जोर दिया। साथ ही झारखंड के सीमावर्ती राज्यों ओड़िशा, छत्तीसगढ़, बिहार और पश्चिम बंगाल में सक्रिय नक्सली दस्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियानों में समन्वय स्थापित कर और अभियान चलाने पर जोर दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 61,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |



# जमशेदपुर में खो गये 3.10 लाख वोट को वापस पाना भाजपा का चैलेंज

## लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मिले वोटों के आंकड़ों ने बढ़ाया भाजपा का टेंशन

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड की सबसे हॉट सीट मानी जानेवाली जमशेदपुर संसदीय सीट का चुनावी आंकड़ा बेहद दिलचस्प है। झारखंड की औद्योगिक राजधानी होने के साथ ही यह सीट राज्य के वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन समेत तीन मुख्यमंत्रियों का इलाका भी है, तो यहां का सियासी समीकरण भी उसी तरह महत्वपूर्ण होता है। लेकिन जहां तक चुनावी आंकड़ों की बात है, तो 2019 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान के तरीकों में जो बदलाव देखने को मिला था, उसको फिर से हासिल करना भाजपा की चुनौती है। जमशेदपुर लोकसभा सीट को वैसे तो भाजपा का गढ़ माना जाता है, क्योंकि 1984 के बाद से यहां लगातार उसका कब्जा रहा है, लेकिन गत विधानसभा के आंकड़े कुछ और कहानी बयां कर रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो को जितने वोट मिले थे, उसके मुकाबले उसी साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को लगभग आधे वोट ही मिल सके थे। भाजपा के प्रति वोटरों के इस मोहभंग का कारण क्या था, यह तो प्रदेश भाजपा ही जाने, क्योंकि विधानसभा चुनाव के बाद उसने जरूर समीक्षा की होगी, लेकिन सच यही है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की अगुवाई में लड़ा गया विधानसभा के चुनाव में झारखंड में भाजपा का यह गढ़ पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। एक बार फिर भाजपा ने विद्युत वरण महतो को लगातार तीसरी बार मैदान में उतार कर उन्हें इतिहास बनाने का मौका तो दिया है, लेकिन उनके लिए सबसे बड़ा चैलेंज 2019 के दोनों चुनावों के दौरान पैदा हुए वोटों के अंतर को पाटना होगा। जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र की छह विधानसभा सीटें अभी झामुमो और कांग्रेस के अलावा एक निर्दलीय के कब्जे में हैं। इस लिहाज से भी भाजपा उम्मीदवार की राह बेहद चुनौतीपूर्ण हो गयी है। क्या है जमशेदपुर संसदीय सीट का चुनावी आंकड़ा और क्या हैं चुनौतियां, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

**झा**रखंड की 14 संसदीय सीटों में से सबसे हॉट सीट मानी जानेवाली जमशेदपुर सीट इस बार भी रोमांचक चुनावी मुकाबले की तरफ बढ़ रही है। इसके साथ ही यहां इतिहास भी बनने की प्रबल संभावना है। भाजपा ने विद्युत वरण महतो को लगातार तीसरी बार यहां से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की थी। जमशेदपुर में अब तक किसी सांसद ने हैट्रिक नहीं लगायी है, तो इस बार भाजपा प्रत्याशी के पास इतिहास बनाने का मौका भी है।

### प्रतिद्वंद्वी के इंतजार में है भाजपा

जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र का चुनावी मुकाबला इस बार भी बेहद रोमांचक होगा। हालांकि विपक्षी खेमे की तरफ से अब तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गयी है। बताया जाता है कि इस सीट से इस बार भी झामुमो ही प्रत्याशी देगा। जमशेदपुर सीट की खासियत यह है कि यहां महतो (कुड़मी) मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। यहां से सात बार महतो प्रत्याशी चुनाव जीत चुके हैं। इसलिए झामुमो महतो जाति से बड़ा चेहरा ढूंढ़ रहा है, जो भाजपा प्रत्याशी को टक्कर दे सके। जमशेदपुर सीट पर 1957 से लेकर 2019 तक चार महतो उम्मीदवारों ने इस सीट पर विजय प्राप्त की है। शैलेंद्र महतो ने 1989 में जीत हासिल की। उसकी पत्नी आभा महतो ने 1998 और 1999 में भाजपा से, सुनील महतो ने 2004 में झामुमो से, उनकी पत्नी सुमन महतो ने 2007 (उप चुनाव) में झामुमो से और विद्युत वरण महतो ने 2014 और 2019 में भाजपा से जीत हासिल की। इस सीट पर डेढ़ लाख से अधिक महतो मतदाता हैं, जो चुनाव के दौरान हार-जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### क्या कहते हैं पिछले चुनाव के आंकड़े

2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से झामुमो ने चंपाई सोरेन को मैदान में उतारा था। विद्युत वरण महतो ने उन्हें तीन लाख से अधिक वोटों के अंतर से पराजित किया था। महतो को 678934 वोट मिले थे, जबकि चंपाई को 377352 वोट से ही संतोष करना पड़ा था। लेकिन उसी साल दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में पूरा परिदृश्य ही बदल गया था। जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के तहत आनेवाले छह विधानसभा क्षेत्रों, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, जुगसलाई, पोटका, घाटशिला और बहरागोड़ा में भाजपा बुरी तरह पराजित हो गयी थी। जमशेदपुर पूर्वी में निर्दलीय सरयू राय ने राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हरा दिया था, जबकि जमशेदपुर पश्चिमी पर कांग्रेस ने कब्जा जमाया था। बाकी चार विधानसभा क्षेत्रों पर झामुमो ने कब्जा कर लिया था।





वोटों की बात की जाये, तो लोकसभा चुनाव में भाजपा को कुल 678934 वोट मिले थे। इनमें जमशेदपुर पूर्वी से 134317 वोट, जमशेदपुर पश्चिमी से 121794 वोट, पोटका से 107090 वोट, जुगसलाई से 135421 वोट, घाटशिला से 87087 वोट और बहरागोड़ा से 93275 वोट मिले थे। उसी साल दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में इन छह विधानसभा क्षेत्रों को मिला कर भाजपा को मिले वोटों की संख्या लगभग आधी, यानी 368684 रह गयी थी। इनमें जमशेदपुर पूर्वी में उसे 57940, जमशेदपुर पश्चिमी से 74195, पोटका से 67643, जुगसलाई से 66647, घाटशिला से 56807 और बहरागोड़ा से 45452 वोट मिले। इस तरह साफ है कि भाजपा को उस साल विधानसभा चुनाव में लोकसभा चुनाव के मुकाबले 3.10 लाख वोट कम मिले। ये वोट कहां गये और वोटरों की इतनी बड़ी तादाद भाजपा से क्यों अलग हो गयी, इस बारे में भाजपा को इस बार गहराई से सोचना होगा।

### जमशेदपुर का सामाजिक समीकरण

जमशेदपुर संसदीय सीट पर 44.44 फीसदी ग्रामीण और 55.56 फीसदी शहरी मतदाता हैं। यहां 4.86 फीसदी अनुसूचित जाति और 28.51 फीसदी अनुसूचित जनजाति के मतदाता हैं। यहां के मतदाताओं का बड़ा वर्ग मजदूर है।

### जमशेदपुर सीट का जातिगत समीकरण

जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र में मुख्य तौर पर कुड़मी, आदिवासी, उड़िया, बंगाली और बिहारी वोटर निर्णायक साबित होते हैं। मुस्लिम, छत्तीसगढ़ी, कुशवाहा, यादव जैसे अन्य जाति समुदायों के वोटरों की भी अहम भूमिका होती है। देखा गया है कि उड़िया, वैश्य और बिहारी मतदाताओं का रुझान भाजपा प्रत्याशी की तरफ रहता है, जबकि आदिवासी और महतो मतदाता परिस्थिति के आधार पर वोट तय करते हैं। कुड़मी जाति इनका बड़ा वोट बैंक है, जो भाजपा में भी बनी हुई है। लेकिन किसी अन्य दल में कोई मजबूत कुड़मी प्रत्याशी खड़ा होने पर इनके अधिकतर वोट उनके पक्ष में चले जाते हैं। खासकर झामुमो ने जब भी कुड़मी प्रत्याशी मैदान में उतारा, तब-तब उसे सफलता हासिल हुई है। आदिवासियों और मुसलमानों के अधिकतर वोट गैर-भाजपाई दल या गठजोड़ के साथ होते हैं।

### 2024 का चुनावी परिदृश्य

जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र दो तरह के वोटरों में बंटा है। एक वे, जो मुखर होकर मोदी के नाम पर एकजुट दिख रहे हैं और दूसरे वे, जो खामोश हैं। वोटरों की यही खामोशी झामुमो के लिए राहत और भाजपा प्रत्याशी के लिए चिंता का कारण है। जहां तक प्रत्याशी की बात है, तो विद्युतवरण महतो लगातार तीसरी बार मैदान में हैं। उनके सामने कौन होगा, यह अभी तय नहीं है। लोग अपने सांसद से संतुष्ट हैं, क्योंकि वह सुलभता से मिल जाते हैं। पिछली बार झामुमो के उम्मीदवार चंपाई सोरेन थे, जो अब झारखंड के मुख्यमंत्री हैं। जमशेदपुर शहरी क्षेत्र में भाजपा भारी दिख रही है, लेकिन चुनावी आंकड़े उसका टेंशन बढ़ा रहे हैं।

# विक्रेता और खरीदार को डिजिटल लाभ की पहल : अर्जुन मुंडा





**केंद्र सरकार का किसान हित में उचित कदम: बालियान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि बाजार के माध्यम से यह स्थापित किया जा रहा है कि विक्रेताओं और खरीदारों को डिजिटल लाभ मिले। उन्होंने बताया कि इ-नाम, जो राष्ट्रीय कृषि बाजार है, वह मंडियों के माध्यम से ऑनलाइन तरीके से किसान और खरीदार का डिजिटल संपर्क करायेगा। अब इसे ओपेन नेटवर्क फॉर्म डिजिटल पेमेंट से एकीकृत किया गया है। मकसद है कि एफपीओ के माध्यम से तैयार उत्पाद लोगों तक पहुंचे। पीजेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन अशोक बालियान ने इस विषय को कृषि मंत्री से अपनी मुलाकात के समय रखा। केंद्र सरकार का यह किसान हित को लेकर उचित कदम है, इससे किसानों की आय बढ़ेगी। इन सुविधाओं से निश्चित रूप से एफपीओ, किसानों, विक्रेताओं, खरीदारों को बढ़ते डिजिटल इकोसिस्टम में एक सक्रिय भागीदार बनने के लिए खुद को विकसित करने में मदद मिलेगी।

### इ-नाम की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी

**इ-नाम अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग पोर्टल है, जो कृषि वस्तुओं के लिए एकीकृत राष्ट्रीय बाजार बनाने के लिए एक आभासी मंच के माध्यम से मौजूदा भौतिक एपीएमसी को नेटवर्क बनाना चाहता है। इ-नाम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 14 अप्रैल 2016 को हुई थी। वर्तमान में 23 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के 1389 विनियमित थोक बाजारों में इ-नाम लागू किया गया है। इससे विक्रेताओं को समय पर ऑनलाइन भुगतान भी प्राप्त होता है। इ-नाम की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से यह पूरी तरह पारदर्शी है।**

# जानलेवा हमले के दोषी को सात साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को जानलेवा हमला करने के दोषी अमित राम को सात साल की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने पांच हजार का जुर्माना लगाया है। अमित राम



पर रातू रोड निवासी सूरज राम से जबरदस्ती पैसे की मांग करने का आरोप है। जब सूरज राम ने पैसे देने से मना किया, तो उसके पेट में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। रिम्स में इलाज के दौरान उसके पेट में 21 टांके लगाकर उसकी जान बचायी गयी थी।

# सरकार को अभ्यर्थियों के भविष्य की चिंता नहीं: राजेंद्र

**उन मां-बाप का दर्द समझे, जो पेट काटकर बच्चों को पढ़ाते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने जेपीएससी परीक्षा प्रश्न पत्र लीक होने पर कहा कि सरकार को बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं है। सरकार अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकती है। झारखंड की वास्तविकता से सरकार मुंह मोड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार उन गरीब मां, बाप, भाई-बहन की वेदना को समझे, जो भूखे पेट रह कर, जमीन बेचकर बच्चों की पढ़ाई कराते हैं। इस उम्मीद से की



एक दिन उनके बच्चे को सरकारी नौकरी मिल जायेगी। लेकिन उन सपनों को सरकार तोड़ रही है। कहा कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक विफलता के कारण बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। सरकार इस मामले को गंभीरता से ले और जो भी अधिकारी इसके लिए दोषी है, उस पर सख्त कार्रवाई करे।

**केंद्रीय नियामक आयोग ने जारी किया आदेश**

# हर साल हो बिजली दरों का निर्धारण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में नयी बिजली दरें जुलाई महीने के अंत तक घोषित होने की संभावना है। ये दरें साल 2024-25 के टैरिफ प्रस्ताव पर घोषित होनी हैं। इसके पूर्व ही लागू बिजली दरें 1 मार्च को लागू की गयी थीं। ऐसे में बार-बार बिजली दरों में होनीवाली वृद्धि से उपभोक्ताओं में असमंजस है। बिजली उपभोक्ताओं को बिजली दर में वृद्धि और घरेलू बजट में होने वाले अधिक खर्च से परेशानी बढ़ गयी है। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग ने सभी राज्यों के नियामक आयोग को आदेश दिया है कि किसी भी साल के प्रस्ताव को पेंडिंग नहीं रखा जाये। वर्षवार बिजली दरों का निर्धारण किया जाये। ऐसे में राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से बिजली दरों में कार्रवाई की जा रही है।

### 2020 से नियामक आयोग खाली

साल 2020 के बाद से राज्य में बिजली दरों का निर्धारण तीन साल तक नहीं किया गया था। इसकी प्रमुख वजह नियामक आयोग में अध्यक्ष और सदस्य पदों का खाली होना था। ऐसे में बिजली उत्पादक और बिजली वितरक कंपनियों की ओर से मिले प्रस्ताव पर नियामक आयोग कार्रवाई नहीं कर सका और न ही राज्य में साल 2023 तक बिजली दरें घोषित की गयीं।

# नेतरहाट के छात्र अब खेल में दिखायेंगे हुनर

**झारखंड जूनियर एथलेटिक्स कल से देवघर में**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के छात्र पढ़ाई के अलावा अब खेल में अपनी प्रतिभा का डंका बजाने को तैयार हैं। छात्रों में खेल अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान ने पहल की। इनकी पहल भी रंग लायी। प्राचार्य ने राज्यस्तरीय पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर झारखंड जूनियर एथलेटिक्स मीट में 23 छात्रों को देवघर भेजने में सफल रहे। पहली बार इन छात्रों को राज्यस्तरीय प्रतिस्पर्धा में अपना हुनर दिखाने का मौका



मिलेगा। 23 छात्रों में 19 छात्र आठवीं से दसवीं कक्षा और चार छात्र इंटरमीडिएट से संबंधित हैं। झारखंड जूनियर एथलेटिक्स मीट का आयोजन देवघर में 20 से 22 मार्च के बीच होगा। शिक्षक केशव कुणाल शर्मा छात्रों के साथ गये हैं। इस एथलेटिक्स में छात्रों को मुख्य रूप से हाइजंप, लांग जंप, किड्स जैवलिन आदि में भाग लेने का मौका मिलेगा। चयनित छात्रों का दल सोमवार को विद्यालय बस से देवघर के लिए रवाना हुआ।

# सांसद निशिकांत के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड हाइकोर्ट से तत्काल राहत मिली है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले में सोमवार को निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के समय की मांग की गयी। कोर्ट ने दो सप्ताह का समय राज्य



सरकार को प्रदान किया है।

आरोप है कि निशिकांत दुबे ने एक व्यक्ति को गोवंश की तस्करी मामले में पकड़ा और उसकी पिटाई की और उसे बाद में पुलिस को सौंप दिया था। मामले में उस व्यक्ति का कहना था कि उसके पास लाइसेंस है और इसलिए वह गोवंश ले जा रहा था। वह गोवंश तस्कर नहीं है, लेकिन निशिकांत दुबे ने उसे धमकी दी और उसे मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया था। मामले को लेकर देवघर के मोहनपुर थाना में निशिकांत दुबे के खिलाफ देवघर के मोहनपुर थाना में कांड संख्या 281-2023 दर्ज किया गया था।

# विदेशी कनेक्शन को लेकर रांची में सीआइडी साइबर सेल की छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विदेशी खातों से पैसे के आदान-प्रदान को लेकर रांची में सीआइडी की साइबर सेल की टीम ने छापेमारी की। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीआइडी के अधीन काम करने वाली साइबर सेल की टीम ने सोमवार की शाम सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित एक कार्यालय में छापेमारी की। साइबर सेल की टीम ने हरमू रोड स्थित होंडा शो रूम के ऊपर वाले फ्लोर पर स्थित कार्यालय में छापेमारी की। यह कार्यालय बिजेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति का है। छापेमारी करने के पीछे बिजेंद्र सिंह का विदेशी कनेक्शन बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक उनके द्वारा विदेशी खाते से बड़े पैमाने पर पैसे का आदान-प्रदान किया गया है। साइबर अपराधियों से भी कनेक्शन सामने आया है। इसी को लेकर सीआइडी की साइबर सेल की टीम ने यह छापेमारी की। इस दौरान टीम ने कई लैपटॉप, डिजिटल उपकरण और अन्य सामान बरामद किये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.6 °c | 18.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.58 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.54 बजे |



# भाजपा के पास मुद्दा नहीं, संघर्ष जारी रहेगा: सुप्रियो

चुनावी बांड के माध्यम से आया पाकिस्तान से पैसा, न इंडिया झुका है, न झारखंड झुकेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन में शामिल होकर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य सोमवार को रांची लौटे। मुंबई से वापस आने के बाद सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि न्याय मिशन को जन-जन तक पहुंचाया। कश्मीर से कन्याकुमारी और मिजोरम से असम तक के दिल की बात सामने आयी। हम जल, जंगल, जमीन को कॉरपोरेट के हाथों में नहीं दे सकते हैं। झारखंड नहीं झुका है और इंडिया भी नहीं झुकेगा। बीजेपी मुद्दा विहीन है। इसके नेता इंडी गठबंधन की एकजुटता से तिलमिला गये हैं। मैने तीन दशक के राजनीतिक जीवन में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी थी। चारों तरफ से अब आवाज उठने लगी हैं। हम लोग शुरू से कह रहे थे कि गांडेय में चुनाव कराओ, लेकिन उस वक्त एक साल का समय होने की बात कही जा रही थी। अब राज्य निर्वाचन पदाधिकारी गांडेय विधानसभा उपचुनाव पर मीटिंग बुला रहे हैं। दिखने लग गया है कि अब चुनाव का नतीजा, बीजेपी के मन का आतंक दिखने लग गया है। पीएम उत्तर विहीन हो चुके हैं।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनावी चंदा के डाटा से यह समझ आ गया है कि जो लोग अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पाते हैं। उन्होंने करोड़ों का चंदा भाजपा को दिया है। चुनावी बांड में पाकिस्तान का पैसा आया। पुलवामा कांड के तीन दिन बाद भाजपा को चुनावी चंदा आया, इसलिए तो अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं आयी। गलवान में वीर जवानों को शहीद करा दिया गया। कहा कि झारखंड में बहुत जल्द चुनाव अभियान की शुरुआत की जायेगी। चार जून को जब चुनावी परिणाम आये, तब भाजपा इसे गिनने के लायक नहीं बचे।

# कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र आज होगा जारी!

उम्मीदवारों की धड़कनें तेज, आज नाम पर मुहर संभव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों की सूची के साथ कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र मंगलवार को जारी होने की उम्मीद है। भाजपा के उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद से गठबंधन पर तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गयी थी, लेकिन सूची जारी होने के बाद इस पर भी विराम लग जायेगा।

झारखंड में इंडी गठबंधन के तहत चार दल राज्य में चुनाव लड़ रहे हैं। इसमें कांग्रेस, झामुमो, राजद और सीपीआइ माले शामिल है। कांग्रेस लोकसभा की सात सीट रांची, खूंटी, लोहरदगा, हजारीबाग, धनबाद, गोड्डा और पलामू सीट पर उम्मीदवार देगा। वहीं झामुमो राजमहल, दुमका, गिरिडीह, जमशेदपुर और चाइबासा लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार देगा। इसके साथ सीपीआइ माले कोडरमा और चतरा लोकसभा सीट से राजद चुनाव लड़ेगा।

## सात लोकसभा उम्मीदवारों के आवेदनों की स्क्रूटनी

दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान ने अपनी पार्टी की उम्मीदवारी के आवेदन की स्क्रूटनी कर ली है। इसके बाद चुनाव कमेटी की बैठक होगी और यह तय हो जायेगा कि कौन-कौन झारखंड में गठबंधन से कांग्रेस का उम्मीदवार होगा।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## नामकुम में पेट्रोल पंपकर्मी से 1.70 लाख की छिनतई

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित रामपुर चौक के पास पेट्रोल पंप के कर्मी से छिनतई हुई है। बताया जाता है कि वह कर्मी रिलायंस पेट्रोल पंप पर काम करता है। पेट्रोल पंप के कर्मी से करीब 1.70 लाख रुपये की छिनतई हुई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद नामकुम थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है। फिलहाल अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गया है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** रोजी-रोजगार के उचित अवसर मिलेंगे,नवीन कार्य की शुरूआत करने के लिए समय ठीक है।
- **वृष** प्रयास व उत्साह से कई बिगड़े काम संवर जायेंगे, क्रोध व आवेश पर नियंत्रण रखें।
- **मिथुन** सरकार की ओर से धन व मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, नौकरी में प्रमोशन का अवसर मिल सकता है।
- **कर्क** नौकरी या व्यवसाय में परिवर्तन हो सकता है, जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध होगा।
- **सिंह** नया काम इस समय हाथ में न लें, कोई अप्रिय समाचार मिलेगा, जिससे मन एकदम परेशान रहेगा।
- **कन्या** व्यापार व कार्यक्षेत्र की चिंताओं से आप मुक्त हो जायेंगे, जीवन साथी से व्याप्त मतभेदों का निराकरण होगा।
- **तुला** रोजी-रोजगार में अवरोध-विरोध का सामना हो सकता है, विरोधी प्रबल होकर हावी होंगे।
- **वृश्चिक** बिगड़ा हुआ कार्य सुधरेगा तथा धन प्राप्ति के लिए किये गये प्रयासों में बराबर सफलता मिलेगी।
- **धनु** कारोबार व कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होंगे, परिश्रम का पूरा फल मिलेगा।
- **मकर** आस-पड़ोस व मित्रों का सहयोग मिलेगा, कोरोबार के हालात पिछले दिनों से कुछ बेहतर होंगे।
- **कुंभ** नयी नौकरी मिलने की प्रयास सफल होने की संभावना, विघ्न बाधाओं के वाबजूद सफलता।
- **मीन** मिले-जुले परिणाम प्राप्त होंगे, आय में कुछ कमी रहेगी, फिर भी आय के साधन निर्वाह योग्य बने रहेंगे।

# डीएसपीएमयू : संतूर वादन से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध
# सांस्कृतिक विरासत को समझने का मंच: कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग आर्ट विभाग और हिंदुस्तान आर्ट एंड कल्चर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय संगीत और नृत्य कार्यक्रम का समापन हुआ। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से भारत संस्कृति यात्रा के नाम से आयोजित कार्यक्रम में देश-विदेश के ख्याति प्राप्त कलाकारों ने विश्वविद्यालय सभागार में कला का प्रदर्शन किया। संगीत यात्रा के दूसरे दिन का प्रारंभ प्रसिद्ध संतूर वादक पंडित तरुण भट्टाचार्य के संतूर वादन से हुआ। मेहर घराने से ताल्लुक रखने वाले पंडित तरुण भट्टाचार्य ने अपनी प्रस्तुति के दौरान पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध रखा। कलाकार अमृता दास ने ओड़िसी नृत्य प्रस्तुत किया। कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारत संस्कृति यात्रा का दो दिवसीय संगीत, नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम लोगों को सांस्कृतिक विरासत को समझने का एक मंच प्रदान किया। कुलसचिव नमिता सिंह ने कहा कि यह मंच हमें अपने विरासत की संस्कृति को आगे ले जाने का एक माध्यम है, जिसे आज की युवा पीढ़ी को सहेजना है। मौके पर निभा शर्मा, तान्या शर्मा, गीतांजलि सिंह, अनुपम कुमार, प्रो राजेश कुमार, आशीष झा, आनंद कुमार ठाकुर, राजेश कुमार सिंह मौजूद थे।

# केंद्र के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा: राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन पर राहुल गांधी के प्रति दिखायी गयी प्रतिबद्धता के लिए जनता का आभार प्रकट किया।

राजेश ठाकुर ने कहा कि हम जनता के आभारी हैं, जिन्होंने इस यात्रा के लिए अपने समर्थन को मजबूती से बनाये रखा और देश में जारी लूट-खसोट, भ्रष्टाचार, अन्याय के खिलाफ मुखर होकर आगे आकर संघर्ष करने का हौसला दिखाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। राहुल गांधी ने जिस तरह से कहा कि एक राजा की जान तोते में बसी थी। उसी तरह इस राजा की जान भी इवीएम में बसी है, अगर इवीएम और वीवीपैट की पर्ची का मिलान हो जाये, तो शायद इस राजा की जान भी चली जायेगी। यह पूरी तरह सत्य है और इस सच के लिए कांग्रेस लड़ाई लड़ती रहेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का यह चुनाव आखिरी मौका साबित हो सकता है। अगर हम इस बार सफल नहीं हुए, तो इसकी भरपाई नहीं हो सकती।

# विकास के लिए सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा दोनों महत्वपूर्ण हैं : राज्यपाल

इकोनॉमिक सिक्योरिटी पर अध्ययन के लिए आयी टीम से किया संवाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विकास के लिए सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा दोनों महत्वपूर्ण है। वर्तमान में हमारा देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि मैं विभिन्न देशों का भ्रमण कर चुका हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है। राज्य में स्थापित झारखंड रक्षा विश्वविद्यालय को सैनिक विश्वविद्यालय के रूप में गठन करने के लिए इच्छुक हैं। सोमवार को राजभवन में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, नयी दिल्ली के फैकल्टी एंड कोर्स मेंबर्स की ओर से नेशनल सिक्योरिटी एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज कोर्स के तहत झारखंड राज्य में इकनोमिक सिक्योरिटी पर अध्ययन के लिए आयी टीम के सदस्यों के साथ संवाद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन बिहार से अलग होकर 15 नवंबर 2000 को हुआ और जब यह संसद में विधेयक रखा गया था। तब वे लोक सभा सांसद थे और उन्हें इस पर अपना मत देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राज्यपाल ने कहा कि यहां पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं। यहां के कई पर्यटक स्थल को आकर्षित करते हैं। झारखंड राज्य में खेल के क्षेत्र में कई प्रतिभा हैं। इस अवसर पर उपस्थित कोर्स मेंबर्स के टीम के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किये।

# लोकसभा-गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की कार्यशाला
# निष्पक्ष चुनाव में सहयोग करें राजनीतिक दल: के रविकुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में लोकसभा आम चुनाव के साथ गांडेय में विधानसभा का उप चुनाव कराया जा रहा है। सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि वे इन चुनावों के स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त और त्रुटिरहित संचालन में अपनी महती भूमिका निभायें। उन्होंने निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों को रेखांकित करते हुए कहा कि वे इनसे अपने हरेक कार्यकर्ता को अनिवार्य रूपेण भारत निर्वाचन आयोग के तत्संबंधी प्रावधानों से अवगत करा दें, ताकि जानकारी की कमी के कारण उनके द्वारा अनजाने में भी भारत निर्वाचन आयोग के संबंधित प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होने पाये।

वे सोमवार को अपने कार्यालय के सभा कक्ष में लोक सभा आम चुनाव 2024 और गांडेय विधानसभा उप चुनाव के बाबत मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से जारी प्रतियां उपलब्ध करायी। कार्यशाला के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें निर्वाचन संबंधी विभिन्न विषयों से संबंधित उनकी शंकाओं का निवारण किया गया। कार्यशाला में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल थे।

## रांची लोकसभा क्षेत्र में 85 की उम्र के 28 हजार वोटर

23 हजार दिव्यांग मतदाता घर बैठे करेंगे वोट

रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव में 85 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों और दिव्यांग वोटरों को घर से भी वोट करने की सुविधा है। रांची लोकसभा क्षेत्र में 85 उम्र वाले मतदाताओं की संख्या 28 हजार 333 है, जिसमें 15309 पुरुष और 13023 महिलाएं और एक अन्य शामिल है। सबसे अधिक हटिया विधानसभा क्षेत्र में 7810 मतदाता 85 के हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र में 23626 दिव्यांग मतदाता हैं। कांके विधानसभा में सबसे अधिक 5526 दिव्यांग मतदाता हैं। चुनाव आयोग ने इसके लिए विशेष तैयारियां की है। जिला प्रशासन ने कहा कि उन सबके पास हम फॉर्म पहुंचायेंगे। यदि वे बूथ पर नहीं आयेंगे, तो हम उनके घर वोट लेने जायेंगे, जो बूथ पर जाना चाहते हैं उनके लिए भी सुविधाएं दी जायेंगी। आयोग के मुताबिक घर से वोट डालने के इच्छुक ऐसे मतदाताओं को सक्षम एप में एक फॉर्म भरना होगा। फॉर्म भर कर जमा करवाने के बाद बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता घर से ही मतदान कर सकेंगे। घर पर मतदान करवाने के लिए चुनाव आयोग के अधिकारी जायेंगे। घर से मतदान करने वालों को पोस्टल बैलेट की सुविधा मुहैया करायी जायेगी।

# उत्पादन बढ़ाने पर जोर : सेहत और समृद्धि के लिए पांच लाख हेक्टेयर में खेती
# खुशखबरी: झारखंड बनेगा मिलेट फसलों का हब

सरकार ने किया 50 करोड़ का प्रावधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आनेवाले दिनों में झारखंड मिलेट फसलों का हब बनेगा। सेहत और समृद्धि के लिए पांच लाख हेक्टेयर में इसकी खेती की जायेगी। साथ ही प्रसंस्करण इकाई भी लेगी। झारखंड में धान-दलहन के अलावा किसानों की आय बढ़ाने के लिए मिशन मिलेट योजना प्रारंभ होगी। इसी वित्तीय वर्ष से इसकी शुरुआत की जानी है। राज्य सरकार ने इसके लिए विशेष रूप से 50 करोड़ का प्रावधान किया है। झारखंड में उगाये जाने वाले प्रमुख मिलेट में फिंगर मिलेट, मडुवा, ज्वार, बाजरा और छोटे मिलेट जैसे- कांगनी, सामा, छैना, कुटकी, कुटू और चौलाई है। सरकार इसका उत्पादन बढ़ाने ओर इसे बाजार मुहैया करायेगी। वर्तमान में 40 हजार हेक्टेयर में ही मिलेट की खेती है। इसे बढ़ाकर 5 लाख हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि विभाग इस पर काम करेगा। जल्द ही विस्तृत गाइडलाइन जारी किया जायेगा।

बता दें कि वर्तमान में ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग भी राज्य आजीविका नीति के तहत मिलेट को बढ़ावा दे रहा है और इसे ज्यादातर स्कूली बच्चों ओर अस्प्ताल के लिए दोपहर के भोजन के लिए परोसा जाता है। झारखंड राज्य आजीविका संवर्द्धन सोसाइटी विभिन्न एफपीओ, स्टार्टअप और उद्यमों के माध्यम से मिलेट की खेती और प्रसंस्करण को बढ़ावा दे रही है। ऐसे में झारखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 से झारखंड राज्य मिलेट मिशन प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। मिशन का उद्देश्य मिलेट खेती को बढ़ावा और जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देना है।

## तीन दशक पहले बड़े क्षेत्र में होती थी खेती

यह भी समझा जाता है कि झारखंड में दो-तीन दशक पहले बड़े क्षेत्र में मिलेट की खेती होती थी। हालांकि, समय के साथ धान के विभिन्न कारकों के कारण खरीफ में मिलेट की खेती वर्तमान में कुल 28 लाख हेक्टेयर खेती योग्य भूमि में से सिर्फ 40 हजार हेक्टेयर तक ही सीमित रह गयी है। इसलिए जलवायु पोषण संबंधी चुनौतियों से लड़ने के लिए मिलेट की खेती को बढ़ावा देने के लिए यह सही समय माना जा रहा है।

## मिशन की विशेषता

- मिशन का कार्यान्वयन और निगरानी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जायेगी।
- इस मिशन के अंतर्गत रैयत-बटायीदार किसान पात्र होंगे।
- मिलेट उगाने वाले किसानों को कार्यशील पूंजी के लिए पांच एकड़ तक 3000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जायेगी।
- प्रत्येक ब्लॉक में पांच-दस हेक्टेयर का प्रत्यक्षण कलस्टर हर साल विकसित किया जायेगा।
- जिलों में प्रखंडों-प्रत्यक्षण कलस्टर का चयन राज्य मिलेट मिशन अधिकारों के द्वारा जिलों की व्यवहारिक आवयकता के आधार पर तय होगा।

# जेपी के विचार आज भी प्रासंगिक: प्रेम मित्तल



आजाद सिपाही संवाददाता

जेपी विचार मंच की 50वीं वर्षगांठ मनी

**रांची।** जेपी विचार मंच के तत्वावधान में 18 मार्च को 50वीं वर्षगांठ मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्येंद्र कुमार मल्लिक ने की।

झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के निदेशक प्रेम मित्तल ने कहा कि सत्ता परिवर्तन तो अनेक बार हुए, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन का कार्य अब तक अधूरा है। जब तक व्यवस्था में परिवर्तन नहीं होगा, तब तक जेपी के विचार प्रासंगिक बने रहेंगे। हम जहां भी चर्चा करें, व्यवस्था परिवर्तन की बात को आगे बढ़ायें और इस विचार को एक आंदोलन बनायें।

पुंदाग मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के निदेशक आरएके वर्मा ने जेपी आंदोलन के समय के अनेक संस्मरणों का विवरण दिया। बाल कल्याण आयोग की पूर्व अध्यक्ष उषा पांडेय ने जेपी के विचारों और जीवनी पर प्रकाश डाला। शैलेश सिन्हा ने कहा कि जेपी कल भी थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। कार्यक्रम में किसलय किशोर, हितेंद्र कुमार सिन्हा, शशांक कुमार सहाय, प्रेम कुमार सिंह, कसाना मलिक, अंजू सिंह, प्रतिमा सिंह, पूजा दत्ता, अंश दत्त, अखौरी उत्तम कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक की

# आदर्श आचार संहिता की दी गयी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। मौके पर उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष और सुगम बनाने के निमित निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव की घोषणा के उपरांत जिले के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है।

मौके पर आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के पश्चात राजनीतिक दलों अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए विभिन्न अवयवों की जानकारी दी गयी। जिनमें सामान्य आचरण के तहत कोई भी व्यक्ति अथवा राजनैतिक दल या संगठन, उम्मीदवार/ अभ्यर्थी किसी व्यक्ति विशेष के विरूद्व ऐसे किसी आपत्तिजनक टिप्पणी, विधि-विरूद्व संदेश, का प्रयोग सोशल मीडिया पर या किसी भी तंत्र पर नहीं करेंगे, जिससे चुनाव संबंधी आदर्श आचार संहिता का उल्लंधन होता हो। उक्त का उल्लंधन करने की स्थिति में संबंधितों पर सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी।



## चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण तिथियां

**उपायुक्त ने मौजूद दलों को निर्वाचन के मद्देनजर महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी देते हुए कहा कि अधिसूचना जारी होने की तिथि 26 अप्रैल निर्धारित है। वहीं नामांकन की अंतिम तिथि 3 मई, स्क्रूटनी की तिथि 4 मई, नाम वापसी की अंतिम तिथि 6 मई, मतदान की तिथि 20 मई और मतगणना की तिथि 4 जून और चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने की तिथि 06 जून निर्धारित की गयी है।**

साथ ही किसी भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संगठन, उम्मीदवार अभ्यर्थी के द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या किसी भी प्रकार का प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पूवार्नुमति के आयोजित नहीं किया जायेगा। वहीं ध्वजदंड बनाने, टांगने, सूचनायें चिपकाने, नारे लिखने के लिए किसी भी व्यक्ति की भूमि, भवन अहाते, दीवार आदि की उनकी अनुमति के बिना उपयोग करने की अनुमति अपने कार्यकर्ताओं को नहीं देने चाहिए। उक्त प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों पर रिलीजियस इंस्टिटयूशन एक्ट-1988 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी। साथ ही कोई भी मतदाताओं को डराने, धमकाने का कार्य नहीं करेंगें और न ही किसी भी मतदाता को प्रलोभन में लाने का प्रयास करेंगें। वहीं सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस, किसी भी सरकारी भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनीतिक गतिविधियों, सभा, बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र या किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक वर्जित रहेगा।

**इनकी रही उपस्थिति:** उपायुक्त सहित उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया, अपर समाहर्ता संतोष सिंह, एसडीओ सदर शैलेश कुमार और राजनीतिक दलों में आम आदमी पार्टी से देव कुमार चौहान, बीजेपी से नंदलाल प्रसाद मेहता, सीपीआइ-एम से गणेश कुमार सिटू, कांग्रेस से निसार खान, आरजेडी से हिरामन यादव और प्रदीप कुमार मेहता, बीएसपी से शीला देवी, आजसू से विकास राणा सहित कई अन्य मौजूद थे।

## कोडरमा में भी आचार संहिता को लेकर बैठक




**कोडरमा। आज समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आदर्श आचार संहिता को लेकर मान्यता प्राप्त (राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय) राजनीतिक के प्रतिनिधि के साथ बैठक की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आदर्श आचार संहिता लागू किया है। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों इत्यादि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने इत्यादि की अनुमति नहीं देगा। इसके बाद आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों के आवास पर व वाहनों पर झंडे लगाने से संबंधित जरूरी जानकारी दी। सूचना विज्ञान अधिकारी सुभाष यादव ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सी-विजिल और सुविधा एप्प की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन से संबंधित विडियो, फोटो, ऑडियो के माध्यम से सी-विजिल एप्प पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं, जिस पर एफएसटी की टीम के द्वारा उस शिकायत पर त्वरित रूप से कार्रवाई किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन न हो, इसके लिए सोशल मीडिया सेल का गठन किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीएसपी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।**

## प्रेस क्लब का होली मिलन समारोह




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रेस क्लब केरेडारी के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। प्रेस क्लब केरेडारी के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 11 बजे से देर शाम तक सभी लोग होली के गीतों पर झूमते रहे। सभी लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर और एक दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामना दिया साथ ही लजीज व्यंजनों का लुफ्त भी उठाया। इस कार्यक्रम में केरेडारी बीडीओ अमित कुमार, बीपीओ सुमन कुमार, उपप्रमुख अमेरिका महतो, केरेडारी के पूर्व मुखिया तापेश्वर साव, चट्टी बरियातू मुखिया झरीलाल महतो और म्यूजिक टीम में दीपक पांडेय, राजकिशोर साव, भूली कुमार, किसुन साव थे। मौके पर प्रेस क्लब केरेडारी के अध्यक्ष मनोज वर्मा, पत्रकार सुमंत साहा, मुकेश कुमार, अरुण यादव, रवि कुमार मिश्रा, ज्ञान कुमार पासवान, फैजल अंसारी, अमित कुमार माली, सुरेश मिश्रा, अजय तिवारी, इंद्रजीत गिरी, जागेश्वर कुमार, सुरेश साव, बरुण पासवान, अशोक कुमार, कीर्तन कुमार, अशोक बंटी राज, रवि सोनी, पवन कुमार दास सहित कई लोग मौजूद थे।

## शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियान

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करगालो स्थित जीवन ज्योति हाई स्कूल करगालो में शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रभात फेरी किया गया, प्रभात फेरी के दौरान शिक्षा जीवन का आधार है इसके बिना सब बेकार है, सभी समस्याओं का होगा हल, शिक्षा से होगा एक बेहतर कल, जहां ज्ञान है वही सुख है, बिना ज्ञान पूरा जीवन दुख है, हम सभी का है एक ही नारा शिक्षा है अधिकार हमारा, शिक्षा है जीवन का आधार जो करते सबके सपनों को सकार, आदि नारे लगाये गये। बच्चे, शिक्षक और अभिभावक काफी उत्साहित नजर आये। विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश कुमार साव ने लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। मौके पर करगालो पंचायत के मुखिया मोतीलाल महतो, निरंजन मिस्त्री, नारायण मिर्धा, रावण रजवार और शिक्षक टहल ठाकुर, शाही इमाम अली, राहुल कुमार, भोला सोनी, पिंटू कुमार, भुवनेश्वर प्रसाद, सुरेश कुमार, सुमन देवी, प्रभा देवी, उमा देवी, रीना देवी, सरिता देवी के अलावा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अपराध पर अंकुश लगाने की मांग की



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** फेडरेशन आफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने हजारीबाग जीले मे बढ़ते अपराध पर नियंत्रण और कालीबाड़ी रोड स्थित गीतांजलि ज्वेलर्स में हुई लूट कांड में शामिल बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी और व्यवसायियों को पूर्ण पुलिस सुरक्षा प्रदान किये। जाने की मांग की है। कहा है की पुलिस के चौकस नहीं रहने से शहर में अपराध बढ़ रहा हैं। इससे व्यवसायी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आये दिन व्यापारियों को अपराधी घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। शहर के छोटे-बड़े व्यापारी भयभीत है। हजारीबाग शहर के कालीबाड़ी रोड स्थित गीतांजलि ज्वेलर्स में हुई लूट कांड में शामिल अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। फेडरेशन आफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज हजारीबाग के अध्यक्ष शंभू प्रसाद अग्रवाल और सचिव राकेश ठाकुर ने कहा की हजारीबाग नगर में बढ़ रही चोरी और सेंधमारी की घटनाओं से सभी प्रकार के व्यावसायी भयभीत हैं। चैंबर हजारीबाग नगर के सभी प्रकार के व्यवसायियों को पूर्ण पुलिस सुरक्षा प्रदान किये जाने की मांग करता है। ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो।

## झामुमो का 44वां स्थापना दिवस 4 को



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड स्तरीय बैठक झामुमो पूर्व केंद्रीय सदस्य झमन प्रसाद के आवास में की गयी। जिसकी अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ सचिव संजय सिंह और संचालन कांडतरी पंचायत अध्यक्ष रविकांत महतो ने किया। मौके पर संजय सिंह और झमन प्रसाद ने संयुक्त रूप से कहा की प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी झारखंड मुक्ति मोर्चा का 44वां स्थापना दिवस 4 अप्रैल को हजारीबाग मटवारी मैदान में धूमधाम से मनायी जायेगी। मौके पर उपस्थित पूर्व केंद्रीय सदस्य झमन प्रसाद, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, जिला सोशल मीडिया सदस्य संजय भुइयां, प्रखंड सचिव सरोज मेहता, प्रखंड कोषाध्यक्ष, इंद्रदेव राम, महेंद्र पासवान, विशेश्वर, राम, दीपन साव, भारजीत कुमार, करमा भुइयां, सुनील राम, मोती भुइयां, भुनेश्वर महतो, देवनारायण महतो, मानिक लाल करमाली, सुरेंद्र मांझी, वाल्मीकि साव, राजेंद्र भुइयां, राजेंद्र भुइयां, पवन तुरी, नंदकिशोर भुइयां, गणेशा राम, रामसागर महतो, रामचंद्र भुइयां, सुरेश यादव, सूरज कुमार वर्मा, मो हुसैन, रामब्रिज राम इत्यादि लोग उपस्थित हैं।

## मेहता समाज का होली मिलन समारोह कल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मेहता समाज हजारीबाग के तत्वावधान में सिंदूर स्थित वृंदावन होटल में कल 11बजे से होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला के सभी प्रखंड के मेहता स्वजन बंधु के अलावे अन्य गणमान्य समाज सेवी को भी आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम मेहता समाज के जन सहयोग से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने दी है। मिलन समारोह को सफल बनाने को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने जिले के पदमा प्रखंड के बंदरबेला, कुटिपिसी, सरैया, रोमी, करर, पदमा, सूरजपुरा, बिहारी पंचायत समेत अन्य पंचायत में घूम कर लोगों से मुलाकात कर कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। निमंत्रण देने वालों में जीप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, जीप सदस्य बसंत नारायण मेहता, लखन मेहता, भागवत मेहता, ओम मेहता, जयनारायण मेहता, डेग्नारायण मेहता, निर्मल मेहता, कुमार केशव, कामेश मेहता, नागेंद्र मेहता, अजय मेहता आदि शामिल हैं।

## दारु के नये अंचलाधिकारी ने लिया प्रभार



**दारु (आजाद सिपाही)।** अंचल के नये अंचलाधिकारी सह कार्यपाकाल दंडाधिकारी नवीन भूषण कुल्लो ने सोमवार को अपना प्रभार ग्रहण कर लिया। पूर्व अंचलाधिकारी अदिति गुप्ता के तबादला होने के बाद वर्तमान सिओ ने अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया है। इनका स्वागत अंचलकर्मियों ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा की वे अपने दोनों पदो की जिम्मेमेवारी का निर्वाहन करने का पुरा प्रयास करेंगे।

## खबर का असर: आधा दर्जन से अधिक चापानल की मरम्मत



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बरकनगांगो में आधा दर्जन से अधिक चापानल खराब होने और 15 वीं वित मद से चापानल मरम्मती के नाम पर 91 हजार 26 रुपये की राशि निकासी होने के बावजूद धरातल पर कोई कार्य नहीं होने की खबर को अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें बरकनगांगों के नीचे टोला पंडित मोहल्ला, बजरंग बली मंदिर, खेल मैदान कटिया, किशोर यादव के घर समीप, भुइयां टोला, सिंह टोला समेत आदि जगहों पर चापानल खराब होने और कई चापानल से समान गायब होने की आवाज फौजी दिलीप सिंह ने उठाई थी। वहीं सभी खराब चापानल की मरम्मति होने पर स्थानीय ग्रामीण और फौजी दिलीप सिंह ने मीडिया के प्रति आभार प्रकट हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्यायों को दुर करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रसोइयों की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य रसोईया संघ के एटक प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें रसोइयों की समस्या से अवगत कराते हुए उसके समाधान की मांग की है। उन्होंने रसोइयों को नियुक्ति पत्र परिचय पत्र देने 26 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय देने, सेवा निवृति के पश्चात 10 हजार रुपये प्रति माह पेंशन देने, मध्यान भोजन का निजीकरण बंद करने, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी का दर्जा देने, 180 दिन का संवैधानिक अवकाश देने, कार्य के दौरान मृत्यु पर 10 लाख रुपये मुआवजा देने, ड्रेस उपलब्ध कराने की मांग किये।

## मोदी बर्णवाल समाज का होली मिलन समारोह



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अस्पताल रोड मोदी बर्णवाल धर्मशाला में मोदी बर्णवाल समाज के द्वारा होली मिलन का समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अहिबरन महराजा जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मोदी बर्णवाल समाज के सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर सामारोह को होलीनुमा बना दिया। साथ ही कार्यक्रम को रंगारंग रुप देकर समाज के लोगों ने आपस मे खुशियां बांटी। कार्यक्रम में होली गीत के साथ झूमे और लोगो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। इस दौरान छोटो ने जहां बड़ो से आशीर्वाद लिया। वहीं साथियों ने गले लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। मौके पर पूर्व प्रखंड प्रमुख सावित्री देवी ने कहा कि होली भाईचारे का त्योहार है समाज बिना संगठन के अधूरा होता है। लोगों को आरोप प्रत्यारोप का त्याग कर संगठन हित में निस्वार्थ भाव से काम करना चाहिए। इस अवसर पर गोबिंद मोदी, पंसस नितिनचन्द्र गुप्ता, मनोज मोदी, पवन बर्णवाल, केदार मोदी, नारायण मोदी, अलोक कुमार, दीपक मोदी, सोनू मोदी, चंदन मोदी, राहुल रंजन, अमित कुमार, राहुल मोदी, सुमन कुमार आदि सहित मोदी परिवार के लोग मौजूद थे।

## मौसम बदलने से मरीजों की संख्या बढ़ी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज आते-जाते रहते हैं जिले के छोटी बड़ी दुर्घटना के घायल भी आते जाते रहते हैं। वहीं मौसम चेंज होते हुए सर्दी, खांसी, बुखार और लूज मोशन का मरीज की संख्या बढ़ गई है। ओपीडी में सर्दी खांसी बुखार का 80 प्रतिशत लोग जाते हैं। इधर ड्यूटी में तैनात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ भारती सिन्हा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि प्रतिदिन बुखार सर्दी खांसी का बच्चों की संख्या बढ़ गई है मौसम चेंज होने के कारण मरीज अधिक आने लगे हैं। डॉ भारती नें लोगों को सलाह दी कि मौसम नें लगातर चेंज होने के कारण बच्चे को सर्दी खांसी बढ़ जाता है। वैसे में आइसक्रीम व ठंडा पर्दाथ नहीं खाने और धूप से बचने की सलाह दी है और समय पर दवा भी खाने को कहा गया है।

# ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**क्षेत्र में मादक पदार्थों की धड़ल्ले से हो रही है बिक्री**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा पुलिस ने मादक पदार्थ बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस बाबत थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर सोमवार की सुबह में छापामारी कर ग्राम सलैया टोला बेलाटांड स्थित सरकारी अस्पताल के भवन से सोनू कुमार पिता लालधारी महतो ग्राम घसकोडीह, थाना बरकट्ठा निवासी को अवैध रूप से करीब छह ग्राम ब्रॉउन शुगर के साथ पकड़ा। इस संदर्भ में बरकट्ठा थाना कांड संख्या 45/24 धारा-21(बी)/22(बी) एनडीपीएस एक्ट अंकित कर प्राथमिकी अभियुक्त-सोनू कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

जानकारी हो कि बरकट्ठा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में साइबर अपराधी सक्रिय हैं। इसमें चौदह साल से लेकर बीस बाइस साल के युवा शामिल हैं। इसी कारण बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र ब्राउन शुगर, चरस और अफीम जैसे मादक पदार्थों को बेचने का सेफ जोन बन गया है। इस तरह के अपराधी प्रसाशन के लिए चुनौती बने हुए हैं। इस धंधे में कई सफेदपोश शामिल हैं। प्रखंड क्षेत्र के युवा मादक पदार्थों का सेवन करने और साइबर अपराध के दलदल में धंसते चले जा रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र कोठियार पंचायत अंतर्गत पेट्रो और कोठियार के बीच ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार पिता, बेटी और नाती गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं घायल व्यक्ति की सूचना राहगीरों के द्वारा सतगावां थाना को दी। थाना प्रभारी द्वारा एंबुलेंस भेज कर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सत्यनारायण भकत के द्वारा उपचार किया गया। वहीं घायल व्यक्ति की पहचान विजय राय (50 वर्ष पिता दीनदयाल राय), गुड़िया देवी (25 वर्ष, पति लेखों राय), रंजन कुमार (4 वर्ष पिता लेखो राय) तीनों निवासी कोठियार के रूप में कइ गयी। घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए कोडरमा रेफर किया गया। थाना प्रभारी विजय गुप्ता से पूछे जाने बताया कि ट्रेक्टर और बाईक को जब्त कर थाना लाया गया है।**

## कोडरमा में मनाया गया महिला दिवस

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। राज इंटरनेशनल स्कूल की एक अनोखी पहल के माध्यम से विद्यालय के छात्र छात्राओं की माताओं को सम्मान देकर महिला दिवस मनाया गया। 3 मार्च को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय की निदेशक संपा सिंह ने कहा कि पुरस्कार सारी माताओं तथा हमारे विद्यालय की सारी शिक्षिका को समर्पित है। खेल का अयोजन किया गया था, पहला नंबर गेम जिसकी विजेता सानिया नाज रही। दूसरी म्यूजिकल चेयर जिस्की विजेता खुशबू तिवारी और तीसरा कैटवॉक जिनकी विजेता राखी रही। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका अनीता सिंह, दलजीत कौर और शिवानी भारती को विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसनीय सर्टिफिकेट देकर सम्मनित किया गया। मौके पर डायरेक्टर संपा सिंह ने कहा कि हर महिला की सफलता दूसरी महिला के लिए प्रेरणा होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन इंदु कुमारी और स्वाति सिन्हा ने किया। इस अवसर पर विनीता सिंह, कोमल घोष, ऋतु लाल और विद्यालय की शिक्षिका मौजूद रही।**

# लोकसभा चुनाव को लेकर धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस अवधि में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जन-सभा, जुलूस का आयोजन किया जायेगा। जन सभा और जुलूस में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता और प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र और शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित, आंतकित किये जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की आशंका बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए आवंछित, असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है। इसे लेकर अनुमंडल दंडाधिकारी कोडरमा रिया सिंह द्वारा निष्पक्ष चुनाव हेतु स्वस्थ और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने अथवा अधिकतम 60 दिनों तक (जो भी पहले हो) दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोडरमा अनुमंडल के संपूर्ण क्षेत्र में अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी किया है। इसमें किसी भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संगठन, उम्मीदवार, अभ्यर्थी द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या किसी भी प्रकार का प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पुवार्नुमति के आयोजित नहीं किया जायेगा। जुलूस में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का धारदार हथियार (अस्त्र एवं शस्त्र) जो मानव शरीर के लिए घातक हो, को लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। द झारखंड कंट्रोल ऑफ द यूज एंड प्ले ऑफ लाउड स्पीकर एक्ट 1955 के अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग 6 प्रातः से रात्रि 10 बजे तक ही करेंगे। किसी सार्वजनिक/सरकारी सम्पत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर/पम्फलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झंडा लगाना, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना एवं तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

# महावीर मंडा सर्वजाति हिंदू समाज का मिलन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** महावीर मंडा सर्वजाति हिंदू समाज हरली के बैनर तले पूर्व मुखिया महेंद्र महतो की अध्यक्षता में तथा कोषाध्यक्ष केशव नाथ महतो के नेतृत्व बेला बाध में ऐतिहासिक होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरली समाज के पूर्व अध्यक्ष त्रिवेणी महतो ने किया। समारोह की शुरूआत बजरंगी झंडा का ध्वजारोहण और पुरुषोत्तम भगवान राम के मूर्ति पर पूजा अर्चना कर की गयी। होली मिलन समारोह में सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारगी का मिशाल पेश किया। मिलन समारोह में सांस्कृतिक कला मंच हरली के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित भीड़ होलियारी गीतों में सराबोर हो गये। साथ ही साथ भोज का भी आनंद लोग दिनभर लेते रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बड़कागांव में इस तरह का होली मिलन समारोह पहली बार हो रही है जो हरली सर्वजातीय हिंदू समाज का ऐतिहासिक है। इतना विशालतम होली मिलन समारोह प्रखंड भर में आज तक नहीं हुई थी। लोगों ने कहा कि होली पर्व सभी भेदभाव मिटाकर आपसी भाईचारगी मिलन का त्यौहार है। समारोह में केंद्रीय कुशवाहा समाज के बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, अखिल भारतीय तैलिक समाज के बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, सचिव कैलाश साव, पदुम साव, हरली समाज के अध्यक्ष राम सुंदर महतो, पत्रकार नरेश कुमार, उमेश कुमार दांगी, उमेश महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, शिवदयाल महतो, रामेश्वर राम, संतोष कुमार राणा, सुनील कुमार, श्यामलाल निराला, नरेश कुमार, धनेश्वर महतो, संजय कुमार, मटुकधारी महतो, रामेश्वर साव,धानेश्वर पासवान, संजय भुइयां, सबूर महतो, तेजू ठाकुर, कन्हाई राणा, रोशन महतो, किरण बाला, विमला कुमारी, नथू महतो, रामनाथ महतो, बीनू महतो, सेवंती देवी, ललिता कुमारी सहित ग्राम पंचायत के विभिन्न जाति समुदाय के हजारों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे। कार्यक्रम में बाहर से आए हुए कलाकार और हरली समाज के महिला कलाकार द्वारा भी होलियारी गीत प्रस्तुत किया गया।

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन लोग घायल

**चतरा (आजाद सिपाही)।** शहर के न्यू बस स्टैंड में आपसी पुराने भूमि विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में जमकर लाठी डंडा चला। इस दौरान, एक दूसरे पर धारदार हथियार से भी हमला किया गया और वर्षों से संचालित मोबाइल और जनरल स्टोर में भी तोड़फोड़ और क्षतिग्रस्त कर लूटपाट करने का आरोप लगाया जा रहा है। इस मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये। शहर के न्यू बस स्टैंड में स्थित दुकान के सामने बालू गिराने से रोकने के बाद शुरू हुआ विवाद ने बकझक होते-होते हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्ष के लोग सदर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव का रहने वाले हैं दोनों पक्षों के घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## पीटीजी के 220 परिवारों को मिला राशन



**प्रतापपुर/चतरा (आजाद सिपाही)।** डाकिया योजना के तहत प्रतापपुर प्रखंड के जवादोहर, हिंदिया व हेसातु सहित कई अन्य गांवों में निवास कर रहे पीटीजी परिवारों को सोमवार को 220 लाभुकों के बीच राशन का वितरण किया गया। सहायक गोदाम प्रबंधक गौतम ठाकुर और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार के द्वारा अंत्योदय राशन कार्ड धारक जवादोहर, हिंदिया और हेसातु सहित कई अन्य गांवों के लाभुकों को मार्च माह का 35 किलो का राशन वितरण किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित पीटीजी परिवारों को मतदान कैसे करना है इसको लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास ने बताया कि कई गतिविधियों के माध्यम से मतदान को लेकर लगातर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर उपस्थित पीटीजी परिवारों ने शतप्रतिशत मतदान करने को ठाना है।

## अवैध कोयला लदा हाइवा पकड़ाया



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र उरीमारी में रविवार देर रात्रि को उरीमारी परियोजना के वरीय सुरक्षा पदाधिकारी राम सनेही ने गुप्त सूचना के अधार पर अवैध कोयला लोड लेकर भाग रहे हाइवा को पकड़ कर कागजात की जांच पड़ताल कर उरीमारी ओपी को कानूनी कार्रवाई के लिए सौंप दिया। वहीं वरीय सुरक्षा पदाधिकारी राम सनेही के द्वारा उरीमारी ओपी प्रभारी को आवेदन में बताया गया है कि रविवार देर रात को गुप्त सूचना मिली कि हाईवा नंबर 0D09P - 6147 कोयला लोड गाड़ी उरीमारी वर्कशॉप होते हुए रामगढ़ की ओर जा रही है इस बात को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षा विभाग के टीम के साथ उरीमारी चेक पोस्ट पहुचा और तैनात सुरक्षा कर्मियों को बैरियर गिराकर सभी कोयला लोड गाड़ीयों का कागजातों की जांच पड़ताल करने को कहा। कागजातों की जांच पड़ताल करता देख गाड़ी नंबर 0D09P - 6147 का ड्राइवर गाड़ी खड़ा करके भाग गया। काफी खोजबीन करने के पश्चात ड्राइवर नहीं मिला। इस संदर्भ में बरका सयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना, बिरसा परियोजना और न्यू बिरसा परियोजना के डिस्पैच में जांच करने पर पता चला कि उक्त गाड़ी ट्रांसपोर्टिंग के लिए पासिंग लिस्ट में नंबर नहीं है। हाइवा में लगभग 16 टन चोरी का अवैध कच्चा कोयला लदा हुआ है। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को देते हुए विधिसम्मत कार्रवाई करने हेतु अवैध कोयला से लोड गाड़ी को उरीमारी थाना को सुपूर्द किया। वहीं उरीमारी ओपी प्रभारी ने बताया कि किसी भी तरह की अवैध कोयला कारोबार को चलने नही दिया जायेगा। पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## श्री रानी सती दादी मंदिर में रंग रंगीला फागुन उत्सव का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित श्री रानी सती दादी मंदिर में रंग रंगीला फागुन उत्सव का आयोजन सोमवार को किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम दादी जी के मीठे-मीठे भजनों से फूलों की होली के साथ खेले गई। वही श्री रानी सती दादी महिला मंगल समिति की सदस्यों ने दादी जी के भजनों का गुणगान किया। तत्पश्चात रावण की प्रसिद्ध गायिका प्रीति पांडे एवं उनकी टीम के द्वारा फागुन के अवसर पर दादी जी के एक से बढ़कर एक मनमोहक भजन पेश कर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही, भक्तों ने फागुन की रिमझिम बारिश के बीच धमाल पर भक्तों ने झूम झूम के नृत्य किया। महाआरती और प्रसाद वितरण रंग रंगीला फागुन उत्सव का समापन किया गया।

## मवेशी लदा पिकअप वाहन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मवेशी लदे एक पिकअप वाहन के साथ दो मवेशी तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मवेशी तस्करों में चतरा लाइन मोहल्ला के मोहम्मद फिरदौस और मोहम्मद अरबाज है। चतरा से मवेशी को तस्करी के लिए बिहार ले जाया जा रहा था। इसी दौरान हंटरगंज में वाहन चेकिंग के दौरान मवेशी लदे वाहन को जप्त किया गया। मवेशी से संबंधित कोई भी कागजात गिरफ्तार तस्करों के द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। वाहन से बरामद पांच भैंस को पशुपालकों को सौंप दिया गया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी के नेतृत्व में किया गया।

## रामनवमी पूजा को लेकर बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भदानीनगर क्षेत्र के कुरसे महादेव मंदिर प्रांगण में सोमवार को स्थानीय ग्रामीण की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से इस बार भी पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ रामनवमी पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही रामनवमी पूजा सह झांकी एवं शोभा यात्रा के लिए श्रीश्री रामनवमी अखाड़ा कुरसे कमेटी का गठन किया गया। इसमें संरक्षक के रूप में दिनेश सिंह, धनेश्वर यादव, गिरधारी गोप, राणा प्रताप सिंह, फुलेश्वर राम, महेश सिंह, सचिन साहू, राजकुमार साहू, जयलाल सिंह, राज कपूर सिंह, हरिचरण करमाली, रामदास बेदिया, जनार्दन मुंडा, वीरेंद्र यादव, जयदेव सिंह, अजय तुरी, पंकज सिंह, रविंद्र बेदिया चुने गये। वहीं अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, उपाध्यक्षपवन मुंडा व विक्रांत सिंह, सचिव राहुल करमाली, सह सचिव उत्तम सिंह व प्रेम सागर सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, सह कोषाध्यक्ष विशाल ठाकुर व रोहित सिंह, संगठन सचिव दीपक सिंह चुने गये। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में सतीश सिंह, सूरज ठाकुर, सिकेंन्द्र सिंह, छोटू प्रजापति, विशाल करमाली, प्रीतम सिंह, सुरज मुंडा, विकास करमाली, विकास मुंडा, धीरज सिंह, राजदीप करमाली, प्रेम ठाकुर, संजीव करमाली, अभिषेक करमाली, राहुल बेदिया, पंकज कुमार सिंह, रामवीर सिंह, शिबू करमाली, किशन मुंडा, राज मुंडा, योगेंद्र यादव, पवन सोनी, मनमोहन बेदिया, रणवीर यादव, विजय तुरी, प्रशांत सिंह, सूरज सिंह, साहिल सिंह, रोहन करमाली, सागर करमाली, डीकेश सिंह, रोहित करमाली आदि शामिल हैं।

## कोयला लोड पकड़े गये छह हाइवा मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

# पांच नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**सीआइडी ने भी पूरे प्रकरण को खंगाला, दिया आवश्यक निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ थाना में जब्त कोयला लदा छह हाइवा मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने खान निरीक्षक के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले में जिले के प्रख्यात व्यवसायी के प्लांट सहित चार लोगों को पर नामजद मामला दर्ज किया है। मामला दर्ज होने के बाद कारोबारियों में खलबली मच गई है। पुलिस मामला दर्ज आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। साथ ही मामले की तह तक जाने के लिए जांच में जुट गयी है।

**एक ही सीरियल नंबर के चलान पर जा रहे कोयला लदा हाइवा:** इधर पुलिस जांच में स्पष्ट हुआ कि कोयला लदे हाइवा में एक ही सीरियल नंबर के चलान मिला। जिससे स्पष्ट हुआ कि कारोबारी कोयला हेराफेरी कर रहे थे। साथ ही खनन विभाग को भी चकमा देकर अवैध कारोबार कर रहे थे।

**क्या है मामला**

बताते चले कि रविवार को रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू को गुप्त सूचना मिली कि कुजू रेलवे साइडिंग से अवैध तरीके से कोयला लेकर छह हाइवा संख्या जेएच 24एल 2412, जेएच 24जे 2280, जेएच 24जे 6029, जेएच 24एच 2112, जेएच 01डीपी 6866, जेएच 02एयू 4910 रामगढ़ की ओर जा रही है। सूचना पर श्री साहू ने सभी हाईवा को रांची रोड के निकट पकड़ लिया। जिसके बाद सभी हाईवा को रामगढ़ थाना परिषर ले आया था।

**इनपर हुआ मामला दर्ज:** मामले में झारखंड इस्पात के मालिक, प्रवीण साव, विनोद पहाड़ी, पप्पू साव के अलावे हाइवा चालक-खलासी व मालिम पर मामला दर्ज किया गया है। साथ ही खान निरीक्षक ने राज्यसात की कार्रवाई के किये अनुशंसा किया है। इधर रामगढ़ पुलिस ने मामले को संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित कर कार्रवाई का आग्रह किया है। साथ ही मामले में जांच कर कारोबार में शामिल अन्य लोगों पर मामला दर्ज करने की दिशा में काम कर रही है।

**सीआइडी ने मामले को खंगाला, दो घंटे थाने में रुककर ली जानकारी:** कोयला लदे हाइवा पकड़े जाने की सूचना पर वरीय अधिकारी के निर्देश पर सोमवार सीआइडी की टीम रामगढ़ थाना पहुंची। टीम का नेतृत्व एडिशनल एसपी दीपक कुमार कर रहे थे। उनके साथ डीएसपी अनुज उरांव, अजीत विमल के अलावा अन्य पदाधिकारी शामिल थे। टीम में शामिल अधिकारीकारियों ने रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू से जब्त कोयला लदे हाईवा से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। साथ ही मामले में कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने सीएसआर समिति के साथ की बैठक

# शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने एसपी डॉ विमल कुमार की उपस्थिति में जिला समाहरणालय के सभागार में जिले में विभिन्न कारखाना और सीसीएल, टाटा सहित विभिन्न एजेंसियों के साथ सीएसआर समिति की बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी लोकसभा आम निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहे हैं। जिसके तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने सभी एजेंसियों को अपने संबंधित क्षेत्रों में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने विभिन्न कारखानो और सीसीएल, टाटा सहित विभिन्न एजेंसियों को मतदान के दिन अवकाश घोषित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान के दिन वहां काम करने वाले सभी कर्मियों को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

**वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से अपना मतदाता पहचान पत्र सुनिश्चित करने की अपील:** बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को बताया कि जिन जिन कर्मीयों का मतदाता पहचान पत्र संबंधित लोकसभा क्षेत्र में नहीं है और यहां कार्य कर रहे हैं तो वह सभी वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से अपना मतदाता पहचान पत्र संबंधित लोकसभा क्षेत्र में करना सुनिश्चित करने की अपील की।

बैठक में वरीय पदाधिकारी आदर्श आचार संहिताकोषांग सह विधि व्यवस्था कोषांग सह अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्त विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह समाज कल्याण पदाधिकारी कनक लता तिर्की, सीसीएल टाटा, जिंदल सहित विभिन्न एजेंसीयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बिना हेलमेट के वाहन ना चलायें: थाना में बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज।** थाना परिसर में सोमवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक का संचालन थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी ने किया। इस बैठक में होली पर्व शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मानने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से क्षेत्र की समस्या से अवगत हुए। सभी लोगों से होली पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाने पुलिस को सहयोग करने की अपील किया। अवैध शराब को लेकर समिति के सदस्यों ने रोक लगाने की मांग की। इसके अलावा थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी ने बताया कि होली पर्व और रमजान का पर्व हिंदू मुस्लिम दोनों का पवित्र महीना है। इस महीने में सभी लोगों को नियत पाक साफ रखना चाहिए। सभी चालकों को बिना हेलमेट नहीं चलने के लिए निर्देश दिया। उपस्थित लोगों से अपील किया कि डीजे पर अश्लील गाना बजाने या जाति विशेष पर गाना बजाने को लेकर सख्त हिदायत दिया है। किसी जाति विशेष पर गाना बजाने तथा किसी तरह विवाद होने पर उसे कानूनी रूप से कठोर कार्रवाई की जायेगी। मटका का कार्यक्रम को लेकर भी लोगों को सतर्क रहने की बात कही गयी। उन्होंने बताया कि ऐसा हमेशा देखने को आया है कि मटका फोड़ने को लेकर बच्चों की लड़ाई में उनके गार्जियन भी पार्टी बनकर लड़ाई करते हैं । ऐसा पाया गया तो उनके विरुद्ध ऐसी कार्रवाई की जायेगी ताकि भविष्य में भी गलत को साथ देने और गलत करने के लिए सोचना पड़ेगा। साप्ताहिक हाट में शराब और नशा सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में थाना प्रभारी के अलावे उपप्रमुख राहुल कुमार गुप्ता, पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी निरंजन कुमार निराला, भाजपा राजेश कुमार सिंह उर्फ युगल सिंह, समरेश सिंह और पिंटू सिंह, दूधनाथ यादव, चैतू यादव, दिलीप कुमार, मदन चौधरी, वकील खान, उमेश तिवारी, दीपा भारती, सुबल पांडे, एएसआई दीलीप यादव, सुमारु राम, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# श्री गुरु नानक स्कूल में कैरियर काउंसिलिंग

**बेहतर कैरियर के लिए सही रास्ते का करें चयन: विकास**

आजाद सिपाही संवाददाता






**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 और 10 वीं के छात्रों के लिए सोमवार को कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। काउंसलिंग में 9 और 10 वीं कक्षा के बच्चें अपने अभिभावक के साथ उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परामर्शदाता विकास कुमार शामिल हुए। करियर काउंसलिंग को संबोधित करते हुए विकास कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अच्छे अंक लाकर नौवीं और दसवीं की परीक्षा पास कर लेते हैं। इसके बाद आगे की पढ़ाई के दौरान उन्हें कौन सा विषय चुनना है, भविष्य में क्या करना चाहते हैं, इसका सही तरह से चयन नहीं कर पाते। वह कई बार गलत विषय का चयन कर उसमें दाखिला ले लेते हैं, जबकि उनकी रुचि उसमें नहीं होती। छात्रों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या होती है ऐसे कोर्स का चयन करे जिससे कि आगे चलकर उनका भविष्य उज्वल हो सके। सही मार्गदर्शन और जानकारी के अभाव के चलते उनके द्वारा लिया गया एक गलत फैसला उनके पूरे भविष्य में अंधकार में धकेल देता है। छात्र ऐसी भूल न करें और बेहतर कैरियर के लिए सही रास्ते का चयन करें।

**बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त कर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाये: हरजाप**

**विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने काउंसलिंग की व्यवस्था की और बच्चों को सही दिशा की ओर ले जाने का प्रयास किया, जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके और वह सही राह को चुनें, बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त कर अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकें।**

**ये थे उपस्थित:** कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को टंडवा बाजार से लौट रहे राय बस्ती निवासी टेकलाल महतो ग्राम राहम टोला बसरिया में टंडवा पिपरवार मुख्य पथ पर बाइक और हाइवा के बीच भिड़ंत हो गया। सीधी टक्कर में बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया। यह घटना समय 4 बजे की है। यह घटना कोल वाहन के अत्याधिक चलने की वजह से बाइक सवार का घटना बताया जा रहा है। आनन फानन में घायल टेकलाल महतो को टंडवा सीएचसी लाया गया।

## बिहार जा रही शराब लदी कार जब्त



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीसी रामगढ़ को मिली गुप्त सूचना और मिले निर्देश के बाद जिला निर्वाचन टीम की उड़न दस्ता दल और कुजू पुलिस ने मुरपा सरना स्थल के पास से शराब लदा एक स्विफ्ट कार को जब्त किया। वही, कार पर सवार धंधेबाज फरार हो गये। जानकारी के अनुसार, डीसी रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली कि सरना स्थल, मुरपा के पास एक सफेद स्वीफ्ट कार संख्या जेएच01सीटी-7247 पर शराब लेकर गुजरने वाला है। गठित उड़न दस्ता दल और कुजू पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर तत्काल कार्रवाई की। चेकिंग अभियान के तहत दल ने सरना स्थल से उक्त कार को जब्त किया। जब्त कार में करीब 29 पेटी में 348 बोतल (261 लीटर) अंग्रेजी शराब है। पुलिस ने कार व शराब को जब्त करते हुए कुजू ओपी ले आयी। वही, मामले की जानकारी उत्पाद विभाग की टीम को दिया गया। जिसपर उत्पाद विभाग ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उत्पाद विभाग और कुजू पुलिस के अनुसार बरामद शराब ओनली सेल इन अरुणाचल प्रदेश का था। लेकिन शराब तस्करों द्वारा होली के मद्देनजर खपाने के लिए ले जाया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार जब्त शराब को बिहार में खपाये जाने की योजना थी। लेकिन उससे पहले ही दल ने कार को जब्त कर लिया। मालूम हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी होने के बाद पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। जिसका सख्ती से अनुपालन किया जा रहा है।

## छह दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**मांडू (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त के निर्देश पर मांडू प्रखंड में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के बेहतर संचालन और केंद्र के माध्यम से बच्चों और आमजनों को विभिन्न सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में सोमवार को छह दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन से संबंधित विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं को तितली फाउंडेशन के मीरा ठक्कर और पिंटू कुमार ने प्रखंड के सभी सेविकाओं को केंद्र में उनकी परेशानियों पर चार्ट बनाकर चर्चा किया। साथ ही बच्चों के साथ डेमो और खेल खेला गया। इस दौरान सेविकाओं ने प्रशिक्षण को खूब सराहा।

## शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस के मार्गदर्शन में देश भगत यूनिवर्सिटी मांडी गोविंदगढ़ पंजाब के तत्वावधान में सोमवार को भदानीनगर क्षेत्र के मेनरोड स्थित राजनंदिनी रेस्टोरेंट एंड पार्क में शिक्षक सम्मान समारोह सह एजुकेशन कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि देश भगत यूनिवर्सिटी के उप कुलपति (व्याइस चांस्लर) डॉ हर्ष सदावर्ती और ओएसडी के अध्यक्ष अमित कुकरेजा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह में अतिथियों ने क्षेत्र के दर्जनों शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले शिक्षको में प्रो एनके सिंह, सौंदा पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अमित कुमार साहू, बेस स्पोकेन इंग्लिश इंस्टीच्युट के डायरेक्टर जेएन प्रसाद, एमके साहु, एस्पयार कोचिंग सेंटर के को-ऑडिनेटर सह अंग्रेजी शिक्षक नितेश सिंह, एसएसी कोचिंग के निदेशक अवधेश कुमार सिंह, डॉन बास्को एकाडमी के निदेशक अंगद राय, दीपक मुखर्जी, अजीत सिंह, बृजमोहन प्रसाद, उमेश सिंह, पीसीआइ के प्रकाश कुमार, शक्ति सिंह, विकास कुमार आदि शामिल हैं। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ हर्ष सदावर्ती ने देश भगत यूनिवर्सिटी द्वारा कराये जा रहे सभी कोर्सों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि अमित कुकरेजा ने भी कोर्सों की जानकारी दी। कुमार क्लासेस के निदेशक संतोष कुमार ने कहा की इस तरह के आयोजन से शिक्षकों का समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगा। यूनिवर्सिटी के झारखंड एडमिशन इंचार्ज दिनेश सिंह भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां साक्षा की। मंच संचालन करियर काउंस्लिंग बोर्ड के अध्यक्ष डॉ एसएन सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुमार क्लासेस के निदेशक संतोष कुमार ने किया। मौके पर विश्वनाथ कुमार, शिव शंकर पांडेय, जानकी ठाकुर, बैजनाथ कुमार, जितेंद्र कुमार आजाद सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

## संजय बने वैश्य समाज के मोर्चा जिलाध्यक्ष



**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद ने अनिल कुमार को रामगढ़ जिला अध्यक्ष और सेवटा निवासी संजय शाह को युवा मोर्चा रामगढ़ जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनीत के बाद संजय शाह ने केंद्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। उन्होंने इमानदारी पूर्वक समाज के प्रति कार्य करने की बात कही।

## उज्ज्वला फाउंडेशन ने मनाया होली समारोह



**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्जवला फाउंडेशन ने सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन जेपी रेस्टोरेंट बोंगावार फोरलेन में की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। मौके पर जगेश्वर प्रजापति ने मौजूद सदस्यों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन सचिव आशा कुमारी ने की। तत्पश्चात 105 सदस्यों के बीच खाद्य सामग्री वितरण किया गया। इस अवसर पर शांति देवी, सुमन देवी, अनीता देवी, वीणा कुमारी, मनसरी देवी, संगीता देवी, गुड़िया बानो, सुनीता देवी, तमन्ना देवी, प्रियंका कुमारी, स्वाति देवी, रीना कुमारी, प्रीति कुमारी, पूनम देवी, सावित्री देवी, सुमित्रा देवी, पारो देवी, लक्ष्मी देवी समेत दर्जनों सदस्य मौजूद रहे।

## वज्रपात से दो मवेशी की मौत

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू चट्टी पंचायत के ग्राम गरगाली में सोमवार को हुई वज्रपात से दो मवेशियों की मौत हो गयी। इस संबंध में भूकभोगी (मवेशी मालिक) कुलेश्वर ठाकुर ने बताया कि प्रतिदिन की तरह सोमवार को जंगल की ओर दोनों मवेशी चारा खाने के लिए गये हुए थे। अचानक बारिश और वज्रपात होने से मेरे दोनो मवेशी की मौत हो गयी।

# लोकसभा चुनाव के अहम पहलू

लोकसभा चुनावों की तारीखें घोषित किये जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच बयानबाजी और तेज हो गयी। सत्ता पक्ष और विपक्ष की इस नोक-झोंक को लोकतंत्र की खूबसूरती मान कर नजरअंदाज कर दिया जाये तो भी इन चुनावों से जुड़े कई अहम पहलू हैं, जो इसे खास बनाते हैं। 20वीं सदी का अंतिम दशक अगर राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय बन गया था, तो 21वीं सदी अपने साथ स्थिरता लेकर आयी। न केवल अटल बिहारी वाजपेयी की अगुआई वाली सरकार ने अपना कार्यकाल पूरा किया, बल्कि उसके बाद पहले डॉ मनमोहन सिंह और फिर नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकारों ने देश को लगातार 10-10 साल का शासन दिया। अब इस बार के चुनाव में जहां बीजेपी नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। दिलचस्प है कि सत्तारूढ़ बीजेपी इन चुनावों में जिन फैसलों पर सबसे ज्यादा जोर दे रही है, वे भले पांच वर्षों के मौजूदा सरकार के कार्यकाल के दौरान लिये गये हों, लेकिन उन मुद्दों से जुड़े हैं जो वर्षों नहीं, दशकों से बीजेपी के मूल मुद्दों के रूप में पहचाने जाते रहे हैं। चाहे राममंदिर, अनुच्छेद 370 और सीएए की बात हो या ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर पूजा शुरू होने की- ये सारे मुद्दे बीजेपी के इस दावे को मजबूती देते हैं कि वह जो कहती है, करके दिखाती है। विपक्षी दलों ने इन चुनावों में उन लोगों को संबोधित करने और अपनी ओर खींचने की रणनीति बनायी जो बीजेपी के जाने-पहचाने नैरेटिव के प्रभाव से बाहर माने जाते हैं। आइएनडीआइए बना कर हर सीट पर साझा प्रत्याशी खड़ा करने की सोच के पीछे यही इरादा था। मगर नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी और ममता बनर्जी का आइएनडीआइए से बाहर रहने का फैसला इस रणनीति के आजमाये जाने से पहले ही नाकाम होने का संकेत है। बहरहाल, देखना होगा कि आगे विपक्षी दल अपना केस वोटरों के सामने कितने कारगर ढंग से रख पाते हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाये ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिला कर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा।

**देखना होगा कि आगे विपक्षी दल अपना केस वोटरों के सामने कितने कारगर ढंग से रख पाते हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाये ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**एनडीए में 39 पार्टियां हैं, जबकि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस समेत 26 पार्टियां हैं। दोनों चुनाव में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि कुछ तटस्थ दल किसी से भी जुड़े नहीं हैं। विपक्ष को भरोसा है कि वह मोदी सरकार के खिलाफ मुद्दे उठा सकता है। यह रोजगार संकट से निपटने में मोदी की अक्षमता की आलोचना करता है और भाजपा के मुस्लिम विरोधी बयानों की निंदा करता है।**

# तीसरे कार्यकाल के लिए भाजपा को दक्षिण को फतह करना ही होगा

कल्याणी शंकर

2024 के चुनाव के लिए अब कुछ ही हफ्ते बचे हैं, राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर पर नियंत्रण के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भाजपा अपने सहयोगियों की मदद से 400 सीटें जीतना चाहती है, जबकि विपक्षी समूह, इंडिया गठबंधन का लक्ष्य प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता से हटाना है। मुकाबला मोदी और बाकियों के बीच है और भाजपा को चुनौती देने के लिए कोई स्पष्ट विपक्षी उम्मीदवार नहीं है।

एनडीए में 39 पार्टियां हैं, जबकि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस समेत 26 पार्टियां हैं। दोनों चुनाव में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि कुछ तटस्थ दल किसी से भी जुड़े नहीं हैं। विपक्ष को भरोसा है कि वह मोदी सरकार के खिलाफ मुद्दे उठा सकता है। यह रोजगार संकट से निपटने में मोदी की अक्षमता की आलोचना करता है और भाजपा के मुस्लिम विरोधी बयानों की निंदा करता है।

विपक्ष ने भाजपा पर मीडिया और शोध संस्थानों पर हमला करने का आरोप लगाया है। अंत में, उनका दावा है कि राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए सरकार द्वारा सत्ता के दुरुपयोग के कारण लोकतंत्र खतरे में है। भाजपा मोदी के 10 साल के कार्यकाल और कल्याणकारी उपायों पर जोर देती है, दोबारा चुने जाने पर और अधिक का वादा करती है, अधिक गठबंधन बनाती है, और सक्षम नेतृत्व और रणनीतिक योजना के साथ अपनी स्थिति को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करती है।

**दक्षिणी क्षेत्र के लोगों को फिल्में पसंद हैं, और फिल्म उद्योग उनके दिलों में एक विशेष स्थान रखता है।**

2019 के चुनावों में भाजपा ने हिंदी पट्टी, गुजरात और महाराष्ट्र में महत्वपूर्ण जीत हासिल की। चूंकि पार्टी पहले ही उत्तरी क्षेत्र में अपने चरम पर पहुंच चुकी है, इसलिए वह केवल देश के दक्षिणी हिस्से में अपनी सीटों की संख्या बढ़ा सकती है। वर्तमान में, पार्टी के पास दक्षिण भारत की 130 लोकसभा सीटों में से केवल 28 सीटें हैं। मोदी अधिक समर्थन हासिल करने के लिए केरल और तमिलनाडु पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वह परियोजनाओं की घोषणा करने और पार्टी के एजेंडे पर जोर देने के लिए नियमित रूप से इन राज्यों का दौरा करते हैं। चुनाव से पहले भाजपा ने कई पार्टियों के साथ गठबंधन किया है। आंध्र प्रदेश में भाजपा, चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली तेलगु देशम पार्टी और अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जन सेना के बीच समझौते से एनडीए मजबूत हो गया है।

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) चल रहे किसानों के विरोध पर नजर रख रहा है और कोई भी निर्णय लेने से पहले शांतिपूर्ण समाधान की प्रतीक्षा कर रहा है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी दोबारा एनडीए में शामिल हो गयी है, जिससे भाजपा को फायदा होने की उम्मीद है। कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) पार्टी भी एनडीए गठबंधन में शामिल हो गयी है।

ओड़िशा में भाजपा बीजद से बातचीत कर रही है। जयंत चौधरी के नेतृत्व वाली रालौद यूपी में सत्तारूढ़ दल में शामिल हो गई है, जिससे विपक्ष कमजोर हो गया है। जम्मू-कश्मीर में भाजपा नैकां से बातचीत कर रही है। महाराष्ट्र में शिवसेना, भाजपा और राकांपा के अजित पवार का एक धड़ा गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहा है। तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश सहित दक्षिणी राज्य पारंपरिक रूप से क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस द्वारा शासित रहे हैं। उनकी राजनीतिक मान्यताएं भाजपा से अलग हैं, यही वजह है कि वह इस क्षेत्र में अपनी पैठ नहीं बना पायी है।

दूसरे भाजपा को ज्यादातर उत्तर भारत की पार्टी के रूप में माना जाता है, जिससे दक्षिण को हिंदी भाषी क्षेत्रों द्वारा बहिष्कृत और दबदबे वाला महसूस होता है। तमिलनाडु में 1950 और 1960 के दशक में हिंदी थोपने के विरोध में एक आंदोलन देखा गया था और राज्य अभी भी इसका विरोध करता है। तीसरा, द्रविड़ पार्टियों ने एमजी जैसे मजबूत करिश्माई नेताओं को सफलतापूर्वक तैयार किया। रामचंद्रन, एम करुणानिधि और जयललिता, जिनकी भाजपा में कमी थी। चौथा, द्रविड़ पार्टियों के पास पूरे राज्य में एक मजबूत वोट बैंक और प्रभावशाली क्षेत्र हैं, जबकि भाजपा के पास दक्षिण में इन दोनों का अभाव है। पांचवां, पिछले कई वर्षों से द्रमुक और अन्नाद्रमुक अपने मजबूत संगठनों के साथ सत्ता में बारी-बारी से आ रहे हैं।

अंततः दक्षिणी क्षेत्र के लोगों को फिल्में पसंद हैं, और फिल्म उद्योग उनके दिलों में एक विशेष स्थान रखता है। अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, तमिल सुपरस्टार रजनीकांत मायावी थे। पिछले साल गठबंधन खत्म होने के बाद से भाजपा अन्नाद्रमुक का समर्थन हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। द्रमुक पर सीबीआइ और अन्य एजेंसियों ने उसके कई नेताओं को निशाना बनाया है। 2019 के आम चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 2014 के 5.5 प्रतिशत से गिर कर 3.66 प्रतिशत हो गया।

केरल में सत्तारूढ़ सीपीआइ-एम के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे को चुनौती देने के लिए भाजपा को छोटे दलों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने की जरूरत है। हालांकि, यह मुश्किल हो सकता है क्योंकि भाजपा की विचारधारा छोटी पार्टियों के अनुरूप नहीं है, और राज्य में मुस्लिम और ईसाई भाजपा को वोट नहीं दे रहे हैं। कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भाजपा को बढ़त मिली है। पहले टीआरएस शासित तेलंगाना में कांग्रेस अब सत्ता में आ गयी है। विभाजन के बाद से ही आंध्र प्रदेश क्षेत्रीय पार्टियों के शासन में है।

कई राजनीतिक दलों और नेताओं ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) जैसी सरकारी एजेंसियों की जांच से बचने के लिए भाजपा के साथ गठबंधन किया है, जो वर्तमान में उनके नेताओं की जांच कर रही है।

हालांकि, अगर मोदी तीसरा कार्यकाल चाहते हैं, तो उन्हें दक्षिण को जीतना होगा और इंडिया गठबंधन को कमजोर करना होगा और भाजपा यह जानती है।



**पिछले साल गठबंधन खत्म होने के बाद से भाजपा अन्नाद्रमुक का समर्थन हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। द्रमुक पर सीबीआइ और अन्य एजेंसियों ने उसके कई नेताओं को निशाना बनाया है। 2019 के आम चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 2014 के 5.5 प्रतिशत से गिर कर 3.66 प्रतिशत हो गया।**

## जमशेदपुर की खबरें

# आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में तेंदुआ का आतंक

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** बीते दो दिन से आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में तेंदुआ डर से सभी कंपनी प्रबंधन और मजदूर काफी चिंतित है। वही तेंदुआ को पकड़ने के लिए जिला प्रशासन, वन विभाग और इंडस्ट्रियल एरिया के लिए सर दर्द बनी हुई है। उधर आरसीबी ट्रांसमिशन प्लांट एक में तेंदुआ को चहल-कदमी करते देखने के बाद से दिनभर वन विभाग की रेस्क्यू टीम ढूंढने में लगी रही लेकिन तेंदुआ नजर नहीं आया। वही देर शाम तेंदुआ का लोकेशन दूसरे कंपनी में पाया गया। सोमवार की सुबह तेंदुआ का लोकेशन बेबको कंपनी के पास मिला। तेंदुआ की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। वन विभाग की टीम तेंदुआ को अब तक ढूंढ पाने में नाकाम साबित रही है। तेंदुआ की गतिविधि को देखते हुए आसपास के उद्यमियों में हड़कंप मचा हुआ है। अनुमान लगाया जारहा है अगर जल्द तेंदुआ को पकड़ा नही गया तो इसके वजह से कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# भाजपा सोनारी मंडल ने भवन और बूथ प्रभारी के साथ की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार के नेतृत में भवन और बूथ प्रभारी के साथ बैठक आयोजित की गयी। सोमवार को आयोजित बैठक में विधानसभा के विस्तारक सोनु कुमार उपस्तित रहे। मौके पर आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को भारी बहुमत से जीत दर्ज कराने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर 10%वोट वृद्धि पर चर्चा की गयी। बैठक में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मिडिया प्रभारी सोनु ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल लहरी,सतेंद्र सिंह यादव, संजय रजक,दिपक घोष, नारायण प्रसाद,संजय मुंडा, रीता सिंह, सुबोध कर्मकार,सरिता लाल, शुशील हेसा, राजपाल सिंह, कबिता मुंडा, सुजीत आदित्य, बिराज डे, काजल मुखर्जी, दिपक नाग, रमेश प्रसाद, परितोष बोस,गणेश मल्होत्रा, भोला साहू, राहुल भट्टाचार्य, राहुल, राजकुमार पटनायक, अनिता देवी, सिमा देवी, रेनु भुमिज,निरज प्रसाद, धनेश्वर साहू सहित पार्टी समर्पित कार्यकर्ता शामिल रहे।

# संपूर्ण क्रांति की 50वीं वर्षगांठ पर जयप्रकाश नारायण को श्रद्धासुमन अर्पित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जेपी यूवा छात्र संघर्ष मोर्चा और शहीद स्मारक निर्माण समिति के संयुक्त प्रयास से 18 मार्च संपूर्ण क्रांति दिवस का 50वीं वर्षगांठ मनाया गया। सोमवार को साकची सरकार बिल्डिंग में मोर्चा के संयोजक संजीव आचार्य के नेतृत्व में कार्यक्रम के दौरान जेपी आंदोलनकारी और तत्कालीन छात्र नेता वशिष्ठ नारायण तिवारी उर्फ बड़कू भैया,संतोष अग्रवाल, विष्णु भगवान पाठक, सुरेश दत्त पांडे, मुस्ताक अहमद, योगेश शर्मा, अवधेश पाठक, दिनेश मंडल, देव शर्मा सहित शहर के कई प्रतिष्ठित समाजसेवी और संगठन के केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थिति हुए। मौके पर सभी सम्मानित अतिथियों ने जयप्रकाश नारायण जी के फोटो पर फूल माला चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। वही संयोजक संजीव आचार्य के द्वारा सभी जेपी आंदोलनकारीयो को अंग वस्त्र और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। मौके पर जेपी आंदोलनकारी नेताओं ने कहा कि जयप्रकाश नारायण का जो व्यवस्था परिवर्तन का सपना था वह आज भी अधूरा है। उन्होंने संपूर्ण क्रांति व्यवस्था परिवर्तन के लिए नारा लगाया गया था। लेकिनत त्कालीन छात्र नेता सत्ता सुख में अपने जीवन व्यतीत कर रहे हैं। वे जय प्रकाश जी के नीति सिद्धांत को भूल चुके हैं। उन्होंने कहा जेपी व्यक्ति नहीं एक विचारक थे। वे आज भी प्रासंगिक है। संजीव आचार्य ने कहा तत्कालीन इंदिरा गांधी की दिशा विहीन, भ्रष्ट, निरंकुश, हिटलर शाही शासन के विरोध जय प्रकाश नारायण जी के आवाहन पर युवाओ के नेतृत्व में पूरे देश में आंदोलन किया गया था। संपूर्ण क्रांति का नारा लगाया गया, लेकिन प्रकाश जी आज हम लोग के बीच नहीं रहे, लेकिन 18 मार्च को आंदोलन के 50 साल होने पर वर्षगांठ मनाया जारहा है। उन्होंने कहा संचालन समिति की घोषणा जल्द होगी। संचालन विकास कुमार और धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रमोद सिंह,विकास कुमार, संजय सिंह,अविनाश शर्मा, अमन खान, साहादत खान, कन्हैया पांडे, मंदिप सिंह, प्रतीक जैन, संजय साहू, आशीष पोद्दार, हरमन सिंह, मनदीप सिंह, सुखविंदर सिंह, अंकुर प्रभाकर, लकी खान, विक्की खान, सुशांत कुमार, संदीप शर्मा, जगदीश मूडा, कृष्ण बनर्जी, जुनैद खान, जावेद खान, सुप्रीयो, स्वप्न राय, विवेक शर्मा, मुकेश सिंह,अरुण पांडे सहित अन्य शामिल रहे।

# सड़क हादसे में चार युवकों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता






**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल थाना अंतर्गत कंदरबेड़ा चौक के समीप सोमवार की शाम करीब 4:30 बजे भीषण सड़क हसदा में चार लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जमशेदपुर की ओर से आ रहे एक वरना कार सड़क पर खड़े ट्रक में सीधी टक्कर मार दी, जिससे कार के चीथड़े उड़ गये। वहीं कार में सवार चालक सहित चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। वहीं सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही चांडिल पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की सहयोग से युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य जारी रहा। बताया जा रहा है कि वाहन में सवार चारों युवक आदित्यपुर कॉलोनी के रहने वाले है। भीषण सड़क हादसे में बाबा आश्रम के अभय रंजन सिंह उर्फ निखिल, रोड न 22 के सूरज ,रोड न-17 के संस्कार मिश्रा और रोड न-21 के नवनीत राज होने की सूचना मिली है। सभी युवक 20 से 25 साल के बताए जा रहे हैं। उधर घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# हरिनाम संकीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** पटमदा बाजार स्थित बिड़रा गांव में सोलोआना कमिटी द्वारा आयोजित हरिनाम संकीर्तन में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। सोमवार को हरिनाम संकीर्तन में विधायक ने मत्था टेक कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना की। वही बोड़ाम प्रखंड के मुकरुडीह मेला कमिटी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर आद्रा, आसनसोल की टीम ने बूगीबूगी डांस प्रस्तुत की। वही रॉयल छौऊ एकेडमी कार्तिक कर्मकार और आदाबना तरुण संघ छौऊ डांस सोसायटी नेपाल महतो की टीम ने छौऊ नृत्य की प्रस्तुति दी। मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया।

# सरकारी दवा फेंके जाने की पहेली अब तक नहीं सुलझी



ट्रैक्टर पर जब्त कर ले जायी जाती बरामद सही दवायें।

अज्ञात संस्थान/व्यक्ति द्वारा दवा फेंके जाने की बात कह पल्ला झाड़ रहे हैं पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत राजा घटुहआं गांव के रास्ते के पास गड्ढे में काफी बड़ी मात्रा में सरकारी दवा फेंके जाने को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिये गये थे। मामले में भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, गढ़वा और सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा को संयुक्त रूप से जांच कर 16 मार्च 2024 तक स्पष्ट जांच प्रतिवेदन की मांग की गयी थी। सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा उक्त मामले के संयुक्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार कांडी प्रखंड अंतर्गत सतबहिनी से राजा घटुहआ गांव के रास्ते के पास गड्ढे में बड़ी मात्रा में सरकारी दवा को अज्ञात संस्थान/व्यक्ति द्वारा फेंका गया था। जो अति संवेदनशील मामला है। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उक्त दवाओं का सेवन नहीं कराते हुए कुछ दवाओं को एक्सपायर करा दिया गया। इस तरह उपयोगी दवाओं को गड्ढे में फेका जाना अमानवीय कृत्य तथा गंभीर आरोप बताया गया है। उक्त स्थल से दवाओं को एकत्रित कर कांडी थाना परिसर में सुरक्षित रख गया है। उन दवाओं में से जो उपयोगी है, उसे विधिवत सूची तैयार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मझिआंव द्वारा भंडार पंजी में नियमानुसार प्रविष्टि कराते हुए बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उपयोग में लाए जाने की बात कही गयी। साथ ही प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अवलोकन के उपरांत उपायुक्त ने सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा को निर्देश दिया था कि उक्त मामलें में दोषी के विरूद्ध अविलंब प्राथमिकी दर्ज कराते हुए 24 घंटे के अंदर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करें। इस प्रकार कांडी थाना में संबंधित गंभीर मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कर लिया गया। जिसकी कांडी थाना कांड संख्या 26/24 व सूचक प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनीष कुमार सिंह हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री ने दिया है सख्त निर्देश

विभागीय सूत्रों के अनुसार मामले की रिपोर्ट निर्देश के तहत झारखंड राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को भेज दी गयी है। स्वास्थ्य मंत्री स्वयं इस मामले की तह तक जाकर तहकीकात करने और दोषियों को पकड़ने को लेकर जिले के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किया है।

## क्या कहा सीएस ने

इस संबंध में सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि दवा फेंकने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों ने पीड़ित मानवता के विरुद्ध गंभीरतम अपराध किया है। इन्हें किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जायेगा। जांच की प्रक्रिया को अंजाम तक पहुंचाते हुए अपराधी के गिरेबान तक पहुंचने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अगर इस जांच को पूरी करते हुए अपराधियों को दंडित नहीं किया जायेगा तो इस तरह की परंपरा विकसित होने का डर है। जबकि लोग बिना एक्सपायर हुए सही दवाओं को भी काफी बड़ी मात्रा में फेंक कर बर्बाद कर रहे हैं।

## मारपीट की घटना में संलिप्त नामजद दो आरोपी गिरफ्तार

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अरसली उतरी गांव में बीते रविवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षो के बीच घटित हुई मारपीट की घटना में संलिप्त नामजद आरोपी को भवनाथपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पक्ष के नागा चौरसिया व दिनेश चौरसिया को गिरफ्तार सोमवार को न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया। जानते चले कि उक्त जमीन विवाद के कारण हुई मारपीट की घटना में दोनों पक्षो से कुल 10 लोग घायल हो गए थे। जिसे लेकर दोनों पक्षो द्वारा स्थानीय थाने में एक दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी हेतु लिखित आवेदन दिया गया था।

## रंका में होली मिलन समारोह का आयोजन




रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत मालाकार कल्याण समिति के तत्वाधान में महिमा मैरिज हॉल में माली मिलन सह होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले की जीवन संघर्ष और समाज के लिए किये गये योगदान पर युवक युवतियों के द्वारा प्रकाश डाला गया और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में रंका, गढ़वा, मेदिनीनगर, धनबाद, लातेहार, रांची से मालाकार कल्याण समिति के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर मालाकार कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश मालाकार ने बताया कि वे लोग यह कार्यक्रम पांच वर्षों से समाज को जगाने का काम कर रहे हैं और इसका सकारात्मक परिणाम भी मिल रहा है। लोग जागरूक एवं संगठित हो रहे हैं। इस मौके पर अध्यक्ष प्रकाश मालाकार, उपाध्यक्ष शिव नारायण मालाकार, कोषाध्यक्ष रंजीत मालाकार, संरक्षक पिंटू मालाकार, सुरेंद्र, राजेंद्र, राजकुमार, धर्मेंद्र, विरेंद्र, पप्पू, सुनिल , संजीत, सूरज, सुजीत, चंदन, राकेश, राजू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पंचायत सहायक झारखंड सरकार से मांग पूरी होने के बाद अपने काम पर लौट



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भडंरिया प्रखंड के सभी छः पंचायत के पंचायत सहायक झारखंड सरकार से मांग पुरी होने के बाद सोमवार को प्रखंड कार्यालय पहुंच प्रखंड विकास पदाधिकारी के अनुपस्थिति प्रखंड प्रधान सहायक अभय आनंद के समक्ष अपना ज्ञापन सौंपते हुए अपने काम पर लौटे। जानकारी देते हुए पंचायत सहायक संघ के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड के कुल 4345 ग्राम पंचायतों में कार्यरत कुल 17380 पंचायत सहायक पिछले 8 जुलाई 2023 से राजभवन के समक्ष धरने पर बैठे थे। झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के द्वारा पिछले 16 मार्च 2024 के कैबिनेट बैठक में हमारे मांगों को मान लिया गया। इसके बाद हम सभी पंचायत सहायक धारणा को समाप्त करते हुए अपने-अपने काम पर लौट गए हैं। ज्ञापन सोपने वालों मे पंचायत सहायक दशरथ सिंह निशा कुमारी सरवन ठाकुर शंभू ठाकुर मनोज कुशवाहा सनोज लकड़ा हेलेना मेंस सीमा कुमारी अजंटी कुमारी ललित लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## 7 अप्रैल को रक्तदान शिविर का होगा आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। रेड क्रॉस सोसाइटी जिला कार्यसमिति की बैठक स्थानीय सदर अस्पताल गढ़वा के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉक्टर एमपी गुप्ता और संचालन रेड क्रॉस के सचिव डॉ जेपी सिंह ने की। बैठक में डॉ अशोक कुमार सिविल सर्जन गढ़वा विशेष रूप से उपस्थित थे। 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर चौधराना बाजार में दया जी टेंट हाऊस के परिसर में एक ब्लड प्रेसर, शुगर, आदि जांच सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। आगामी 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस पर एक विशाल रक्तदान शिविर आई एस आई बेलचंपा में आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए सम्पर्क करके कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेवारी रेड क्रॉस एग्जीक्यूटिव कमिटी के सदस्य दयाशंकर गुप्ता को दी गयी। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि 14 जून 2024 को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर ब्लड बैंक गढ़वा में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा और रक्तदाताओं को सम्मानित किया जायेगा। इसकी जिम्मेवारी रेडक्रॉस रक्तदान समिति के सदस्य उमेश कश्यप और विवेक सिन्हा को दी गयी। बैठक में रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सचिव डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, सहसचिव नंद कुमार गुप्ता, राजमणि प्रसाद आदि अन्य उपस्थित थे।

## रमजान और होली त्योहार को हर कोई भाईचारा के साथ मनाये : थाना प्रभारी

डंडई (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में होली व रमजान को लेकर थाना प्रभारी जनार्दन राउत के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने कहा कि रंगो का त्योहार होली भाई चारा स्थापित करने का त्योहार है। अतः रमजान एवं होली त्योहार को हर कोई भाईचारा के साथ मनायें। त्योहार में शराब का सेवन न करें। अक्सर त्योहार में शराब पीकर लोग हुड़दंग मचाते हैं। होली में उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि ललन चौधरी, उप मुखिया प्रतिनिधि चुनमुन चौधरी, बीडीसी मनीष चौधरी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, अजय राम, कन्हैया प्रजापति, आनंद प्रकाश, डंडई मुखिया प्रतिनिधि महेश राम, लव चौधरी, अखिलेश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रतिस्पर्धा से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास : डॉ अनिल

द इंडियन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया।

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेराल।** द इंडियन पब्लिक स्कूल में सोमवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेराल के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह, विशिष्ट तिथि मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो, मुन्ना राम, शिक्षक शिवनाथ राम, महेंद्र प्रसाद आदि लोगों को विद्यालय के निदेशक विनोद कुमार द्वारा मोमेंटो देकर तथा विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ अनिल साह ने कहा कि प्रतिस्पर्धा से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चे ही देश के भविष्य होते हैं, विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य प्रतियोगिताएं होती रहने चाहिए। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ अभिभावकों को भी बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर नंदा पासवान, विकास कुमार, प्राचार्य मनदीप ठाकुर, दिलीप चौबे, दिलीप मिश्रा, बबलू पांडे, मनोज कुमार, प्रीति मिश्रा, अर्पण पांडे, सीमा कुमारी, गुड़िया कुमारी सहित कई अभिभावक और विद्यालय के बच्चे शामिल थे।

## पिछड़े इलाके का होते हुए भी गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड में संचालित आईडियल पब्लिक स्कूल तसरार के बच्चों ने भारत स्काउट एंड गाइड के द्वारा राज्य स्तरीय 5 दिवसीय ट्रैकिंग कम नेचर स्टडी कार्यक्रम नेतरहाट में भाग लिया। इसमें राज्य के सभी जिलों से विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भी भाग लिया। यह कार्यक्रम 13 मार्च से 17 मार्च तक आयोजित किया गया। जिसमें 16 मार्च के शाम में राज्य स्तरीय ग्रैंड फायर कार्यक्रम नेतरहाट विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें आईडियल पब्लिक स्कूल तसरार के बच्चों ने गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए इस कार्यक्रम में भाग लिया और बहुत ही बेहतर प्रदर्शन किया। जिसके कारण गढ़वा जिला का नाम एक बार फिर से राज्य में चमक उठा। मौके पर विद्यालय के निदेशक तौहिद अंसारी ने कहा कि पिछड़े इलाके का होते हुए भी गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करना एक गर्व की बात है। इसके लिए मैं भारत स्काउट गाइड को तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

इस कार्यक्रम में भाग लेने पर विद्यालय के निदेशक ताहिर अंसारी को मंच पर बुलाकर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेतरहाट विद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान के द्वारा गढ़वा जिला के सभी बच्चों का प्रमाण पत्र दिया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक तौहिद अंसारी, आलोक टोप्पो, खुशबू कुमारी, सुमन कुमारी तथा विद्यालय के 18 बच्चे भाग लिया।

## जेंडर आधारित हिंसा को सुलझाने का होगा प्रयास : बीपीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को जेएसएलपीएस के सदस्यों की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न। बैठक में प्रखंडस्तरीय सलाहकार समिति एवं अभिमुखीकरण जेंडर रिसोर्स सेंटर का गठन किया गया। बैठक में बीपीएम सत्यप्रिय ने बताया कि जेंडर आधारित जितने भी हिंसा और भेदभाव होता है, महिलाओं के जिंदगी में जितने भी जीवन चक्र हिंसा या उत्पीड़न से सबंधित मामले आते हैं, उसे सुलझाने का प्रयास किया जायेगा। यदि छोटी छोटी समस्याओं का समाधान नही हो पाता है तो जीआरसी में लाकर उसका समाधान किया जायेगा। एसआरपी वाजदा खातून ने उपस्थित सदस्यों को जेंडर शपथ दिलाया। बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, वाईपी दिव्या कुजूर, डीओ नीरज मिश्रा, सीसी सत्येन्द्र कुमार, प्रखंड सहायक अनिल कुमार सिंह, डालसा के मनोज कुमार दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## वंदे भारत ट्रेन का रूट परिवर्तन सांसद की विफलता : धीरज

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा है कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का रूट परिवर्तन हो जाना पलामू लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम की विफलता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में सांसद अपने क्षेत्र के लिए कोई भी उल्लेखनीय कार्य कर पाने में सफल नहीं हो सके हैं। झामुमो नेता सोमवार को होटल पद्मावती में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे।

दुबे ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन का रूट पहले रांची से लोहरदगा, टोरी, डाल्टनगंज होते हुए बनारस तक निर्धारित था, परंतु बाद में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के दबाव की वजह से इस ट्रेन का रूट गिरिडीह, गया होते हुए बनारस तक कर दिया गया। इससे पलामू क्षेत्र की जनता ठगा हुआ महसूस कर रही है। पलामू सांसद न तो अपने क्षेत्र से वंदे भारत ट्रेन चला सके, न ही भवनाथपुर का तुलसी दामर माइंस, जपला सीमेंट फैक्ट्री चालू करवा सके। यहां तक कि प्रधानमंत्री ने मंडल डैम का शिलान्यास किया था, परंतु सांसद के 10 वर्षों का कार्यकाल बीत जाने के बावजूद मंडल डैम में काम के नाम पर घास की भी सफाई नहीं हो सकी है। सांसद श्री राम अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में सांसद पलामू क्षेत्र में कहीं भी कोई उद्योग-धंधा स्थापित नहीं करा सके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद बीडी राम ने कांडी प्रखंड की जनता से किया हुआ सोन-कोयल तटबंध का वादा भी पूरा नहीं किया, जिससे हर साल हजारों एकड़ की कृषि भूमि मरुस्थल होती जा रही है। अपनी उपजाऊ मिट्टी के कारण पलामू का पंजाब-हरियाणा कहे जाने वाला कांडी प्रखंड का हेठार क्षेत्र सहित पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी किसान नीलगाय की समस्या से काफी परेशान हैं। परंतु वर्तमान सांसद ने कभी भी संसद में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम में संशोधन करने सहित इस समस्या के समाधान के लिए कोई सवाल नहीं उठाया। सांसद बीडी राम को थोड़ी सी राहत 2019 के बाद से गढ़वा रंका विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कारण मिली है, जिन्होंने दो-तीन लोगों को दिल्ली में लगा कर बाइपास जैसी कुछ केंद्र सरकार की योजनाओं को गढ़वा में उतारने का काम किया है। इसको अपनी सफलता बता कर सांसद विष्णु दयाल राम थोड़ी राहत की सांस लेते हैं। प्रेसवार्ता में विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम, चंदन पासवान, केंद्रीय सदस्य शंभु राम आदि उपस्थित थे।

## वीडी राम ने फोरलेन बाइपास निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जतायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सांसद विष्णु दयाल राम रविवार को देर रात गढ़वा रेहला फोरलेन बाईपास निर्माण कार्य का निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने कहा कि फोरलेन का निर्माण कार्य लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। शेष 5 प्रतिशत कार्य ग्राम अंचला में कब्रिस्तान के पास बचा हुआ है जो कार्य बहुत धीमी गति से चल रही है। धीमी गति से कार्य किये जाने पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त की। बताते चलें कि गढ़वा बाईपास फोरलेन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने से गढ़वा वासीयों को आए दिन जाम की समस्या से जुझना पड़ रहा है। सांसद ने एनएचआई के पदाधिकारियों और फोरलेन निर्माण का कार्य कर रही शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी को अविलंब शेष कार्य को पूर्ण करने को कहा। ताकि जल्द गढ़वा रेहला फोरलेन बाईपास से जल्द आवागमन प्रारंभ हो सके और गढ़वा वासियों को वर्षों की चिर-परिचित मांग पूर्ण हो सके। निरीक्षण के क्रम में कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

## दो बाइक की टक्कर में तीन घायल

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत नैना बार में दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की भिड़ंत में पति-पत्नी सहित तीन लोग घायल हो गये। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां पर उपस्थित चिकित्सक डॉ विनोद कुमार सिंह के द्वारा हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के रपुरा निवासी मनदीप राम के 27 वर्षीय पुत्र चंदेश्वर राम एवं चंदेश्वर राम की 26 वर्षीय पत्नी सुषमा देवी को प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज हेतु गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर इस संबंध में डॉक्टर विनोद सिंह ने कहा कि दोनों को सर में गंभीर चोट लगा है, बेहतर इलाज हेतू गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से गढ़वा सदर ले जायेगा। इधर 108 एंबुलेंस के कर्मी ने बताया कि दूसरा मोटरसाइकिल सवार घायल एक युवक को भी लाया गया था, लेकिन वह रेफरल अस्पताल से भाग गया।

## धनीमंडरा में कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। धनीमंडरा गांव में आयोजित सुपर स्टार कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन थ्री का दूसरा मैच केतार बनाम मकरी के बीच खेला गया। केतार की टीम ने टॉस जीतकर पहले बलेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 70 रनो का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मकरी की टीम 8 ओवर में ही मात्र 47 रन पर ही सिमट गयी। केतार टीम के दीपक कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विजय महतो और धर्मजीत वियार ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। वहीं प्रतियोगता के तीसरा मैच भवनाथपुर बनाम झगराखाड के बीच खेला गया। भवनाथपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 59 रन ही बना सकी। जबावी पारी खेलने उतरी झगराखांड की टीम ने 10 वें ओवर में 9 विकेट खोकर जीत हासिल की। झगराखांड़ टीम के कप्तान अविनाश कुमार को उनके ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कमिटी के महासचिव जयप्रकाश पासवान जी के द्वारा प्रदान किया गया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक, दिया निर्देश

गढ़वा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त शेखर जमुआर ने लोकसभा चुनाव के तहत 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की। उपायुक्त ने बताया कि अधिसूचना की तिथि 18 अप्रैल 2024, नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024, नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि 26 अप्रैल 2024, अभ्यर्थिता का वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल 2024, मतदान करने की तिथि 13 मई 2024 और मतगणना की तिथि 4 जून 2024 निर्धारित की गयी है। उक्त बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि समेत उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।


उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(जिला योजना)

–:: सूचना ::–

Advertisement PR NO. 322048

कार्यालय ज्ञापांक 87/जि०यो० दिनांक 09.03.2024 द्वारा Virtual Reality Lab (VR Lab) हेतु अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रित की गयी है। दिनांक 16.03.2024 को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के तहत् आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरान्त उक्त निविदा तत्काल स्थगित की जाती है। उक्त निविदा की अगली तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी, जिसकी सूचना रामगढ़ जिला के वेबसाईट/पोर्टल https://ramgarh.nic.in/ पर दी जाएगी।

ह०/–
उपायुक्त,रामगढ़

PR 323074 (District)23-24*D



जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(जिला निर्वाचन शाखा)

आम सूचना
लोकसभा आम चुनाव, 2024

आम नागरिकों की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से कोडरमा जिला में स्थापित जिला नियंत्रण कक्ष में लोकसभा आम चुनाव–2024 के निमित 24 X 7 पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या – 06534–252685 है।

इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय में आम नागरिकों एवं मतदाताओं के निर्वाचन संबंधी शिकायतों के निष्पादन हेतु टोल फ्री दूरभाष संख्या –1950/06534–1950/06534–252219 प्रारंभ किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत हेतु निम्न दूरभाष संख्या पर सम्पर्क किया जा सकता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जिला नियंत्रण कक्ष | 06534–252685 |
| 2 | टोल फ्री दूरभाष संख्या | 1950<br>06534–1950 06534–252219 |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.323045 Election(23-24):D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 19 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


# आदर्श आचार संहिता का पालन हो : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार में लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में आदर्श आचार संहिता लगने के बाद की जाने वाली कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए भारत निर्वाचन आयोग की ओर दिये गये सभी दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश देते हुए कहा की अगले 72 घंटे में क्या करना है। इसकी तैयारी करते हुए चुनाव आयोग के दिये गये दिशा-निर्देश का पालन शतप्रतिशत ससमय पूरा करें।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों एवं प्रभारी पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान उनकी ओर से किए जाने वाले कार्यों की गंभीरता को समझते हुए भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निदेर्शों के अनुपालन का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के उपरांत ही कार्य करने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतपत्र कोषांग के वरीय एवं प्रभारी पदाधिकारियों को लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान मत पत्र के माध्यम से किए जाने वाले मतदान एवं इस दौरान ध्यान देने योग्य सभी जानकारियां सही तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कर्मियों को देने एवं सभी को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

उन्होंने चुनाव स्थल, मतपेटिकाओं को ले जाने हेतु वाहनों की आवाजाही, प्रशिक्षण एवं नामांकन की प्रक्रियाओं का विशेष ध्यान रखने को लेकर निर्देशित किया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु यह बहुत जरूरी है कि चुनाव में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार कौशल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ रतन कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह , उप निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# रोजगार सेवक के घर से जेवर समेत एक लाख रुपये की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार शहर थाना क्षेत्र के धर्मपुर स्थित सत्येंद्र पासवान (रोजगार सेवक बरवाडीह) के घर में 16 मार्च की रात सुनसान का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर में रखे सोना चांदी का जेवर, कपड़ा समेत 4500 नगद समेत एक लाख रूपए ले कर फरार हो गये। इस मामले शहर थाना लातेहार में सतेंद्र के भाई जीतेंद्र ने अज्ञात चोरो पर प्राथमिकी दर्ज की है।

भुक्त भोगी रोजगार सेवक सतेंद्र पासवान ने बताया की घर के सदस्य 17 मार्च को जेपीएससी का परीक्षा देने बाहर गये हुए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी। इधर भुक्त भोगी सतेंद्र के भाई जीतेन्द्र पासवान ने स्थानीय सदर थाना लातेहार में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

दिये गये आवेदन में बताया गया है कि घर में रखें गहने, कपड़े एवं रुपए 4500 नगद ले कर फरार हो गए। अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखे सोने का चयन, झुमका अंगुठी और चांदी का पायल चोरों द्वारा लेकर भाग गये। उधर लातेहार पुलिस ने कहां कि मामले की जांच की जा रही है जल्द ही चोरो को गिफ्तार किया जायेगा।

## धूमधाम से मनाया जायेगा होली मिलन समारोह



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित देवी मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक में मुख्य रुप से होली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सह सम्मान समारोह को लेकर खास चर्चा की गयी। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए रूपरेखा बनायी गयी। जिसमें सभी को अपनी अपनी जिम्मेवारी को सौंपा गया। जिला संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा जय श्रीराम समिति के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी कार्यकताओं का सम्मान एक अनूठी परंपरा रही है। जो संगठन और सनातन समाज की दिशा को तय करने में महत्पूर्ण भूमिका निभाती है। होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाई जाएगी। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, अनिल उरांव, प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, अनुज कुमार समेत आदि लोग मौजूद थे।

## धोबी महासंघ का वनभोज सह होली मिलन समारोह




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** धोबी महासंघ लोहरदगा जिला के द्वारा वनभोज सह होली मिलन समारोह जिला अध्यक्ष दिनेश रजक के अध्यक्षता में हुआ। बाबा भीमराव अंबेडकर बाबा संत गाडगे महाराज के चित्र पर आए हुए अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम को शुरू किया। मौके पर धोबी महासंघ युवा प्रदेश अध्यक्ष राजू रजक, दीपक बैठा, राजू रजक, रूपलाल रजक, राजेंद्र, अमित रजक, बजरंग रजक सुरेश बैठा, सुशील रजक, ओमप्रकाश रजक, श्रवण रजक समेत अन्य मौजूद थे।

# जिप सदस्य ने घर नल योजना में अनियमितता की शिकायत की

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग भारत सरकार, नई दिल्ली को पत्राचार कर हर घर नल योजना की अनियमितता की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि झारखण्ड राज्य के लोहरदगा जिला में 07 प्रखण्ड है, जहां पर हर घर नल योजना पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से चलायी जा रही है। यह योजना मानक के अनुसार काम नही कर रही है। जो पाइप तीन प्रकार की लगायी जानी है लेकिन पाइप की क्वालिटी निम्न स्तर की है जो 52 इंच की जगह 30 इंच की और 20 इंच की ही लगायी जा रही है एवं पाइप लाइन जमीन के अंदर से ले जानी है। उसे भी मात्र खानापूर्ति किया जा रहा है। बोरिंग में भी मानक के अनुसार गहराई नही की जा रही है। यह योजना को प्रत्येक प्रखंड एवं पंचायत पर केंद्र सरकार की ओर से स्वच्छ कमिटी बनाकर स्वतंत्र रूप से जांच करवाने की कृपा करें, ताकि महत्वंकाक्षी योजना जो केन्द्र सरकार की है, जो जनता तक मानक के अनुसार पहुंच सकें। निम्न से निम्न गुणवत्ता के कार्य एंजेसियों के द्वारा किया गया है। योजना की गंभीरता पूर्वक जांच करायें और दोषियों पर जांचोपरांत कार्रवाई करने की कृपा करें।

## युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम नावाटोली में रहने वाले एक युवक प्रफुल उरांव ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना रविवार की शाम करीब 6 : 30 की बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जब युवक ने फांसी लगाई उस समय घर में कोई भी मौजूद नहीं था। पिता सुधीर उरांव और मां मांगे उरांव खेत मे काम कर वापस लौटे तो प्रफुल को घर की छत से फांसी के फंदे से लटकते हुए देखा। इसके बाद रोना-पीटना मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। आसपास के लोगों ने शव को रस्सी से उतारा। दो भाइयों में छोटा प्रफुल ने पिछले वर्ष 12 वीं पास की थी और घर पर रहकर खेती में माता पिता का हाथ बंटाता था। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची कुडू थाना पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया है।

# केएन त्रिपाठी को चतरा से उम्मीदवार बनाने की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसी सदस्यों ने प्रेस वार्ता कर स्थानीय उम्मीदवार के एन त्रिपाठी को चतरा संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाने की मांग किया है। आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में वरीय कांग्रेसी नेता रंजीत कुमार राजू ने कहा की चतरा संसदीय क्षेत्र से अब तक बाहरी उम्मीदवारों का भी दबदबा रहा है। इसी का परिणाम है कि चतरा संसदीय क्षेत्र अब तक बाहरी उम्मीदवारों के कारण उपेक्षित रहा। उन्होंने कहा कि केएन त्रिपाठी स्थानीय उम्मीदवार हैं। उन्होंने प्रदेश के पूर्व मंत्री रहते हुई क्षेत्र के विकास के कई कार्य किये है। अगर संगठन पूर्व मंत्री सह पलामू के पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी को कांग्रेस प्रत्याशी बनाती है तो उनकी जीत तय है। मौके पर यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता उर्फ रिक्की राम नरेश यादव, गोपाल राजवंशी, काजमी अनवर, मन्ना राम, शत्रुघन राम, संजय कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## चेक बाउंस मामले में आरोपी गिरफ्तार




**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** चेक बाउंस के आरोपी संतोष कुमार सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू निवासी विश्वनाथ सिंह के पुत्र संतोष कुमार सिंह के विरुद्ध सेन्हा थाना कांड संख्या 146/16 के तहत चेक बाउंस का मामला दर्ज किया गया था। जिसके उपरांत आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, और न्यायालय के आदेश का उल्लंघन आरोपी के द्वारा किया जा रहा था। इस संदर्भ में प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर ने जानकारी देते हुए कहा कि न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को गिरफ्तार कर नियम संगत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा दिया गया है।

## मतदान कर्मियों को मिला प्रशिक्षण



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत सोमवार को मतदान कार्य से जुड़े पदाधिकारियों/कर्मियों को सीएम उत्कृष्ट नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय में निर्वाचन संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर उन्हें ईवीएम और वीवीपैट को एक-दूसरे से जोड़े जाने, मॉक पोल, सभी प्रपत्रों को भरे जाने, पदाधिकारियों का आपस में समन्वय स्थापित करने आदि का प्रशिक्षण व निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आदर्श आचार संहिता का पालन करने व कराने की विस्तृत जानकारी दी गयी। यह प्रशिक्षण विभाकर प्रसाद, प्रभारी पदाधिकारी व अन्य प्रतिनियुक्त द्वारा दिया गया।

# अबकी बार चार सौ पार को संकल्प रूप में लें कार्यकर्ता : लखन उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो/ लोहरदगा।** कैरो भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल के नरौली सक्ति केंद्र में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सह सक्ति केंद्र संजोजक मनिद्र साह की अध्यक्षता में 18 मार्च को बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सक्ति केंद्र प्रभारी बिशेश्वर प्रसाद दिन मंडल अध्यक्ष लखन उराव पूर्व उप प्रमुख दिलीप सिंह पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष रामबुझावन गुप्ता उपस्थित थे। अपने वक़्तब में सक्ति केंद्र प्रभारी श्री दिन ने कहा की लोक सभा चुनाव को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रधान मंत्री जी की कार्यों को घर घर जाकर जन जन तक बताना है कि मुफ्त राशन आगामी 2028 तक मोदी जी की देन है, मुफ्त बिजली, प्रधानमंत्री आवास योजना, इज्जत घर, इत्यादि और प्रधानमंत्री का अनेको कार्यों को बतायें। आने वाले 13 मई को कमल छाप में बटन दबाकर समीर उराव को जिताये और फिर एक बार नरेन्द्र मोदी को 400 सौ पार सीट देकर मजबूत प्रधानमंत्री बनाये। वही मंडल अध्यक्ष लखन उराव ने सभी बूथ अध्यक्ष, सदस्य पन्ना प्रमुख को अब लगन से कार्य को करना हैं। साथ हर बूथ में बैठक कर नया वोटर से सम्पर्क कर भाजपा की नीति नियम को बताये और सक्ति केंद्र में सभी कार्यकर्ता का मोटरसाइकिल को चिंहित कर लिस्ट बनायें। साथ ही अपने अपने बूथ में जो भी वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं उनसे भी मिल कर मार्गदर्शन ले। बैठक में मंडल अध्यक्ष लखन उराव, विशेश्वर प्रसाद दीन दिलीप सिंह, मनिद्र शाह, रामबूझन गुप्ता, शिव भगत, सुगेंद्र साह पीताम्बर साहू, सातेश्वर सिंह लक्ष्मी सिंह, अर्जुन उराव, तारकेश्वर साहू, मंटू उराव, संतोष गोप, रशीद अंसारी इत्यादि सभी बूथ अध्यक्ष बैठक में उपस्तिथ थे।

## पत्रकारों का दमन रोकना होगा : बृजलाल

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ प्रखंड के झारखंड आंदोलनकारी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व केंद्रीय सदस्य बृजलाल गुप्ता ने कहा है कि लातेहार जिला ही नहीं संपूर्ण झारखंड प्रदेश मे इन दिनों पत्रकारो पर पुलिसिया दमन जारी है। जो भविष्य के लिए ठीक नहीं है। श्री गुप्ता ने चंदवा में पत्रकार राजीव उरांव को हाजत में बंद करने और पुलिस द्वारा मारपीट करने की निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग लातेहार जिला पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से किया है। श्री गुप्ता ने यह भी कहा है की अगर एक सप्ताह के अंदर पत्रकार राजीव उरांव को न्याय के साथ साथ दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई नही किया गया तो बाध्य होकर अपने झारखंड आंदोलनकारी संगठन के साथियों के साथ राज्य के मुख्यमंत्री चमपई सोरेन से मिलकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात रखेंगे।

# बीडीओ ने किया बूथ निरीक्षण दिये आवश्यक दिशा निर्देश




आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार और चितरी पंचायत स्थित विभिन्न बूथों का बीडीओ ने किया निरीक्षण दिये आवश्यक दिशा निर्देश। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार तथा चितरी पंचायत के सेरेंगहातु, बरही, चटकपुर और चितरी, एकागुड़ी बूथ का निरीक्षण किया गया। वही बूथ निरीक्षण के क्रम में बीडीओ श्री मुर्मू ने बिजली, पानी, रैंप और शौचालय का निरीक्षण किया तथा जिन बूथों में सुविधा नहीं है। वैसे बूथ के बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि यथाशीघ्र रिपोर्ट दें जिससे बूथ पर मतदताओं और मतदान कर्मियों के लिये सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, बीपीआरओ सुजीत कुमार, बीपीओ निलेन्द्र कुमार के अलावे सभी बीएलओ मौजूद थे।

## महिला अग्रवाल सभा की अध्यक्ष बनीं रीता



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय अग्रसेन भवन में महिला अग्रवाल सभा, लोहरदगा का चुनाव को लेकर बैठक की गई। जिसमें वर्ष 2024 - 26 के लिए महिला पदाधिकारियो का चयन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए रीता अग्रवाल, सचिव कनकलता अग्रवाल व कोषाध्यक्ष पद पर लक्ष्मी अग्रवाल का चयन किया गया। मौके पर नवनिर्वाचित सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर रीता अग्रवाल, अजय मित्तल, चंद्रशेखर अग्रवाल, प्रोफेसर परमानंद अग्रवाल, राजेश कुमार टिंकू, अनीश अग्रवाल, मनीष कुमार गुड्डू, लवकुश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, कनक अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, रीना अग्रवाल, नीति भारतीय, राखी अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, रीमा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, कंचन अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में अग्रवाल महिला समिति की सदस्य मौजूद थी।

## विशेष तरावीह की नमाज में मुकम्मल हुआ कुरानशरीफ



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** मुकद्दस माह रमजान के छठे दिन इटके ग्राम स्थित जामिया इस्लामिया परिसर के मस्जिद बेलाल मे चल रहें तराविह का विशेष नमाज में मुकम्मल कुरानशरीफ बढी जाने के अवसर पर रविवार रात्रि कार्यक्रम आयोजित कर तरावीह सुनाने वाले हाफीज इसराफील को सम्मानित कर देश में अमन चयन कि दुआ मांगी गई। मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र माह रमजान में विशेष नमाज तरावीह का खत्म का दौर चल रहा है। बेलाल मस्जिद मे चल रहें विशेष नमाज तरावीह बीते रात्रि खत्म शरीफ के मौके पर विशेष दुआ में देश में अमन चयन, आपसी भाईचारा, अपने एंव मुल्क की तरक्की के लिए अल्लाह से दुआ मांगी गई।इसके पश्चात विशेष नमाज तरावीह मे कुरान शरीफ सुनाने वाले हाफीज मो इसराफील, को जामीया के नाजीम मौलाना अबु शहमा नदवी, टोंटी पंसस मो होजैफा, मो सालिम,जामा मस्जिद के इमाम हाफिज शमसाद, मिस्टर, मो जाबीर, मो लियाकत, मो अखतर, मो अमान, अशफाक, जावेद, हसनैन,सहित अन्य लोगों ने ताजपेशी, नजराना व कपड़ा देकर सम्मानित किया। जामा मस्जिद के इमाम शमसाद ने लोगों से रोजाना पाबंदी के साथ पांच वकत की नमाज व पुरे रमजान में विशेष तरावीह की नमाज के साथ ही साथ मोहम्मद साहब के सुन्नतों पर चलने की आह्वान किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# सहियाओं के लिए मानसिक स्नायुतंत्र और नशा संबंधी आठ दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर बारियातू मे रविवार से बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज प्रखंड के सभी सहियाओं को आठ दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बीटीटी सह प्रशिक्षक दिलीप दांगी, हीरामन पाण्डेय ने बताया की एकीकृत प्रखंड के सभी सहियाओं को मानसिक स्नायुतंत्र एंव नशे संबंधी विकारों की देख भाल, कान-नाक एंव गले और नेत्र देखभाल, सामान्य आपातकालीन स्थितियों जलने और ट्रामा स्थितियों के पर्वधन एंव मुख की स्वास्थ्य देख भाल पर विशेष रूप से आठ दिन आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं सहिया साथी रूपा, अंजू, सोनामनी, गौरी, रेखा, माया, नीलम, गुंजा, सुषमा लकड़ा, बिराजमनी देवी भी अपने अपने कलस्टर सहिया को जानकारी देने मे अहम भूमिका निभा रहे हैं। मौके पर रीता देवी, राजमनी देवी, पार्वती देवी, सुनीता देवी, किरन्ति देवी, पूनम देवी सहित तीनो प्रखंड के सहिया उपस्थित थे ।

# मोबिलाइजर नियुक्ति के लिए उदरंगी में ग्रामसभा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के गांवों में ग्राम सभाओं को मजबूत बनाने के लिए ग्राम सभा मोबिलाइजर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। इसके लिए केंद्र से राज्य को मदद दी जायेगी। केंद्र की पंचायत सशक्तिकरण योजना के तहत प्रखंड के सभी पंचायतों में एक-एक पेसा कार्डिनेटर नियुक्त किया जा है । जिसके लिए विशेष ग्राम का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को उदरंगी पंचायत भवन में मुखिया परमेश्वर महली की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा आयोजन हुआ। मौके पर मुखिया ने बताया कि पेसा एक्ट-1996 के तहत अधिसूचित गांवों में ग्राम सभाओं की स्थिति कमजोर है, हालांकि इन्हें पेसा एक्ट के तहत अतिरिक्त अधिकार भी मिले हैं, लेकिन अशिक्षा और जागरुकता की कमी के चलते ये अधिकारों का उपयोग नहीं कर पा रहें थे। मुखिया और सचिव काम के संचालन में काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। इसलिए ग्रामीणों को जागरुक करने की जरूरत करने के लिए ग्राम सभा मोबिलाइजर नियुक्त की जा रही है।

# महिला की अपराधियों ने गला रेतकर की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** थाना क्षेत्र के रामजड़ी डुमरटोली निवासी सुनी उरांइन 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की अज्ञात अपराधियों द्वारा धारदार हत्यार से गला रेतकर हत्या कर पुल के नीचे फेकने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में सोमबार की सुबह ग्रामीणों बासिया पुलिस को घटना की जानकारी दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही बसिया पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये गुमला भेज दिया है।



जानकारी के अनुसार बसिया थाना क्षेत्र के रामजड़ी डुमरटोली निवासी सुनी उरांइन रविवार रात्रि अपनी घर पर सोई थी। रात को अपराधियो घर में घुसकर महिला की गला रेतकर हत्या कर दिया और सक्ष्य छुपाने के लिये मृतक के घर से लगभग चार सौ मीटर दूर डुमरटोली जाने वाले रास्ते में पड़ने वाले पुल के नीचे फेंक दिया सुबह जब ग्रामीणों को पुल के नीचे शव होने की सूचना हुई तब बसिया पुलिस को सूचना किया पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये गुमला भेज दिया है। वही ग्रामीणों ने कहा घटना डायन बिसाही होने की संभावना हो सकता है। इस संबंध में बसिया पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। तीन चार युवकों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि बसिया पुलिस द्वारा आधिकारिक पुष्टि नही किया गया है।

# आचार संहिता के दायरे में रहकर करें चुनाव प्रचार: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए आदर्श आचार संहिता के दायरे में रहकर ही चुनाव में प्रचार-प्रसार करने की बात की गयी। उन्होंने सर्वप्रथम राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये चुनाव की तिथि से अवगत कराया। जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ लोकसभा चुनाव 2024 के संदर्भ में बैठक की गयी।



बैठक को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रशासन लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण ढंग से कराने को लेकर कटिबद्ध है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान करते हुए कहा कि सभी शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव लड़ते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का बारीकी से अध्ययन करते हुए स्वयं पालन करें और अपने कार्यकर्ताओं को भी पालन करने का निर्देश दें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव की तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा करने के बाद जिले में आदर्श आचार संहिता के सुसंगत प्रावधान लागू कर दिये गये हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से जिले में शांतिपूर्ण तरीके से चुनावी तैयारी करने, सरकारी भवनों के आस पास किसी भी प्रकार के राजनैतिक पोस्टर, बैनर, झंडे आदि को नहीं लगाने, फेक न्यूज के प्रति सजग रहने, सी विजिल एप्लीकेशन के उपयोग तथा मतदाता सूची में छुटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़ने आदि से संबंधित विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी गयी।

इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक,उप विकास आयुक्त, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, एसडीओ बसिया सहित जिले के विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहें।

# शरारती तत्वों ने शादी पंडाल में लगायी आग, लोग बचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के अंजन गांव में 16 मार्च की रात एक शादी समारोह के लिए लगाए गए टेंट में अज्ञात अपराधियो ने आग लगा दी। इस आग लगी की जद में पड़ोस का एक घर आ गया। जिस के बाद रात को उसमें सो रहे चार लोगों के जिंदा जलने से बाल बाल बचा लिया गया। आगलगी की घटना में जिंदा बचने वालो में घर का मुखिया सुनील उरांव, उसकी बहन कुमुद कुमारी, भतीजी शशि संजना कुमारी, भतीजा श्रीकांत उरांव और श्रीसंत उरांव शामिल है। समय पर नींद से जगने के कारण किसी प्रकार वह सुरक्षित निकाल लिये गये। जरा सी भी नींद की गफलत होने पर किसी बड़ी घटना से इनकार नही किया जा सकता था। हालांकि आगलगी की इस घटना में सुनील उरांव के घर का छत जल गया है। जिसके बाद सुनील के सामने सर छुपाने की चिंता सता रही है। भुक्तभोगी सुनील उरांव ने बताया कि उनके गांव के रहने वाले सोशन उरांव का छोटा भाई छोटु उरांव का शादी को लेकर 14 मार्च को बड़ा मेहमानी का कार्यक्रम था। बड़ा मेहमानी के कार्यक्रम को लेकर उनके घर के बगल में खाली पड़े जमीन पर विशाल टेंट लगाया गया था। बड़ा मेहमानी संपन्न होने के बाद 19 मार्च को मड़वा कार्यक्रम होना तय था। इसलिए टेंट को यथावत लगा हुआ छोड़ दिया गया था। मगर इसी बीच 16 मार्च को देर रात किसी अज्ञात ने टेंट में आग लगा दी। टेंट धू धू कर जल उठा। इस दौरान परिवार के सभी लोग घर पर सो रहे थे। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित होकर आग को काबू पाया। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच कर आग को बुझाया।

# धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के प्रगति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया वहीं छात्र-छात्राओं के द्वारा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव जिप सदस्य पवन उरांव चिल्ड्रन एकेडमी घाघरा डायरेक्टर विजय साहू, राजेश महतो, मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक, रतनी देवी, सुशील मुंडा ,राजू भगत, लाल साहू, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं डायरेक्टर बिंदेश्वर साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय के छात्राओं ने गीत गाकर कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। जिसके उपरांत छात्राओं द्वारा आदिवासी नृत्य, राष्ट्रीय गीत ए प्यारे वतन, तुमको हम दिल से लगा लेंगे गीत गाकर बच्चों ने उपस्थित अतिथियों को देश भक्ति रस में डुबो दिया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा होली गीत के माध्यम से लोगों को होली की याद दिला दी। इससे पूर्व विद्यालय प्राचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के वार्षिक उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख ने अपने संबोधन में विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास के साथ-साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय विकास में अपना हर संभव योगदान देने का वादा किया। कार्यक्रम के बीच में ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच अतिथियों द्वारा प्रगति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। साथ ही प्रत्येक क्लास के प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर बिंदेश्वर साहू ने आगंतुक अतिथि और ग्राम वासियों का आभार प्रकट कर भविष्य में ऐसे ही सहयोग की आशा कर धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयपाल बरवा, झुमरानी देवी, प्रतीक खलखो, हिलकोरेन तिर्की, रोशनी देवी, कुसुम बेक, संतोष कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।



# अटरिया भंडार टोली के जंगल में हैं बालू के कई अवैध डंपिंग यार्ड

**धड़ल्ले से हो रही है बालू की तस्करी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के चारों ओर नदियों के अंदर ट्रैक्टर लगाकर बालू का खुलेआम अवैध उठाव किया जा रहा है। अवैध डंपिंग यार्ड बनाकर लोग बालू को अपने हिसाब से बेच रहे हैं। गुमला से बालू कई राज्यों व जिलों में भेजा जा रहा है। दिन का उजाला हो या रात का अंधेरा, यह अवैध कारोबार बेधड़क जोरो शोर से चल रहा है। कई वैध ठेकेदार अपनी क्षमता से कई गुना अधिक बालू का उठाव कर बालू तस्करी में लिप्त हैं। किसी को दो लाख सीएफटी बालू का उठाव का परमिट जारी है तो वह दिन भर कई लाख सीएफटी बालू का अवैध उठाव स्थानीय ट्रैक्टर चालकों से मिलकर कर रहा है। वहीं कई लोग जंगलों व अन्य स्थानों का सहारा लेकर वहां बालू अवैध रूप से डंप कर उसे ट्रैक्टर के माध्यम से बेच रहे है। गुमला सदर प्रखंड की बात करें तो अटरिया क्षेत्र के भंडरिया जंगल,अटरिया नदी के आस-पास, नागफेनी नदी के आस-पास बसे गांवों व डंपिंग यार्ड के अगल-बगल में भी अवैध बालू डंप कर खुले आम बेचा जा रहा है। सबसे ताज्जुब की बात यह है कि अधिकारी रात में छापामारी कर रहे हैं जबकि बालू दिन के उजाले में ही इधर से उधर भेजा जा रहा है। अटरिया भंडार टोली, सिलाफारी सहित आस-पास के क्षेत्रों में टैक्टर चालक अपनी डंपिंग यार्ड बना लिये हैं और नदियों से बालू का उठाव कर वहां रख रहे हैं। जिसे मुंह मांगी कीमत पर बेच रहे हैं।



## महत्वपूर्ण खबरें

### मामला आपूर्ति विभाग के समक्ष आयेगा तो दोषी पर होगी कार्रवाई : डीएसओ

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** भेलवाडीह में राशन डीलर के द्वारा मनमानी करते हुए गरीबों के राशन चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार सिमडेगा के भेलवाडीह में राशन डीलर के द्वारा गरीबों के राशन चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें सही तरीके से राशन डीलर महावीर साहू द्वारा राशन नहीं दिया जा रहा है, और उनकी राशन को काटकर राशन डीलर अपनी मनमानी कर रहा है। राशन डीलर ग्रामीणों को नियमित रूप से राशन नहीं दे रहा है। दर्जनों ग्रामीण सोमवार को इन सबकी शिकायत लेकर डीसी से मिलने सिमडेगा समाहरणालय पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने नियमित रूप से राशन उपलब्ध कराने की मांग की है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी संदीप भगत से जब इन ग्रामीणों की शिकायत के संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनके पास मामला आयेगा तो वे जांच करवा कर दोषियों पर कार्रवाई करेंगे।

### वज्रपात से एक मजदूर की मौत, दो घायल



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के बिमरला माइंस स्थित एक होटल में बैठे सोमवार को तेज बारिश के साथ वज्रपात में एक मजदूर की मौत हो गई और 2 मजदूर घायल हो गये। नावाडीह निवासी मृतक रामदयाल उरांव, घायल रघुबीर उरांव, जयमंगल उरांव के नाम शामिल है। वही तीनों को अन्य मजदूर के सहयोग से हिंडालको कंपनी के एंबुलेंस गाड़ी की मदद से घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां रामदयाल उरांव को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि रघुवीर और जय मंगल का इलाज किया जा रहा है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार मृतक और घायल के साथी संदीप उरांव और पतीसर बड़ाइक ने बताया कि सभी मजदूर बिमरला खनन क्षेत्र में मजदूरी करके घर के लिए निकले थे। बारिश शुरू होने के कारण बीमरला माइंस के बगल स्थित एक होटल में सभी बैठे हुए थे। इसी दरमियान 3:30 बजे तेज बारिश में वज्रपात हुई। जिससे रामदयाल, रघुवीर और जयमंगल घायल हो गये। जहां तीनों को एंबुलेंस की मदद से घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां रामदयाल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### अहीर सेना ने होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** अहीर सेना सिसई प्रखंड समिति की ओर से डुमरटोली सिसई में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर सभी ने एक-दुसरे को अबीर लगा कर पर्व की बधाई दी। समारोह में गीत-संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह में गीत-संगीत की धुन पर युवा जमकर डांस किये। समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने कृष्ण भगवान में पुष्पांजलि अर्पित कर किया और समाज के प्रबुद्धजनों ने अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अहीर सेना के लोहरमैंन गोप ने कहा कि होली अंहकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक है। होली एक ऐसा पर्व है कि गिले शिकवे भूल कर लोग एक-दूसरे से गले मिलते है। इस कार्यक्रम में अहीर सेना के अनिल यादव ने समाज को बधाई दी और कहा समाज को जोड़ कर चलने की जो बीड़ा हमलोंगो ने उठायी है समाज को एकजुटता के साथ जोड़ कर ही दम लेंगे। इस मौके पर अहीर सेना के चंदन गोप, जनक गोप, बिनय गोप, अमन यादव, लखन गोप, नीरज अधिकारी, फलिन्द्र गोप, विध्यधार भगत, पंकज गोप, अशोक गोप, रविन्द्र गोप, मानोज गोप प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### मिशन बदलाव की टीम पहुंची हरा गांव ग्रामीणों की समस्याओं से हुई अवगत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव टीम बिनोद साहू और रोहित संजीत कुजूर के नेतृत्व में बेंदोरा पंचायत के हरा गावं पहुँचे और ग्रामीणों से मुलाकात किया।ग्रामीणों ने बताया कि हरा गावँ में तीन जलमीनार है और तीनों खराब है।ग्रामीणों के द्वारा पेयजल की समस्याओं को लेकर कई बार अवगत कराया गया लेकिन मुखिया और पदाधिकारी ने कहा कोई ध्यान नहीं दिया।आज ग्रामीणों की स्थिति ऐसे है कि पानी के लिये तरसना पड़ता है। बिनोद साहू ने कहा कि हरा गावँ की पेयजल व्यस्था को लेकर विभागों को अवगत कराया जाएगा और मांग भी किया जाएगा कि सभी जलमीनार को तुरंत बनायें। जिससे आम ग्रामीणों को समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# चुनाव जागरूकता के लिए प्रतियोगिता का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** स्वीप कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में चुनाव जागरूकता के लिए सोमवार को स्कूल के बच्चों में पोस्टकार्ड प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसका मुख्य उपदेश बच्चों को चुनाव संबंधित जानकारी देना ताकि बच्चे जाकर अपने गांव में माता-पिता को चुनाव के महत्व और मतदान के बारे में बताएं। प्रतियोगिता में रंगोली प्रतियोगिता के बच्चों को प्रथम पुरस्कार एवं पोस्टकार्ड प्रतियोगिता के बच्चों को द्वितीय पुरस्कार एवं मेहंदी प्रतियोगिता के बच्चों को तृतीय पुरस्कार बीडीओ सुप्रिया भगत के हाथों दिया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक एवं स्वीप कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर दिवाकर केसरी उपस्थित थे।

# दो वर्ष से नहीं हुआ है गुमला नगर परिषद के मजदूरों का मजदूरी भुगतान

**भाजपा नेता ने पहाड़ पनारी पहुंचकर मजदूरों से की मुलाकात**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के पहाड़ पनारी गांव के मजदूरों को नगर परिषद द्वारा काम कराकर मजदूरी भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत पर भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा की टीम पहाड़ पनारी गांव पहुंची। वहां पर मजदूरों की समस्याएं सुनी। मजदूर केसरी देवी, आरती देवी, दिलेश्वर नायक,मनोज नायक सहित दर्जनों मजदूरों ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व नगर परिषद गुमला द्वारा लगभग एक सौ दिन तक मजदूरों को रोड पर झाड़ू लगाने का काम कराया गया है। इन मजदूरों को मजदूरी भुगतान के लिए दो वर्ष से टाल मटोल किया जा रहा है। जब भी पैसे की मांग की जाती है तो पदाधिकारियों एवं ठेकेदार के द्वारा कभी विभाग में पैसा नहीं आया है तो कभी और कुछ बहाना करके इन मजदूरों को वापस घर भेज दिया जाता है। ये मजदूर अब थक हार चुके हैं इसके बाद मजदूरों ने मामले की जानकारी भाजपा के नेता खुशमन नायक को दी। खुशमन नायक अपनी टीम के साथ पहाड़ पनारी गांव पहुंच कर पीड़ित मजदूरों से मिले और वस्तु स्थिति का जायजा लिया। मजदूरों को मजदुरी भूगतान कराने का सांत्वना देते हुए नगरपालिका प्रशासन से मांग की है कि ये गरीब मजदूर प्रति दिन काम करते हैं तब इनका परिवार का पेट भरता है परंतु काम करा कर इतने दिनों तक मजदूरों को पैसा नहीं देना ये बहुत चिंता की बात है। इन मजदूरों को जल्द मजदुरी भूगतान किया जाय। खुशमन नायक ने यह भी कहा है कि अगर 30 दिनों के अंदर इन मजदूरों को मजदुरी भूगतान नहीं किया गया तो भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा नगर प्रशासक एवं संबंधित ठेकेदार के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर मोर्चा के जिला मंत्री रवि नायक, नगर मंडल अध्यक्ष संभु नायक, गुमला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संतोष नायक, आशीष नायक, संजय नायक, संजू देवी, जुगमणि देवी सहित दर्जनों मजदूर एवं ग्रामीण मैजूद थे।



# डीसी ने बैंक कर्मियों के संग बैठक कर दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की अध्यक्षता में जिले के सभी बैंको के शाखा प्रबंधकों के साथ लोकसभा आम चुनाव, 2024 के तहत संदिग्ध वित्तीय लेन-देन पर निगरानी से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव, 2024 की घोषणा कर दी गयी है। इसके साथ ही पूरे देश भर में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। निर्वाचन अवधि के दौरान जिले में होने वाले संदिग्ध वित्तीय लेन-देन पर निगरानी रखी जाय। उन्होंने सभी को निर्देश दिया कि सभी पार्टी के अभ्यर्थियों का ससमय बैंक खाता खोलने में विलंब ना करें साथ ही चेकबुक निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने किसी व्यक्ति द्वारा बैंक खाते से 10 लाख या उससे अधिक रुपए की संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की जाती है तो बैंक इसकी सूचना जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि बाहय स्त्रोत एजेसियों, कंपनियों के साथ जाने वाले व्यक्ति अनिवार्य रूप से संबंधित एजेंसियों द्वारा जारी पहचान-पत्र रखेंगे। इसके अलावा उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में बड़ी संख्या में जिला के बैंक कर्मी और पदाधिकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो सहित अन्य पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे ।



# बालू और पत्थर का अवैध कारोबार करनेवालों पर कार्रवाई हो : प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला सचिव प्रकाश उरांव ने बयान जारी करते हुए कहा है कि गुमला जिला में हो रही बालू और पत्थर की अवैध उत्खनन पर जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई करें नहीं तो पार्टी राज्य स्तर पर इस मामले को उठाने का काम करेगी। लगातार अखबारों में अवैध खनन की शिकायत आते रही है लेकिन अवैध रूप से बालू व पत्थर का धंधा कुछ दिन बंद होकर फिर से चलते रहता है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री उरांव ने यह भी कहा है कि बालू व पत्थर लोगों को उचित मूल्य पर मिले इसकी भी व्यवस्था सरकार व जिला प्रशासन को करनी चाहिए। जिले के ठेकेदार सड़क व भवन निर्माण इत्यादि कार्यों मेंअवैध बालू व पत्थर का उपयोग खुलेआम कर रहे है, इस पर भी पाबंदी लगनी चाहिए। श्री उरांव ने जिले में संचालित क्रेशर में भी माइनिंग एक्ट का उल्लंघन करने और कोरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत क्रेशर लीजधारी द्वारा कार्य नहीं करने की भी बात कही है। इस अवैध धंधे पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में पार्टी गुमला उपायुक्त से मिलकर अवैध बालू व पत्थर के कारोबार में शामिल लोगों और जिम्मेवार पदाधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग करेगी।



### लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी के साथ की बैठक

# 23 मार्च तक सभी आर्म्स लाइसेंसधारी स्थानीय थाने में जमा करायें अपना हथियार, नहीं तो रद्द होगा लाइसेंस

**निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए टीम वर्क जरूरी: डीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन की संयुक्त अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी वे जिले के सभी हथियार लाइसेंसधारियों को 23 मार्च तक अपने-अपने स्थानीय थाने में शस्त्र जमा करने का निर्देश दिया। ऐसा नहीं करने वाले लाइसेंसधारियों के लाइसेंस रद्द/निलंबन किए जाने की कार्रवाई करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चुनाव की घोषणा हो चुकी है। मतदान के दिन तय हो चुके हैं। ऐसे में आप सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करें और निर्वाचन से संबंधित सभी संबंधित रिपोर्ट जल्द से जल्द समर्पित करें। उन्होंने कहा कि प्राप्त निर्देश के आलोक में सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधा होना अनिवार्य है। जिले के सभी 1796 मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैंप और पर्याप्त सांख्य में फर्नीचर उपलब्ध रहे इसे सभी बीडीओ सुनिश्चित करें। मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर न्यूनतम मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करें ताकि मतदाताओं तथा मतदान दल को मतदान केंद्र में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। मतदान केंद्र पर बिजली से चलने वाले सभी उपकरण यथा पंखा, बल्ब विशेष रूप से चार्जिंग पॉइंट चालू अवस्था मे रहे इसे सुनिश्चित करें। किसी प्रकार की कोई कमी दिखे तो तुरंत दुरुस्त कर लें। अगर किसी भी मतदान केंद्र का नाम बदलने की आवश्यकता है तो संबंधित प्रस्ताव जल्द से जल्द समर्पित करें।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन।

## वीएमएस व एमएमएस के माध्यम से ही निर्वाचन कार्यो को संपादित करना सुनिश्चित करें अधिकारी : उपायुक्त

जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने वाहनों की उपलब्धता, उसमें ईंधन की व्यवस्था व भुगतान से जुड़े सभी कार्यों को व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये ही निष्पादन कराने की बात कही। इसी तरह सामग्री आपूर्ति से जुड़े कार्यों को मैटेरियल मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी से कहा कि निर्धारित वाहन के अलावा किसी भी परिस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की गाड़ी न बदले यह सुनिश्चित होना चाहिए। इसके अलावे उन्होंने कहा कि किसी कोषांग में प्रतिनियुक्ति कोई कर्मी गलत तरीके से किसी प्रत्याशी या राजनीतिक दल को कोई गोपनीय सूचना देते पाया गया तो संबंधित कर्मी को सीधे बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी। कहा कि बिना अनुमति के वाहनों का काफिले पर रोक रहेगी। इसी तरह उन्होंने कम्युनिकेशन प्लान, वोटर स्लिप का समय पर वितरण, एफएसटी, एसएसटी बॉर्डर चेक पोस्ट पर सीसीटीवी सहित अन्य सुविधाएं, अन्य विषयों पर समीक्षा कर कई निर्देश दिये। मौके पर सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, थाना प्रभारी, बीडीओ-सीओ समेत अन्य दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शराब तस्करी पर अंकुश को लेकर पुलिस ने कसी कमर



**होली और लोकसभआ चुनाव को लेकर न्यू समाहरणालय के एसपी कार्यालय में हुआ क्राइम मीटिंग, दिए गए दिशा-निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** होली और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को पपराटांड़ स्थित न्यू समाहरणालय के एसपी कार्यालय में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। इस दौरान एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सभी एसडीपीओ और थाना प्रभारियों को शराब तस्करी को लेकर खास ध्यान देने का निर्देश दिया। कहा कि अंतर जिला स्तर पर सभी चेक पोस्ट पर निगरानी करने की जरूरत है। हर वाहनों की जांच करने का निर्देश दिया गया। कहा कि इसके लिए हर थाना प्रभारी आईटी का सहारा ले, और बगैर जांच के नगद को तत्काल मुक्त करने पर सख्त पाबंदी भी लगाने का सुझाव दिया। एसपी ने होली के पर्व को ध्यान में रखते हुए इलाके में गस्ति बढ़ाने का निर्देश दिया। जबकि असामजिक तत्वों पर भी नजर रखने की बात कही। क्राइम मीटिंग में एसपी ने महिला हिंसा से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया। बैठक में एसडीपीओ सुमित प्रसाद, एसडीपीओ बिनोद रवानी, डीएसपी अंबिका राय, एसडीपीओ धनंजय राम, साइबर डीएसपी आबिद खान, प्रशिक्षु डीएसपी नीलम कुजूर, कैलाश महतो समेत कई थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी शामिल थे।

# विश्रामपुर व्यवसायी संघ की बैठक में संगठन के विस्तार-मजबूती पर चर्चा

**23 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजन का निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर व्यवसाई संघ की बैठक रविवार को जनता उच्च विद्यालय परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष पंकज कुमार लाल और संचालन प्रभु प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक में संगठन के विस्तार व मजबूती को लेकर चर्चा की गई। इसके अलावा 23 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें पलामू के कलाकार शिव कुमार चौधरी, प्रसिद्ध तबलावदक शिशिर शुक्ला सहित भोजपुरी के कई गायक और कलाकार शामिल होंगे। संगठन के अध्यक्ष पंकज कुमार लाल ने कहा कि होली मिलन समारोह वयवसाइयों को एक जगह एकत्रित होकर कुछ समय मनोरंजन में डूब जाने का सुनहरा मौका होता है। बैठक में संतोष गुप्ता, लालन सोनी, मनीष कुमार, संजय गुप्ता, ग्यासुद्दीन अंसारी, गोपाल सोनी, कृष्णा केशरी, राजेश केशरी, संतोष चौधरी, शिव कुमार, अरविंद सोनी, अजय केशरी, दीपक साव, अंकित कुमार, राजू केशरी आदि उपस्थित थे।

## डंडीला में 20 मार्च को होली मिलन समारोह, शामिल होंगे बिहार-झारखंड के कई दिग्गज कलाकार

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर नौ के डंडीला खुर्द गांव में 20 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित होगा। जिसका आयोजन नवयुवक संघ की ओर से किया जा रहा है। इसकी जानकारी नवयुवक संघ के संरक्षक प्रो नंदलाल शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बिहार और झारखंड के कई नामी भोजपुरी व्यास और कलाकार शामिल होंगे। पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य करने हेतु कई प्रसिद्ध नार्तिकी भी आयेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला शामिल होंगे।

## गर्भवती महिला को मिला इलाज

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** प्रोग्रेसिव हैंड फाउंडेशन की ओर से पूरे देश में निम्न वर्गीय लोगों के लिए मेडिकल कैशलेस सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसमें 10 हजार तक का कैशलेस सुविधा लोगों को दिया जाता है। जिसमें 18 मार्च को बिहार के भागलपुर जिले की निक्की देवी (27) नामक एक महिला ने फॉर्म भरा था। वह गर्भवती है। उन्होंने आरोग्य सेवा से फॉर्म भरा था जिनकी आज प्रसव हुई है। संस्था ने उनको 7 हजार रुपये मेडिक्लेम के रूप में नकद प्रदान किया, जो विश्वनाथ कुमार पांडे विनीत पांडे सत्यसार रवि मिश्रा नेहा मिश्रा अन्य लोगों की मौजूदगी में दिया गया। बाकी के तीन हजार रुपये जब उनका शिशु तीन महीने का हो जाएगा तो संस्था उनको प्रदान करेगी। इसके लिए गर्भवती महिला ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# हुसैनाबाद में उत्पाद विभाग की छापामारी, 12 हजार किलो जावा महुआ व 250 लीटर महुआ शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर/हुसैनाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन के निर्देश के आलोक में लोकसभा चुनाव व होली के मद्देनजर उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को उत्पाद की विभाग की टीम ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ईटबांध, घाघरा एवं डंडिला गांव में छापामारी किया। जहां कारोबारी द्वारा ड्रम की जगह जमीन में गड्ढा खोदकर प्लास्टिक में जावा महुआ तैयार करते हुए पाया गया। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने जमीन के अंदर छुपाकर रखे जावा महुआ का भंडाफोड़ करते हुए 12 हजार किलोग्राम जावा महुआ और 250 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। हालांकि पुलिस व उत्पाद विभाग के पहुंचने से पहले ही आरोपित जितेंद्र चौहान, घूरा चौहान, उदय यादव, वीरेंद्र यादव, भोला पासवान, चंदन यादव मौके से फरार हो गये। उनके विरुद्ध थाने में अभियोग दर्ज किया गया है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव व होली के मद्देनजर लगातार छापामारी अभियान जारी रहेगा।



# विवाहिता की मौत मामले में पति, सास व देवर पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के मोहम्मदगंज थाना अंतर्गत गाजी बिहरा गांव में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। जिसके मामले में मृतका के भाई हुसैनाबाद थाना अंतर्गत कचरा गांव निवासी रणजीत कुमार सिंह ने मोहम्मदगंज थाना में आवेदन देकर अपनी पूजा देवी के पति दीपक कुमार सिंह, सास इंदु देवी, ननद अंजली सिंह, देवर चंदन सिंह व अमन सिंह के विरुद्ध गला दबा कर हत्या करने का नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में मृतका के भाई रणजीत सिंह ने बताया कि उसका बहनोई दीपक कुमार सिंह व उसके परिवारवाले बराबर कारोबार करने के लिए पैसो की मांग किया करते थे। पैसे नहीं लाने पर हमेशा बहन के साथ मारपीट कर प्रताड़ित किया करते थे। हमलोगों ने कई बार बहन के घर जाकर समझाने का प्रयास किया पर उन लोगों की हरकतें जारी रही।। इधर, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने बताया की घटना की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में अग्रेतर कार्रवाई के लिए छानबीन की जा रही है।

# स्वस्थ शरीर ही खुशहाल जीवन का मूल मंत्रः डॉ स्वामीनाथन

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** ईीएल मुगमा क्षेत्रीय कार्यलय सभागार में डीवीसी मैथन के मैथन क्लब एवं निरसा अग्रसेन भवन परिसर में वाह जिंदगी वाह का आयोजन हुआ। खास सत्र वाह जिंदगी वाह जिसमें मुंबई से आकर शामिल हुए डॉक्टर स्वामीनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने जीवन रूपी जहाज को सदा खुशी और उमंग उल्लास के साथ जीना चाहिए। वह तभी हो सकता जब हम सदा हर बात के लिए परमात्मा को शुक्रिया अदा करें। उन्होंने कहा कि जितना ही हम इस तरह के सकारात्मक विचार उत्पन्न करते रहेगें उतना ही वो पावन तरंगे सामने वाले को हल्का और खुश महसूस कराएगा। इस मौके पर हजारीबाग से आये डॉ संजय राजन और डॉ सीमा राजन, डॉ एके सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ अवंतिका, डॉ ओम नारायण, बीके जया, शांति, ज्योति, नेपा बहन, दुर्गा दास, विक्की, संजय, आदेश, शिवचंद्र आदि शामिल हुए।




## कानूनी जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीणा मिश्रा के आदेशानुसार व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार सोनम बिश्नोई के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय में कानूनी जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नवजीवन नर्सिंग होम के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, अधिवक्ता गण एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में सचिव सोनम बिश्नोई की ओर से आयुष्मान योजना अंतर्गत मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया। जिसमें प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार। दूसरी योजना से संबंध देश के किसी भी चिन्हित सरकारी या निजी अस्पताल में मुक्त इलाज की सुविधा भर्ती होने से सात दिन पहले तक की जांच एवं भारती के दौरान उपचार व भोजन और डिस्चार्ज होने के 10 दिन बाद तक का चेकअप एवं दवाएं निशुल्क दी जाती है। वहीं न्यायाधीश प्रभारी मोहित चौधरी ने भी स्वास्थ्य सिविर को संबोधित किया।

## चिरकुंडा नप ने किया बूथों का भौतिक सत्यापन



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद के अधिकारी द्वारा सोमवार को नगर परिषद क्षेत्र के बूथों का भौतिक सत्यापन किया गया। विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के कुल 38 बूथों का भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होने कहा कि केएमसीईएल क्लब के बूथ में बिजली, फर्नीचर, शौचालय, पानी, रैम्प आदि की कमी पाई गई। वहीं बीसीसीएल के लायकडीह डीप कोलियरी स्थित प्राथमिक विद्यालय में फर्नीचर, पानी, बिजली आदि की कमी पाई गई। यहां पर बिल्डिंग की स्थिति भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि बूथ में जो भी कमी है उसे दुरुस्त किया जाएगा। भौतिक सत्यापन में कनिय अभियंता उत्तम कुमार, सुपरवाइजर अमर दास, अनिल साव, अनुप कुमार, ओंकारनाथ श्रीवास्तव, चिन्मय बनर्जी और बैजू साव आदि भी शामिल थे।

# स्पोर्ट्स



**भारतीय ओलिंपिक संघ ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का कार्यभार संभाल रही एड्हॉक कमेटी को भंग कर दिया है। दरअसल केंद्रीय खेल मंत्रालय ने गाइड लाइन का पालन ना करने पर डब्ल्यूएफआइ को बैन कर दिया था।**

### सस्पेंशन बरकरार : डब्ल्यूएफआइ अध्यक्ष बोले- पहलवानों को विदेश में प्रशिक्षण दिलायेंगे

# आइओए ने भंग की रेसलिंग की एडहॉक बॉडी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलिंपिक संघ (आइओए) ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआइ) का कार्यभार संभाल रही एडहॉक कमेटी को भंग कर दिया है। दरअसल केंद्रीय खेल मंत्रालय की ओर से खेल गाइड लाइन के पालन न करने पर डब्ल्यूएफआइ को बैन कर दिया था। हालांकि, मंत्रालय की ओर से अभी तक बैन नहीं हटाया गया है। खेल मंत्रालय की ओर से डब्ल्यूएफआइ के बैन किए जाने के बाद आइओसी ने फेडरेशन के कार्यों को देखने के लिए एडहॉक कमेटी का गठन किया था।



**वर्ल्ड रेसलिंग फेडरेशन भी हटा चुका है बैन**

इस महीने ही वर्ल्ड रेसलिंग फेडरेशन ने डब्ल्यूएफआई की सदस्यता बहाल की थी। वर्ल्ड रेसलिंग ने पिछले साल अगस्त में फेडरेशन चुनाव समय से नहीं कराने के कारण डब्ल्यूएफआइ की सदस्यता रद्द कर दी थी, लेकिन हाल ही में उसने एक बैठक की जिसमें कुछ शर्तों के साथ सदस्यता बहाल करने का फैसला किया था। उधर, आइओए के फैसले पर अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि जल्दी ही नेशनल कैंप लगाएंगे। हम फेडरेशन का पूर्ण नियंत्रण देने के लिए आइओए को धन्यवाद देते हैं। हम जल्द ही राष्ट्रीय शिविर आयोजित करेंगे और अगर पहलवान विदेश में प्रशिक्षण लेना चाहते हैं तो हम हर सुविधा देंगे। मुझे यकीन है कि यह हमारे लिए संघर्ष का अंत है। बतातें चलें कि एडहॉक कमिटी ने हाल ही में एशियन चैंपियनशिप और ओलिंपिक कोटा के लिए होने वाले इंवेट में भाग लेने वाले पहवानों के चयन को लेकर पुरुष और महिला कैटेगिरी में ट्रायल कराए। पुरुषों में जहां बजरंग को हार का सामना करना पड़ा था, वहीं महिला वर्ग में ड्रामा के बाद विनेश फोगाट जीत दर्ज करने में सफल रही थीं। गौरतलब हो कि विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे शीर्ष पहलवानों ने डब्ल्यूएफआइ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

# जिलास्तरीय डे-नाइट बॉलीबॉल टूर्नामेंट पर डंडीला खुर्द का कब्जा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिलास्तरीय डे-नाइट बांलीबांल टूर्नामेंट का फाइनल मैच डंडियां खुर्द एवं डाल्टनगंज के बीच खेला गया। जिसमें डंडिला खुर्द की टीम ने डाल्टनगंज को सीधे सेट में 3-1 से हरा कर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने कहा कि युवाओं के लिए खेल के क्षेत्र में भी असीमित अवसर है। इसलिए पढ़ाई के साथ ही खेल-कूद भी जरूरी है। ताकि इस क्षेत्र में छिपी अपार संभावनाओं की तालाश भी सुगमता के साथ हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। संसाधन के आभाव और उचित प्लेटफार्म नहीं मिल पाने के कारण ग्रामीण प्रतिभाओं को अपेक्षित मंजिल नहीं मिल पा रहा है। युवाओं को आश्वस्त किया कि अब उन्हें संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। उन्हें कई सशक्त प्लेटफॉर्म भी उपलब्ध कराया जायेगा। उधर, कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने विजेता और उपविजेता टीमों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया। ट्रॉफी के साथ विजेता टीम को नकद 25 हजार और उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए दिये गये। इस दौरान अमृत शुक्ला ने घोषणा की कि अब प्रति वर्ष इस बॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होगा। साथ ही डंडियां खुर्द की टीम को राज्य स्तरीय कोच भी उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर प्रो नंदलाल शुक्ला, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, पंडित विजय कांत शुक्ला, राजेश शुक्ला, दिनेश कुमार, भूषण शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, आलोक शुक्ला, श्यामलाल शुक्ला, मार्कण्डे चौबे, दिनेश शुक्ला, मिथिलेश चौबे, सिद्धांत दूबे, आयुष शुक्ला, पियूष शुक्ला, पृथ्वीराज शुक्ला, मृत्युंजय दूबे पप्पू, व दीपक कुमार आदि थे।



18 पलामू-2

**कार्रवाई :** पति से अलग होने के बाद मायके में आकर रह रही थी पीड़िता, वहीं दोनों के बीच हुआ प्रेम

# शादी का झांसा देकर महिला का यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



पीड़ित महिला की प्रतिकात्मक तस्वीर।

**महुदा।** थाना क्षेत्र में 25 वर्षीय एक महिला को शादी का झांसा देकर यौन शोषण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए महुदा पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया हैं। बताते चलें कि महुदा थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने उसी के घर के पास रहने वाले जावेद अंसारी (25) के खिलाफ रविवार को महुदा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के बाद शादी करने से मुकर जाने का आरोप लगाया। जिसके बाद पुलिस ने कांड संख्या 18/24 धारा 376 'एन' के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी जावेद को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार युवती का कुछ वर्ष पहले शादी हो चुकी थी। हालांकि किन्हीं कारणों से वह अपने पति से अलग हो गई और मायके में ही आकर रह रही थी। एक-दूसरे का पड़ोसी होने के कारण दोनों के बीच नकदीकियां बढ़ी और प्रेम हो गया। बताया कि युवक के साथ युवती का चार साल तक प्रेम प्रसंग चला। आरोप है कि युवक ने उसे शादी का झांसा देकर बार-बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। जिसके चलते विगत वर्ष वह गर्भवती भी हो गई थी, लेकिन आरोपी युवक ने उसे कोई दवाई खिलाकर उसका गर्भपात करवा दिया। मामले को लेकर कई बार पंचायत भी बैठ चुकी हैं। पर पंचायत में बात नहीं बनी। थक हार कर इंसाफ की गुहार लगाते हुए युवती ने थाने में आवेदन किया है। उसने पुलिस को बताया कि जावेद अंसारी उसके घर से कुछ ही दूरी पर रहता है। वह पिछले 4 सालों से लगातार शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया। अब वह दूसरी जगह शादी करने की फिराक में हैं। युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कर आरोपी उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना में मामला दर्ज होते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को रविवार की रात में ही गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर, एएसआई महेंद्र राम ने बताया कि युवती ने लिखित शिकायत कर बताया कि उसके घर के पास रहने वाले युवक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। युवक से शादी की बात करने पर वह बाद में साफ मुकर गया। इसके बाद युवती ने उसके विरुद्ध मामला दर्ज कराया हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं युवती को 164 का बयान व मेडिकल के लिए भेज दिया गया हैं।

## जेपीएससी का प्रश्नपत्र लीक होने से शर्मसार हुआ झारखंड : सांसद प्रतिनिधि



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आजसू के धनबाद जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी ने जेपीएससी द्वारा ली जा रही सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में प्रश्न पत्र का लीक होने की घटना को झारखंड के लिए शर्मनाक बताया। साथ ही इसकी सीबीआइ जांच की मांग की है। कहा कि हाल ही में जेएसएससी की परीक्षा में भी प्रश्न पत्र लीक हो गया। इससे झारखंड की बदनामी हुई बावजूद इसके पुनः यह स्थिति जेपीएससी द्वारा ली जा रही परीक्षा के दौरान हुई। कहा कि जेपीएससी द्वारा ली जा रही परीक्षा के दौरान चतरा में तो परीक्षार्थियों ने यह कहकर हंगामा कर दिया कि परीक्षा के पूर्व ही प्रश्न पत्र लीक कर दिया गया है। जबकि जामताड़ा जिले के परीक्षा केंद्र का जो दृश्य दिखा वह स्पष्ट कर रहा है कि प्रश्न पत्र लीक हुआ है। जामताड़ा के मिहिजाम के एक परीक्षा केंद्र पर तो परीक्षार्थी खुलेआम उत्तर पुस्तिका भरते नजर आये। कहा कि यह सरकार युवाओं के भविष्य के साथ तो खिलवाड़ कर ही रही है। झारखंड की गरिमा को भी चोट पहुंचा रही है। राज्य सरकार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सीबीआइ जांच की अनुशंसा करनी चाहिए, ताकि उक्त कांड में संलिप्त दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई किया जा सके।

## फंदे पर झूल कर युवक ने दी जान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड के आइइएल थाना अंतर्गत गवर्नमेंट कॉलोनी फेस-2 में एक विवाहित युवक द्वारा फंदे से झूल कर अपनी इहलीला समाप्त कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान राजेश कुमार यादव (38) के रूप में हुई है। वह आइइएल में दैनिक मजदूर के रूप में कार्यरत था। उसके पिता रामगढ़ में निजी सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। पड़ोसियों के अनुसार राजेश अपने कमरे में खुद को बंद कर फंदे से झूल गया। उसे ढूंढने के लिए जब उसके परिजन गए तो उसने भीतर से कोई आवाज नहीं दिया। आनन फानन में पड़ोसियों ने पीछे से दरवाजा तोड़कर देखा तो वह फंदे पर झूल रहा था। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। बताया जा रहा कि मृतक की पत्नी और मां अपने गांव गए हुए थे। उन्हें भी इसकी सूचना दे दी गई है। उधर, सूचना मिलने पर मुखियां शांति देवी ने शोक व्यक्त किाय है। वहीं, आइइएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो ने बताया कि परिजनों के आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गर्मी से पहले ही शुरू हो गयी पानी की किल्लत



**धनसार/झरिया (आजाद सिपाही)।** गर्मी अभी शुरू भी नहीं हुई कि शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पानी को लेकर परेशानी खड़ी होने लगी है। पानी नहीं मिलने से नाराज लोगों को माडा के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए सडक पर उतरना पड़ रहा है। सोमवार को जामाडोबा शास्त्री नगर और आजाद नगर में पिछले तीन महीने से पीने का पानी नहीं मिलने से नाराज मुहल्ले वासियों ने झरिया के वाटर बोर्ड कार्यालय के समक्ष माडा प्रबंधन के खिलाफ जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारी लोगों ने कहा कि बस्ती में हजारों की आबादी निवास करती है, जहां पिछले तीन महीने से भी अधिक समय से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। इस कारण बड़ी आबादी को दिनभर पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। होली त्योहार भी नजदीक हैं। रमजान का पाक महीना भी चल रहा है। यहां ज्यादातर मुस्लिम समुदाय के लोग रहते हैं, जिन्हें पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। झरिया वाटर बोर्ड कार्यालय का चक्कर लगा कर लोग थक चुके हैं। वाटर बोर्ड के अधिकारियों को मौखिक और लिखित शिकायत कई बार कर चुके हैं। नल में पानी नहीं आ रहा पर बिल जरूर आ जाता है। अगर सुचारू रूप से जलापूर्ति बहाल नहीं हुई तो सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद हंगामा, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नावाडीह/बेरमो।** डुमरी-बेरमो मुख्य मार्ग में सुरही के पास सोमवार को ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान टुकन महतो (23) के रूप में हुई है। वह पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर का रहने वाला था। उधर, घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार टुकन महतो बोदरो, बाराडीह में अपनी चचेरी बहन के यहां दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहा था। तभी सुरही के पास ट्रैक्टर से टक्कर होने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उधर, घटना की सूचना मिलते ही नावाडीह पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेने की कोशिश की। हालांकि उससे पहले ही मृतक के परिजनों के साथ वहां मौजूद ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से मौके पर मौजूद ग्रामीणों को समझाने का प्रयास जारी था। घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

## कतरास मारवाड़ी महिला समिति का होली मिलन समारोह, नयी कमेटी का गठन



**कतरास (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी महिला समिति कतरास शाखा का सोमवार को राणी सती दादी मंदिर में होली मिलन समारोह हुआ। जिसमें नई कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष रितु अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंशु अग्रवाल, सचिव मीना अग्रवाल, सहसचिव पूनम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपा अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी श्वेता खंडेलवाल को चुना गया। इससे पूर्व समिति की महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर प्रियंका चौधरी, राखी चौधरी, कविता अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, प्रीति सिंघानिया, शिल्पा गोयल आदि उपस्थित थीं।

## बीएसएल कर्मियों को मिला दीर्घकालीन सेवा सम्मान

# लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम अपने कौशल-ज्ञान का करें उपयोग : अतानु

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में 25 सालों की सेवा दे चुके 288 इस्पातकर्मियों को सोमवार को समारोह आयोजित कर दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मानव संसाधन विकास के प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में निदेशक -प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट अतानु भौमिक, अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सीआर महापात्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बीजीएच डॉ बीबी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधकगण व अन्य वरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह के आरंभ में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरि मोहन झा ने सभी का स्वागत किया। वहीं, निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक ने अपने संबोधन में 25 वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई दी। कहा कि इस्पात के प्रतिस्पर्धी बाजार में उत्पादन का लक्ष्य हर वर्ष बढ़ता जा रहा है और इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें अपने कौशल और ज्ञान का अधिकाधिक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे कर्मियों को अपने अनुभव से उत्पादन लागत को नियंत्रित करने का आह्वान भी किया। अन्य मंचासीन अधिकारियों ने भी दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे बीएसएल कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा 23 अधिशासी व 265 अनधिशासियों को दीर्घ कालिक सेवा प्रमाण पत्र व उपहार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक (कार्मिकं) डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी एवं प्रबंधक (कार्मिक) नीरज कुमार त्रिपाठी ने किया।

## अभाविप ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) मैथन बीएसके कॉलेज के कार्यकर्ताओं ने शिक्षकों की कमी, आईटीसी लैब को खुलवाने आदि मुद्दों को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। कॉलेज उपाध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्रा ने बताया विगत दो वर्षों से गणित और रसायन विज्ञान विभाग में शिक्षक ही नहीं है। इससे विद्यार्थियों का पठन-पाठन बाधित हो रहा। समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगें।

**अवैध निर्माण कार्य को रोका गया/कतरास (आजाद सिपाही)।** धनबाद नगर निगम क्षेत्र के कतरास अंचल स्थित सूर्य मंदिर नदी किनारे ट्रैकर स्टैंड के पास हो रहे अवैध निर्माण की सूचना पाकर सहायक नगर आयुक्त अंकित कुमार गुप्ता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रदीप रजक सहित अन्य अंचल कर्मियों को भेज कर तत्काल अवैध निर्माण पर रोक लगवा दिया। साथ ही बालू ईट सीमेंट सहित अन्य निर्माण सामग्रियों को जप्त कर अंचल कार्यालय ले जाया गया। हालांकि कर्मियों को देख कार्यरत लोग भाग गए।


## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग
(जिला निर्वाचन शाखा)

### –: मतदान केन्द्र के नाम परिवर्तन की आम सूचना :–

लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के पश्चात् निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में निर्वाची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका–2023 के अध्याय–2 के कंडिका 2.11.1 के आलोक में 20–बरकट्ठा, 21–बरही, 24–माण्डू एवं 25–हजारीबाग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित मतदान केन्द्रों के (Nomenclature) नाम में संशोधन की स्वीकृति दी गयी है। मतदान केन्द्रों के नाम में यह परिवर्तन विद्यालय/सरकारी भवनों के विलय/उत्क्रमण के कारण हुआ है, इसमें भवन के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं है। नाम परिवर्तन वाले मतदान केन्द्रों की सूची निम्नवत् आम सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है :–

| क्र0 | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सं0 एवं नाम | मतदान केन्द्र संख्या | पूर्व में मतदान केन्द्र का नाम | मतदान केन्द्रों का परिवर्तित नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 20–बरकट्ठा | 8 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पिपराडीह | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पिपराडीह (उत्तर भाग) | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 2 | 20–बरकट्ठा | 68 | म0वि0 जयनगर (पू0भाग) | आदर्श म0वि0 जयनगर (पू0भाग) | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 3 | 20–बरकट्ठा | 69 | म0वि0 जयनगर (प0भाग) | आदर्श म0वि0 जयनगर (प0भाग) | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 4 | 20–बरकट्ठा | 120 | उ0प्रा0वि0 खरपोका | उ0म0वि0 खरपोका, जयनगर | उत्क्रमण के कारण नाम में आंशिक संशोधन। |
| 5 | 20–बरकट्ठा | 128 | प्रा0वि0, लोहाडण्डा | रा0प्रा0वि0, लोहाडण्डा | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 6 | 20–बरकट्ठा | 129 | रा0म0वि मकतपुर | उत्क्रमित म0वि0 मकतपुर | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 7 | 20–बरकट्ठा | 142 | +2 उच्च विद्यालय, परसाबाद | राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय, परसाबाद | उत्क्रमण के कारण। |
| 8 | 21–बरही | 133 | उत्क्रमित हाई स्कूल, सेवई | उत्क्रमित प्रा0वि0, सेवई | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 9 | 21–बरही | 190 | उच्च विद्यालय, चन्दवारा, पू0भाग | रा0मो0म0मो0+2 उच्च विद्यालय, चन्दवारा पूर्वी भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 10 | 21–बरही | 191 | उच्च विद्यालय, चन्दवारा, द0भाग | रा0मो0म0मो0+2 उच्च विद्यालय, चन्दवारा दक्षिण भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 11 | 21–बरही | 192 | उच्च विद्यालय, चन्दवारा, प0भाग | रा0मो0म0मो0+2 उच्च विद्यालय, चन्दवारा पश्चिम भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 12 | 21–बरही | 193 | उच्च विद्यालय, चन्दवारा, उ0भाग | रा0मो0म0मो0+2 उच्च विद्यालय, चन्दवारा उत्तर भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 13 | 21–बरही | 194 | उच्च विद्यालय, चन्दवारा, म0भाग | रा0मो0म0मो0+2 उच्च विद्यालय, चन्दवारा मध्य भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 14 | 21–बरही | 195 | उच्च विद्यालय, चन्दवारा, उ0म0भाग | रा0मो0म0मो0+2 उच्च विद्यालय, चन्दवारा उत्तर मध्य भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 15 | 21–बरही | 234 | उ0म0वि0, सरैयाडीह, पू0 भाग | उ0उ0वि0, सरैयाडीह, पू0 भाग | उत्क्रमण के कारण नाम में आंशिक संशोधन। |
| 16 | 21–बरही | 235 | उ0म0वि0, सरैयाडीह, प0 भाग | उ0उ0वि0, सरैयाडीह, प0 भाग | उत्क्रमण के कारण नाम में आंशिक संशोधन। |
| 17 | 21–बरही | 237 | उ0म0वि0, सरैयाडीह, उ0 भाग | उ0उ0वि0, सरैयाडीह, उ0 भाग | उत्क्रमण के कारण नाम में आंशिक संशोधन। |
| 18 | 21–बरही | 283 | म0 वि0 खोड़ाहार उ0 भाग | उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहार उ0 भाग। | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 19 | 21–बरही | 284 | म0 वि0 खोड़ाहार द0 भाग | उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहार द0 भाग। | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 20 | 21–बरही | 298 | उ0 म0 वि0 कटिऔन | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कटिऔन। | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 21 | 24–माण्डू | 76 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रबोध, उ0 भाग | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रबोध, उ0 भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 22 | 24–माण्डू | 77 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रबोध, द0 भाग | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रबोध, द0 भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 23 | 24–माण्डू | 91 | रा0 उ0 म0 वि0 मिश्राईनमोढ़ा, पू0 भाग | रा0 उ0 म0 वि0 मिश्राईनमोढ़ा, द0 भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 24 | 24–माण्डू | 92 | रा0 उ0 म0 वि0 मिश्राईनमोढ़ा, द0 भाग | रा0 उ0 म0 वि0 मिश्राईनमोढ़ा, पूर्वी0 भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 25 | 24–माण्डू | 129 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंजी | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंजी, कमरा सं0–02 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 26 | 24–माण्डू | 141 | डॉ भीम राव अंबेदकर उच्च विद्यालय, ड्राईवर हार्ट | डॉ भीम राव अंबेदकर उच्च विद्यालय, ड्राईवर हार्ट, कमरा नं0–03 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 27 | 24–माण्डू | 147 | मध्य विद्यालय वेस्ट बोकारो | मध्य विद्यालय वेस्ट बोकारो, 12 नं0 कमरा सं0–03 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 28 | 24–माण्डू | 151 | मध्य विद्यालय वेस्ट बोकारो | मध्य विद्यालय वेस्ट बोकारो, कमरा सं0–04 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 29 | 24–माण्डू | 155 | डी0ए0वी0 उ0वि0 वेस्ट बोकारो, म0 भाग | डी0ए0वी0 उच्च विद्यालय, वेस्ट बोकारो, पश्चिमी भाग | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 30 | 24–माण्डू | 165 | सरस्वती विद्या मंदिर केदला 9 नं0, कमरा सं0–01 | पब्लिक उच्च विद्यालय, केदलानगर 9 नं0, कमरा सं0–01 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 31 | 24–माण्डू | 170 | सरस्वती विद्या मंदिर, केदला 2 नं0 | ओरियन इण्टरनेशनल स्कूल केदला 2 नं0 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 32 | 24–माण्डू | 180 | सरस्वती विद्या मंदिर, केदला 9 नं0, कमरा सं0–02 | पब्लिक उच्च विद्यालय केदलानगर 9 नं0, कमरा सं0–02 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 33 | 24–माण्डू | 188 | आदर्श उ0वि0, लईयो | आदर्श उ0वि0 लईयो, कमरा सं0–04 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 34 | 24–माण्डू | 219 | मध्य विद्यालय ओरला | मध्य विद्यालय ओरला, कमरा सं0–02 | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 35 | 24–माण्डू | 239 | बालिका विद्यालय कुजू, मुरपा | बालिका उच्च विद्यालय कुजू, मुरपा | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 36 | 24–माण्डू | 400 | उ0 उच्च वि0 बसरिया (पू0 भाग) | उ0 मध्य वि0 बसरिया (पू0 भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 37 | 24–माण्डू | 401 | उ0 उच्च वि0 बसरिया, (प0 भाग) | उ0 मध्य वि0 बसरिया, (प0 भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 38 | 24–माण्डू | 425 | म0 वि0 गोविन्दपुर कला (पू0 भाग) | उ0 उच्च वि0 गोविन्दपुर (पुराना भवन पू0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 39 | 24–माण्डू | 426 | म0 वि0 गोविन्दपुर कला (प0 भाग) | उ0 उच्च वि0 गोविन्दपुर (पुराना भवन प0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 40 | 24–माण्डू | 427 | उच्च वि0 गोविन्दपुर कला (पू0 भाग) | उ0 उच्च वि0 गोविन्दपुर (नया भवन पू0 भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 41 | 24–माण्डू | 428 | उच्च वि0 गोविन्दपुर कला (प0 भाग) | उ0 उच्च वि0 गोविन्दपुर (नया भवन प0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 42 | 24–माण्डू | 452 | उ0 उच्च वि0 चानो (पू0 भाग) | +2 उ0 उच्च वि0 चानो (पू0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 43 | 24–माण्डू | 453 | उ0 उच्च वि0 चानो (प0 भाग) | +2 उ0 उच्च वि0 चानो (प0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 44 | 24–माण्डू | 454 | उ0 उच्च वि0 चानो नया भवन | +2 उ0 उच्च वि0 चानो (नया भवन) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 45 | 24–माण्डू | 463 | उच्च वि0 सारूकुदर (पू0 भाग) | +2 उच्च वि0 सारूकुदर (पू0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 46 | 24–माण्डू | 464 | उच्च वि0 सारूकुदर (प0 भाग) | +2 उच्च वि0 सारूकुदर (प0 भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 47 | 25–हजारीबाग | 121 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय सलगावाँ (पूर्वी भाग) | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय सलगावाँ (पूर्वी भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 48 | 25–हजारीबाग | 123 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय सलगावाँ (मध्य भाग) | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय सलगावाँ (मध्य भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 49 | 25–हजारीबाग | 124 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय सलगावाँ (पश्चिमी भाग) | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय सलगावाँ (पश्चिमी भाग) | उत्क्रमण के कारण नाम में परिवर्तन। |
| 50 | 25–हजारीबाग | 136 | रा0 मध्य विद्यालय उर्दू कन्या सुलताना, पूर्वी भाग | रा0 उर्दू कन्या उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुल्ताना (पूर्वी भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 51 | 25–हजारीबाग | 137 | रा0 मध्य विद्यालय उर्दू कन्या सुलताना, पश्चिम भाग | रा0 उर्दू कन्या उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुल्ताना (पश्चिमी भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 52 | 25–हजारीबाग | 151 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय महुडर, पुराना भवन | कटकमदाग आजीविका महिला संकुल संगठन | भवन का नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 53 | 25–हजारीबाग | 176 | प्राथमिक विद्यालय बनहा, उर्दू, पूर्वी भाग। | रा. उर्दू प्रा. विद्यालय बनहा (पूर्वी भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 54 | 25–हजारीबाग | 177 | प्राथमिक विद्यालय बनहा, उर्दू, पश्चिमी भाग। | रा. उर्दू प्रा. विद्यालय बनहा (पश्चिमी भाग) | नाम में परिवर्तन के कारण। |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 323070 (Election) 23-24 (D)

# बीजद के पूर्ण चंद्र राउत ने थामा बीजेपी का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओडिशा।** ओडिशा में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव होना है। दोनों चुनावों की तारीखों का एलान कर दिया गया है। चार जून को परिणाम घोषित किया जाएगा। ऐसे में चुनाव से पहले ओडिशा में नवीन पटनायक की बीजू जनता दल से वरिष्ठ नेता ने पूर्ण चंद्र राउत ने इस्तीफा दे दिया है और भाजपा का दामन थाम लिया है। बीजू जनता दल के वरिष्ठ नेता सह पूर्व नगरपाल पूर्ण चंद्र राउत ने बीजद छोड़ आज भाजपा का दामन थामा। बीजू जनता दल के वरिष्ठ नेता व पूर्व नगरपाल पूर्ण चंद्र राउत ने सोमवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।



उन्होंने भुवनेश्वर पार्टी कार्यालय में आज हुए मिश्रण पर्व में सांसद जुएल ओराम की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की सासंद जुएल ओराम ने पूर्ण चंद्र राउत को उत्तरीय एवं भाजपा की टोपी पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया।

**भाजपा में शामिल होने पर क्या बोले बीजद नेता पूर्ण चंद्र**

इस अवसर पर जुएल ओराम ने कहा कि पूर्ण चंद्र राउत के भाजपा परिवार में आने से राजगांगपुर भाजपा पार्टी को मजबूती मिलेगी। पूर्ण चंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश दिन प्रतिदिन प्रगति के पथ पर है। देश में प्रधानमंत्री मोदी कुशल नेतृत्व का परचम लहरा रहे हैं।

# डॉ बीपी कश्यप फिर बने झारखंड के गौरव

## विट्रियो-रेटिना के क्षेत्र में एफएआइसीओ की मानद उपाधि से हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/कोलकाता।** कलकाता में आयोजित अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के 82वें वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सम्मारोह में झारखंड रांची के प्रसिद्द नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी कश्यप को विट्रियो-रेटिना के क्षेत्र में एफएआइसीओ की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान के सेक्रेटरी स्वामी नित्याकामानंदा के द्वारा प्रदान किया गया। याह मानद उपाधि देश के जिन चुने विट्रियो-रेटिना सर्जन्स को उनके रेटिना के क्षेत्र में किये गये कार्यों के सम्मान के लिए दी जाती है।

गौरतलब हो कि 1984 में डॉ बीपी कश्यप ने झारखंड (तब बिहार) में पहली बार रेटिना ट्रीटमेंट की शुरुआत की थी। उस समय वह समूचे बिहार के इकलौते रेटिना सर्जन थे। 1984 से लेकर 2004 तक, वे झारखंड और बिहार के इकलौते रेटिना सर्जन रहे। आज झारखंड में रेटिना के क्षेत्र में जितनी भी नयी तकनीके, मशीनें, ट्रीटमेंट पद्धति, रिसर्च, प्रशिक्षण इत्यादी मौजूद हैं, झारखंड में सबको लाने का श्रेय, सिर्फ डॉ बीपी कश्यप को जाता है। इनमें, 2003 में प्रीमैच्योर बच्चों के आंखों के रेटिना का इलाज शुरू करना, 2009 में रेटिना के सर्जरी की दुनिया की सबसे आधुनिक कॉन्स्टेलशन मशीन को लाना, रेटिना के इलाज हेतु इंट्राविट्रियल इंजेक्शन की 2006 में शुरुआत करना, रेटिना के इलाज की सबसे आधुनिक मशीन, और अभी तक की झारखंड की एकमात्रा इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी मशीन 2018 में लाना, 2021 में रेटिना के दवाइयों का झारखंड में पहला और अब तक का पहला क्लिनिकल ट्रायल शुरू करना, 2022 में झारखंड का पहला और एकमात्रा रेटिना का राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण सुविधा की शुरू करना आदि शामिल है।



डॉ बीपी कश्यप को विट्रियो-रेटिना के क्षेत्र में एफएआइसीओ की मानक उपाधि से सम्मानित करते हुए रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान के सेक्रेटरी स्वामी नित्याकामानंदा महाराज एवं समिति के प्रेसिडेंट डॉ हरबंस लाल।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–81–23–24. 2. कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल के अन्तर्गत रमना–सिंगरौली दोहरीकरण के अन्तर्गत महत्वपूर्ण पूल संख्या 07 (ओबरा बाध पुल) (स्पैन–2x30.5m + 5x76.2m + 1x30) के वेल कैप और पिअर (P3, P4, P5, P6) और खुली नीव (P7) के आसपास उप संरचना के जल सुदृढ़ीकरण और पुनर्वास का कार्य। 3. अंकलित मूल्य (रू) : ₹5,69,07,142.50, 4. निविदा प्रपत्र का लागत (रू) : ₹0.00, 5. अग्रधन राशि (रू) : ₹4,34,500.00, 6. कार्य पूर्ण करने की अवधि : 06 (छह) माह। 7. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 05.04.2024, 15.30 बजे अपराह्न।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/
निर्माण/दक्षिण/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/02578/कॉन/अभि./टी/23–24/48


# आइएनडीआइए की लड़ाई शक्ति के खिलाफ: मोदी

आजाद सिपाही

**हैदराबाद/चेन्नई ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तीन राज्यों तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु का दौरा किया। तेलंगाना के जगतियाल में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने 17 मार्च की इंडी गठबंधन की रैली का जवाब दिया। मोदी ने कहा कि मुंबई में इंडी अलायंस की रैली में उन्होंने अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें कहा गया है कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। मेरे लिए तो हर मां-बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा।

मोदी ने कर्नाटक के शिवमोगा में भी कहा कि इंडी अलायंस के लोग हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं। हिंदू समाज जिन्हें शक्ति मानता है, उस शक्ति के विनाश का ऐलान कर दिया है। अगर शक्ति विनाश का उनका ऐलान है, तो शक्ति उपासना का मेरा भी ऐलान है। उन्होंने कहा कि कई राजनीतिक जानकार कहते रहे हैं कि नारी शक्ति मोदी की साइलेंट वोटर है। लेकिन मेरे देश की नारी शक्ति वोटर नहीं, बल्कि मां शक्ति स्वरूपा है। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में चार किमी लंबा रोड शो निकाला।



# नारायण मूर्ति ने पोते को 15 लाख शेयर्स गिफ्ट किये



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति ने अपने चार महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को 240 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर्स गिफ्ट किये हैं। मूर्ति ने पोते को कंपनी में 15 लाख शेयर्स दिये हैं, जो 0.04% हिस्सेदारी के बराबर है। शेयर्स गिफ्ट करने के बाद इंफोसिस में नारायण मूर्ति की हिस्सेदारी अब 0.40% से 0.36 % रह गयी। कंपनी ने सोमवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बीएसइ को इस बात की जानकारी दी है।

गौरतलब है कि करीब चार महीने पहले 10 नवंबर को नारायण मूर्ति के बेटे रोहन मूर्ति और बहू अपर्णा कृष्णन माता-पिता बने थे। तब नारायण मूर्ति ने पोते का नाम एकाग्र रखा। नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति की दो नातिन भी हैं, जिनका नाम कृष्णा सुनक और अनुष्का सुनक है। दोनों बच्चियां ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक और अक्षता मूर्ति की बेटियां हैं। जनवरी में नारायण मूर्ति ने कहा था परिवार को कंपनी से अलग रखना एक गलत फैसला था। उन्होंने कहा कि मुझे लगता था कि कॉर्पोरेट गवर्नेंस का मतलब है कि इसमें परिवार शामिल ना हो। क्योंकि उन दिनों ज्यादातर बिजनेस फैमिली ओन्ड थे, जिनमें परिवार के बच्चे आते और कंपनी चलाते थे। इनमें कॉर्पोरेट के नियमों का भारी उलंघन होता था। मूर्ति से पूछा गया कि उनके बेटे रोहन मूर्ति हार्वर्ड में स्कॉलर हैं। अगर वो कल इंफोसिस जॉइन करने के लिए कहते हैं, तो आप क्या करेंगे? इसके जवाब में मूर्ति ने कहा कि रोहन मुझसे ज्यादा उसूलों का पक्का है। वो ऐसा कभी नहीं कहेंगे। रोहन मूर्ति 40 साल के हैं। उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पीएचडी किया है। वो एक सॉफ्टवेयर फर्म के मालिक भी हैं। उनकी कंपनी डेटा प्रोसेसिंग का काम करती है।


# पुतिन 5वीं बार राष्ट्रपति बने, मोदी ने दी बधाई

-नाटो विवाद पर बोले, तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर

एजेंसी

**मॉस्को।** व्लादिमिर पुतिन लगातार 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बन गये हैं। 15-17 मार्च को हुई वोटिंग में पुतिन को 88% वोट मिले। उनके विरोधी निकोले खारितोनोव को 4% वोट मिले। व्लादिस्लाव दावानकोव और लियोनिद स्लटस्की तीसरे और चौथे नंबर पर रहे। पुतिन की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें सोशल मीडिया के जरिये बधाई दी। मोदी ने कहा कि इस चुनावी जीत पर बधाई। दोनों देशों की दोस्ती आजमाई हुई है। हम इसे और मजबूत करने के लिए काम करेंगे।

परिणाम घोषित होने के बाद पुतिन ने कहा कि अब रूस और भी ज्यादा ताकतवर और प्रभावशाली बनेगा। उन्होंने रूस-नाटो विवाद को लेकर भी चर्चा की। कहा कि अगर अमेरिकी नेतृत्व वाला सैन्य संगठन नाटो और रूस आमने-सामने हुए तो दुनिया तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर होगी। मुझे नहीं लगता की कोई भी ऐसा कुछ चाहेगा।



पुतिन पहली बार साल 2000 में रूस के राष्ट्रपति बने थे। वो 2008 तक इस पद पर रहे। 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति मेदवेदेव ने अपनी पार्टी से पुतिन को एक बार फिर प्रेसिडेंट कैंडिडेट के लिए नॉमिनेट करने को कहा। इसके बाद 2012 के चुनाव में पुतिन ने जीत हासिल की और वो सत्ता में लौट आए। तब से अब तक वो राष्ट्रपति पद पर हैं।

# अगस्ता हेलिकॉप्टर डील के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर डील के आरोपी क्रिश्चियन मिचेल जेम्स की जमानत याचिका खारिज कर दी। इस पर चीफ जस्टिस जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने सुनवाई की। पिटीशन में जेम्स ने जीवन के अधिकार (आर्टिकल 21) के तहत रिहाई की मांग की थी।

जेम्स ने ये भी दावा किया था कि वह जेल में 5 साल से ज्यादा वक्त गुजार चुका है। जेम्स ने ये भी कहा था कि इस मामले में जांच अभी भी खत्म नहीं हुई है और न ही अभी ट्रायल शुरू हुआ है। इस पर बेंच ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि आप आर्टिकल 32 के तहत याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? आर्टिकल 32 के प्रावधान है कि कोई भी व्यक्ति मौलिक अधिकारों के हनन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगा सकता है।






# हायर ने इनोवेटिंग इन इंडिया, फॉर इंडिया के 20 सालों का जश्न मनाया

अपने नए दृष्टिकोण मोर क्रिएशन्स, मोर पॉसिबिलिटीज का किया अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लगातार 15 सालों से नंबर 1 ग्लोबल मेजर अप्लायन्सेज ब्राण्ड हायर अप्लायन्सेज इंडिया ने भारत में अपनी स्थापना की 20वीं सालगिरह का जश्न मनाया। यह उपलब्धि उपभोक्ताओं के लिए इनोवेशन तथा मेक इन इंडिया एवं मेड फॉर इंडिया के लिए हायर की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस अवसर पर हायर इंडिया ने ओएलईडी और क्यूएलईडी टीवी, सुपर हैवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर सीरीज, किनॉची ब्लैक एयर कंडीशनर, वॉग एवं स्मार्ट कन्वर्टीबल रेफ्रीजरेटर्स, वॉशर और ड्रायर फ्रंट लोड मशीन, कमर्शियल रेफ्रीजरेशन सोल्युशन्स एवं कमर्शियल एयर कंडीशनर्स के लॉन्च के साथ अपनी प्रोडक्ट रेंज का विस्तार किया है। भारतीय घरों के लिए बनाए गए स्मार्ट प्रोडक्ट्स के माध्यम से उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए हायर इंडिया ने स्मार्ट इनोवेशन्स की रेंज का अनावरण भी किया है, जिसमें रोबो-वैक्यूम क्लीनर्स, स्मार्ट किचन अप्लायन्सेज, माइक्रोवेव, वॉटर हीटर आदि शामिल हैं।



हायर इंडिया की 20वीं सालगिरह के अवसर पर श्री एनएस सतीश, प्रेजीडेन्ट, हायर अप्लायन्सेज इंडिया ने कहा, आज का समय हायर इंडिया के लिए बेहद खास है, जब हम भारत में अपनी 20वीं सालगिरह का जश्न मना रहे हैं। हम इस उपलब्धि पर गर्व है, जो उपभोक्ताओं, साझेदारों एवं कर्मचारियों के साथ हमारे गहरे रिश्ते को दशार्ती है, जिन्होंने हमारी सफलता के हर कदम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस यात्रा के दौरान हम उपभोक्ता उन्मुख इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध तथा मेक इन इंडिया एवं मेड फॉर इंडिया के लिए समर्पित रहे हैं।

उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, इस अवसर पर अपनी धरोहर को आगे बढ़ाते हुए हमने अपने नए दृष्टिकोण मोर क्रिएशन्स, मोर पॉजिबिलिटीज का अनावरण भी किया है। यह दृष्टिकोण उपभोक्ताओं के जीवन को प्रभावी, आरामदायक एवं सुविधाजनक बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए हम उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने और उद्योग जगत में अपनी स्थिति को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं।











वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# लोकसभा चुनाव को लेकर कटक में जारी है तैयारी, 1364 बूथों पर नजर रखेंगे कैमरे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आने वाले साधारण चुनाव 2024 को स्वच्छ अनुशासन व निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए कटक जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी हैं और इस संबंध में कटक के जिलाधीश तथा जिला मुख्य चुनाव अधिकारी विनीत भरद्वाज ने पत्रकार सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। कटक में लोकसभा और जिले की 6 विधानसभा सीटों के लिए मई 25 तारीख को चुनाव होगा। आगामी साधारण चुनाव को स्वच्छ तथा अनुशासन के तहत संचालन करने के लिए कटक जिला प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू की गई है। चुनाव की तैयारी के संबंध में कटक के जिलाधीश तथा जिला मुख्य चुनाव अधिकारी विनीत भरद्वाज एक पत्रकार सम्मेलन के द्वारा विस्तृत जानकारी दी है । कटक लोकसभा के लिए तथा जिला के 6 विधानसभा क्षेत्र के लिए मई 25 तारीख को मतदान होगा। सालेपुर एवं माहांगा विधानसभा क्षेत्र केंद्रपड़ा लोकसभा आसान अधीन रहने के चलते तथा निआली विधानसभा क्षेत्र जगतसिंहपुर लोकसभा अधीन रहने के चलते उन तीन चुनाव क्षेत्र में जून 1 तारीख को मतदान होगा। यह जानकारी कटक के जिलाधीश श्री भारद्वाज ने इस मौके पर दी है। जिले में चुनाव संचालन के लिए 16 हजार 488 प्रेसिडिंग ऑफिसर और पुलिंग ऑफिसरों को तालीम दी जा रही है। जिले के 1364 अर्थात 60% बूथ में वेबकास्टिंग की जाएगी।









आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**